Investors may contact the Company Secretary or Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Issue related queries and for redressal of complaints, investors may also write to the BRLMs.

Continued on next page...

...continued from previous page.

AVAILABILITY OF THE RHP:

Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas**, Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them In the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

पब्लिक सुरक्षा के लिए एसडीएम ने लगाई 13 शर्तें

कलेक्टर ने तीन महीने पहले रद्द की थी एनओसी

पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द होने पर भी पेसो ने रिन्यू किए लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हलालपुरा और लालघाटी की दो लाख आबादी के लिए खतरा बनीं 15 पटाखा दुकान और गोदामों की एनओसी रद्द होने और पब्लिक के लिए खतरा घोषित करते हुए एसडीएम बैरागढ़ रवीश श्रीवास्तव ने 13 शर्तें लागू कर दी हैं। बावजूद इसके पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) पेसो ने पटाखा दुकानों के लाइसेंस रिन्यू कर दिए हैं। अफसरों का तर्क है कि जबलपुर हाईकोर्ट से स्टे होने की वजह से लाइसेंस रिन्यू किए गए हैं। इधर पटाखा कारोबारियों ने एनओसी रद्द करने को लेकर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका भी दाखिल कर दी है।

दरअसल, हाईकोर्ट ने पटाखा कारोबारियों को हलालपुरा में कारोबार करने को लेकर स्टे दिया है। जिसके बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पटाखा कारोबारियों की शिफ्टिंग को लेकर तीन महीने पहले एनओसी रद्द कर दी थी। एनओसी रद्द होने के बावजूद पेसा ने दुकानदारों का लाइसेंस रिन्यू कर दिया है। जिससे इस दीवाली पर भी कारोबार किया जा सकेगा।



हाईकोर्ट में 12 रिट पिटीशन पेंडिंग

वर्तमान में जबलपुर हाईकोर्ट में 12 रिट पिटीशन और आठ अवमानना प्रकरण लंबित है, जिसमें आदेश सुरक्षित रखा गया है। कोर्ट ने इस मामले में स्टे दिया है। स्टे हटने के बाद पटाखा बाजार को यहां से दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।



पंद्रह दुकानें होंगी शिफ्ट

एसडीएम ने पंद्रह पटाखा कारोबारियों को आदेश जारी किया है, जिसके तहत आरके पटाखा, महादेव फायर वर्क्स, राज फायर वर्क्स, अंबिका फायरवर्क्स, इंडियन फायर वर्क्स, जय दुर्गा पटाखा, ताज फायर वर्क, महालक्ष्मी फायरवर्क्स, एमपी फायरवर्क्स, दीपक फायर वर्क, जैन पटाखा, कालू पटाखा, मधुर फायरवर्क्स, सोनी पटाखा और नेशनल पटाखा के प्रोपराइटर को शर्तों का पालन करना पड़ेगा। स्टे हटने के बाद इन दुकानों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा।

13 शर्तों का पालन करना जरूरी

हाईकोर्ट का स्टे होने तक 13 शर्तों के साथ पटाखा बिक्री करने की अनुमति दी गई है। जिसके लिए आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए 13 शर्तों का पालन करना होगा। तहसीलदार की टीम जल्द ही यहां जाकर निरीक्षण करेगी।

रवीश श्रीवास्तव, एसडीएम बैरागढ़

चाय पीने आया था युवक, सीसीटीवी फुटेज दो दिन बाद वायरल

चाकू और लोहे के पाइप से बदमाशों ने युवक पर किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ताजुल मसाजिद की सीढ़ियों के सामने चाय की दुकान पर बैठे 25 वर्षीय आलिन पर बदमाशों ने चाकू, लोहे की पाइप और प्लास्टिक के डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना 18 अक्टूबर की रात की है। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। इसमें कुछ लोग आलिन पर हमला करते नजर आ रहे हैं। हमले में आलिन के हाथ-पैर, चेहरे और गर्दन पर चोटें आई हैं। पेट और पैर में चाकू से वार किए जाने का आरोप भी है। उसे गंभीर चोटें आने के बाद हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के दो दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने उमर उर्फ ट्रैक्टर, जैद और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश के चलते किया हमला

आलिन का दोस्त समीर उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचा था। समीर ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर की रात वह यादगार होटल के पास खड़ा था, तभी आलिन अपनी एक्टिवा से वहां पहुंचा और दोनों चाय पीने के लिए एलबीएस रोड स्थित कॉफी हाउस गए। आलिन काउंटर पर बात कर रहा था, तभी एक ऑटो से उमर उर्फ ट्रैक्टर, जैद और उनके अन्य साथी उतरे और उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लोहे की पाइप और प्लास्टिक के डंडों से आलिन के हाथ-पैर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। वहीं जैद ने चाकू से आलिन के बाएं पैर और पेट पर हमला किया।

कॉफी हाउस के कर्मचारियों से मांगी मदद, पर नहीं मिली, लोगों ने बचाया

दोस्त को बचाने की कोशिश में समीर के बाएं पैर और कूल्हे पर भी डंडे से वार किया गया। समीर का आरोप है कि कॉफी हाउस के कर्मचारियों से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने मदद नहीं की। बाद में आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर आलिन को बचाया। घटना के दो दिन बाद सीसीटीवी फुटेज सामने आने और एफआईआर में आरोपियों के नाम दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने पुरानी रंजिश की आशंका जताई है। पुलिस घटना का सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी को लेकर दबिश दे रही है।

इज्तिमा के दौरान एसडीएम और निगम अमला करेगा निगरानी

इज्तिमा स्थल के आसपास सड़क किनारे नहीं लगेंगी अस्थाई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के ईटखेड़ी के नजदीक स्थित घासीपुरा में आयोजित होने वाले चार दिनी 77वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इस बार 4 दिसंबर शुक्रवार से इज्तिमा का आगाज होगा। जबकि 7 दिसंबर को सामुहिक दुआ के साथ समापन किया जाएगा, जिसको देखते हुए इज्तिमागाह सहित आसपास की सड़कों के किनारे अस्थाई दुकानें लगाने पर रोक लगाई गई है।

इज्तिमा का आगाज 4 दिसंबर से होगा

यहां पर दुकान लगाने से पहले हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया से परमिशन लेना पड़ेगी। बिना परमिशन के दुकान लगाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इज्तिमा स्थल के रास्तों और आसपास के क्षेत्रों की 50 मीटर की परिधि के तहत कोई भी अस्थायी दुकानें नहीं लगाई जाएंगी। दरअसल इज्तिमा में विभिन्न शहरों, प्रदेशों से मुस्लिम धर्मावलंबियो की जमातें शामिल होती हैं। भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के श्रद्धालुओं का रेल मार्ग और सड़क मार्ग से आयोजन स्थल पर आते हैं। जिसको देखते हुए इज्तिमा की प्रबंधन कमेटी ने इज्तिमा स्थल की ओर जाने वाले रास्ते और आसपास अस्थायी दुकानें लगाए जाने से ट्रैफिक जाम के हालात बनने की जानकारी दी थी। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। इज्तिमा के इंतजामिया कमेटी के मीडिया कोर्डिनेटर उमर हफीज का कहना है कि इज्तिमा स्थल पर काम शुरु कर दिया गया है। स्वयंसेवक यहां रोजाना काम को अंजाम दे रहे हैं।

एक हफ्ते में दुरुस्त होंगी सड़कें

इज्तिमा स्थल के आसपास की सड़कों को नगर निगम और पीडब्ल्यूडी एक हफ्ते में दुरुस्त करेगा, जिससे यहां आने वाले मेहमानों को दिक्कत न हो। बैरसिया रोड पर लगे मेट्रो की बेरिकेडिंग भी हटाई जाएगी।

तीन माह से वेतन, 5 महीने से नहीं मिला स्टाइपेंड

जेपी अस्पताल में आज से तीन डॉक्टर करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में पदस्थ तीन डॉक्टर बुधवार से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। भूख हड़ताल करने वाले डॉक्टरों का आरोप है कि महीनों से वेतन और स्टाइपेंड का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बिना कारण बताए भुगतान रोकने और विभागीय नियमों का पालन नहीं करने से नाराज डॉक्टरों ने आंदोलन का फैसला लिया है। डीएनबी फैमिली मेडिसिन के थर्ड ईयर के छात्र डॉ. शुभम कश्यप ने बताया कि उनका पांच महीने का स्टाइपेंड रोक दिया गया है। इसके अलावा पिछले तीन साल में स्टाइपेंड में की गई बढ़ोतरी का एरियर भी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि स्टाइपेंड रोकने का कारण पूछने पर भी उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

नियमों की अनदेखी

जेपी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष ने बताया कि उनका भी तीन महीने का वेतन रोक दिया गया है। उनका आरोप है कि वेतन रोकने विभागीय नियमों का पालन नहीं किया गया। वहीं पीजीएमओ (ऑथोर्पेडिक्स) डॉ. रविंद्र पाल ने कहा कि यहां नियमों की अवहेलना हो रही है। उनका वेतन भी करीब तीन महीने से नहीं निकाला गया है।

प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प

आजीवन निरोगी रहने के तीन मंत्र...उपवास, पेट की सफाई और नींदः डॉ. टेवानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में आयोजित दस दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन अनुभव समारोह के साथ हुआ।

समारोह में विभिन्न शहरों से आए शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग, ध्यान, प्राकृतिक आहार और नियमित दिनचर्या से उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याओं में राहत मिली। इंदौर से आईं दीपमाला ने बताया कि शिविर के दौरान उन्हें थायराइड की समस्या में आराम महसूस हुआ और उनका ढाई किलो वजन भी कम हुआ। दिल्ली की हुसैन जहां ने मधुमेह और रक्तचाप की समस्या में राहत की बात कही, जबकि गुरुग्राम की पूनम को माइग्रेन और शारीरिक दर्द में आराम मिला। इंदौर के जगदीश ने डिप्रेशन, दिल्ली के विजय ने बीपी, सिवनी के दिलीप ने रीढ़ के दर्द और हैदराबाद की गीतांजलि ने घुटनों के दर्द में राहत का अनुभव साझा किया। अन्य शिविरार्थियों ने भी अर्थराइटिस, साइनस, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और शरीर के विभिन्न दर्दों में लाभ महसूस करने की बात कही। साधकों ने बताया कि शिविर में उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या और बेहतर जीवनशैली अपनाने की सीख मिली। बिलासपुर के रामायण प्रसाद मिश्रा ने प्राकृतिक चिकित्सा के संदेश को अन्य लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। डॉ. टेवानी ने बताया कि आजीवन निरोगी रहने के तीन मंत्रः उपवास, पेट की सफाई और नींद है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, प्राकृतिक चिकित्सा और संतुलित दिनचर्या हैं। उन्होंने शिविरार्थियों से यहां सीखी गई बातों को दूसरों तक पहुंचाने का आग्रह किया। अंत में डॉ. लता टेवानी ने आभार व्यक्त किया और शिविर का समापन किया।

सुंदरवन गरबा ग्राउंड पर छाया जबरदस्त उत्साह, हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद

सिंधी और बॉलीवुड के गरबा स्पेशल गीतों पर थिरके पार्टिसिपेंट्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सांस्कृतिक सिंधी गरबे का समापन पर सुंदरवन में ऐसी भीड़ उमड़ी, मानो भोपाल के सिंधी समाज के लोग इस सिंधी गरबे के उत्साह को मिस नहीं करना चाह रहे हो, अंतिम दिन को लेकर लोगों में इतना उत्साह था कि गरबा सर्कल फुल होने के कारण गरबा प्रेमियों को जहां जगह मिली वहाँ अपने ग्रुप के साथ ताल से ताल मिलाते दिखाई दे रहे थे। अंतिम दिन होने के कारण गरबा ग्राउंड में सिंधी समाज के हजारों लोग ने गरबा खेला और सिंधी सोंग्स और बॉलीवुड के गरबा स्पेशल गीतों पर डांस कर खूब एंजॉय किया।



ताल से ताल मिलाते दिखाई दे रहे थे लोग

सांस्कृतिक गरबे के अंतिम दिन ऐसी झलक देखने को मिल रही थी मानो सिंधी सांस्कृतिक का पूरा प्रतिबिंम्ब एक ही आंगन में उतर आया हो, किसी ने भगवान झूलेलाल का अवतार धारण किया था, तो किसी ने माँ दुर्गा की आराधना का मुकुट धारण कर उपासना करता हुआ दिखाई दे रहा था। देर रात मंच से जब डीजे की धुन पर फ्री राउंड की घोषणा हुई, तो युवाओं का उत्साह देखने लायक था। इस दौरान सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी महासचिव नरेश तलरेजा ने अंत में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी प्रायोजकों, मीडिया सहयोगियों और दिन-रात मेहनत करने वाले मेला समिति के सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



भोपाल
बुधवार, 21 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 13, अंक : 201
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जला बुराई का प्रतीक रावण





पीएम मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन मैदान में रावण दहन किया

पीएम मोदी ने तीर चलाकर रावण दहन कर कहा

दशहरा भारत की प्राण ऊर्जा... राम के आदर्शों से 'विकसित भारत' की प्रेरणा लें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नरेंद्र मोदी

- देश के दुश्मनों के साथ मिलकर लड़ना होगा
- देश के मान-सम्मान को चोट पहुंचाने वाली ताकतें देश की दुश्मन
- समाज को बांटने वाले और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाले लोगों के खिलाफ एकजुट होना होगा

पीएम नरेंद्र मोदी दशहरे के मौके पर मंगलवार को दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन मैदान में आयोजित रामलीला में शामिल हुए। उन्होंने रामलीला के कलाकारों की आरती उतारी और प्रतीकात्मक तीर चलाकर रावण दहन किया। उन्होंने कहा कि विजयदशमी विजय का पर्व है, जीत का पर्व है। यह हमें साहस देता है कि शत्रु कितना भी बड़ा हो लेकिन सच्चाई और मानवता से जीत हमारी होता है। मोदी ने कहा कि हमारे सामने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य है। इसके लिए भगवान राम से भी प्रेरणा लेनी है। पीएम ने कहा कि हमें गरीब वंचित की सेवा को सर्वोपरि करना है। श्रीराम के जीवन के ▶▶शेष पेज 8 पर ▶▶पढ़ें पेज 06 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

टाइगर पर हमले के बाद सलमान ने लिया 'ब्रेक'

मुंबई। मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद सोशल मीडिया और कई



मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से सलमान खान ने 'बिग बॉस 20' से ब्रेक ले लिया है। उनकी जगह अब रोहित शेट्टी बिग बॉस में वीकेंड का वार होस्ट करेंगे। हमले के बाद सलमान को मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर देखा गया।

श्रद्धालुओं का वाहन पेड़ से टकराया, 20 घायल

सीहोर। जिले के सलकनपुर धाम में माता के दर्शन कर शिप्रा क्षेत्र लौट रहे श्रद्धालुओं का लोडिंग



वाहन मंगलवार दोपहर भोपाल-इंदौर हाईवे पर नेवरी फाटा के पास हादसे का शिकार हो गया। अनियंत्रित वाहन एक के बाद पेड़ों से टकराने के बाद सड़क किनारे उतर गया। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

दलेर के बचाव में उतरे मीका बोले- शराब पीते नहीं देखा

नई दिल्ली। गायक दलेर मेहंदी पर शराब पीकर प्रस्तुति देने के आरोपों के बीच उनके भाई मीका



सिंह ने उनका बचाव किया है। मीका ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने 30 साल के करियर में दलेर को कभी शराब पीते नहीं देखा। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि किसी ने दलेर को शराब पीते देखा हो तो वह बता दे। हाल ही में बड़ी सर्जरी हुई है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया अस्त्र-शस्त्रों का पूजन

शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति में शौर्य व कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक

महत्वपूर्ण घोषणाएं की

- अगले वर्ष जनवरी-फरवरी में मप्र लोक सेवा आयोग विशेष परीक्षा आयोजित करेगा
- प्रदेश के प्रत्येक जिले में पुलिस बल का होगा अपना बैंड
- पुलिस विभाग में 18,500 पदों पर भर्ती होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुलिस विभाग में 18,500 पदों पर भर्ती का निर्णय लिया गया है। विभिन्न विभागों में कुल 85 हजार पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। युवाओं के लिए अगले वर्ष जनवरी-फरवरी में मप्र लोक सेवा आयोग की विशेष परीक्षा आयोजित होगी। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त भी शासन और प्रशासन के लिए गौरव तथा उत्साह के अवसर हैं। इन पर्वों पर परेड की गरिमा बढ़ाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले और पुलिस बल में पुलिस बैंड की व्यवस्था विकसित करने की दिशा में ▶▶शेष पेज 8 पर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव अस्त्र-शस्त्रों की पूजा करते हुए



साथ में पुलिसकर्मी

पुलिस सेतु एप और 51 दो पहिया वाहनों के संचालन का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने पुलिस सेतु एप का शुभारंभ भी किया। जिसके माध्यम से लोग अपने स्थान के आधार पर संबंधित पुलिस थाने और ड्यूटी अधिकारियों की जानकारी प्राप्त कर उनसे सीधे संपर्क कर सकेंगे। इसके साथ ही होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से आइडियल ट्रैफिक सेफ सिटी परियोजना के तहत इंदौर पुलिस को उपलब्ध कराए गए 51 वाहनों को मुख्यमंत्री ने फ्लैग ऑफ किया। ▶▶पढ़ें पेज 09 भी

नागपुर में संघ के विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ. भागवत बोले

भारत, हिंदू समाज और संघ को तोड़ने पश्चिम से आसुरी आंधी चली

रिजीम चेंज से नहीं बदलते हालात हम जब भी बंटे हैं, तब कमजोर हुए



डॉ. मोहन भागवत

संघ प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुनिया में अराजकता फैलाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाली आसुरी ताकतें भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं

> भारत के समाज का पुरुषार्थ सुदृढ़ नीतियां, नेतृत्व, देशाभिमान तथा विश्व के प्रति अपने दायित्व के बोध की जागृति के कारण सभी क्षेत्रों में यशस्वी हो रहा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर के रेशिमबाग मैदान में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पारंपरिक विजयादशमी उत्सव के अवसर पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित करते हुए एक ओर जहां भारत की बढ़ती वैश्विक साख की सराहना की, वहीं दूसरी ओर देश को अस्थिर करने में जुटी वैश्विक और आंतरिक ताकतों को लेकर गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रिजीम चेंज से हालात नहीं बदलते हैं। हम जब भी बंटे हैं, तब कमजोर हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुनिया में अराजकता फैलाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाली आसुरी ताकतें भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं। डॉ. भागवत ने कहा ▶▶शेष पेज 8 पर

आंदोलन संवैधानिक दायरे, शांति और भाईचारे की सीमा के भीतर ही होने चाहिए



आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत शस्त्र पूजन करते हुए

हर समस्या का समाधान सरकार या आंदोलनों से नहीं, बल्कि संवाद और सक्रियता से ही संभव

भारत ने शक्ति तथा सुनीति से विश्व में अपना ताकतवर स्थान बनाया

आसुरी ताकतों के खेल बंद होंगे

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की इस प्रकार की प्रगति के कारण विश्व के राष्ट्रों में अराजकता खड़ी कर अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए सहायक हो सकने वाले अपने पिट्ठुओं को वहां स्थापित करने का षडयंत्र करने वाली ताकतों के खेल बंद होंगे। इस वस्तुस्थिति को ये आसुरी ताकतें जानती है। इसलिए भारत ही उसका निर्णायक व सबसे बलवान प्रतिस्पर्धी और अंतिम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। ये आसुरी शक्तियां भारत, हिंदू व संघ को किस प्रकार तोड़ सकते हैं, इस का विचार कर योजना बनाकर वे कार्य करती हैं। उन्हीं की प्रकृति के कुछ लोग इसमें ▶▶शेष पेज 8 पर

आंदोलन दूसरे लक्ष्य से चले तो बन जाता है राजनीति का साधन

कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों की इशारा करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि अपने इतने बड़े समाज में समस्याएं तो है। व्यवस्था की कमियां भी ढेर सारी होगीं। उनके चलते आंदोलनों का होना भी स्वाभाविक ही है। परंतु आंदोलन समाधान देने के लिए होने चाहिए। संघ प्रमुख ने अपील करते हुए कहा कि आंदोलन करने वाला समाज का कोई समूह हो, शांति व सुव्यवस्था कायम रखने के लिए कार्यवाही करने वाला शासन-प्रशासन या राजनीतिक नेतागण हो, यह ध्यान रखना चाहिए कि अपने एक अखंड समाज में हमारी करनी के कारण किसी प्रकार की अनबन, द्वेष, त्वेष, मलाल या विभाजन पैदा नहीं होना चाहिए। भावनाएं तीव्र होने पर भी हमारे ▶▶शेष पेज 8 पर



दिग्विजय सिंह महाकालेश्वर के गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए

बाबा महाकाल का दर्शन-पूजन कर

दिग्विजय सिंह ने उज्जैन से शुरू की 'सनातन स्वाभिमान यात्रा'

> *70 दिन में 950 किमी चलकर अयोध्या पहुंचेंगे*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने धर्मनगरी उज्जैन स्थित विश्वप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर अपनी सनातन स्वाभिमान यात्रा का शंखनाद किया। मंदिर परिसर में पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच दिग्विजय ने देश व प्रदेश की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने यात्रा के ध्वज के साथ पदयात्रा की शुरुआत की, जिसमें बड़ी संख्या में ▶▶शेष पेज 8 पर

हर्षा रिछारिया ने यात्रा पर उठाए सवाल

बोलीं- चुनाव नजदीक आते ही क्यों आई राम की याद

मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा पर सवाल उठाए हैं।



हर्षा रिछारिया

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के समय वैसा उत्साह नहीं दिखा, जैसा अब मंदिर के चंदे को लेकर सवाल उठाने में नजर आ रहा है। हर्षा ने पूछा कि चुनाव नजदीक ▶▶शेष पेज 8 पर

दमोह के जमुनिया गांव की घटना

मां ने तीन बच्चों को कुए में धकेला, फिर खुद भी कूदी



महिला समेत तीन की मौत 5 साल की बेटी को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जमुनिया गांव में मंगलवार सुबह एक महिला ने अपने तीन बच्चों को कुए में धकेल दिया और फिर खुद भी उसमें कूद गई। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि पांच साल की बेटी आरुषि को ग्रामीणों ने बचा लिया। बच्ची ने बताया कि मां ने पहले तीनों बच्चों को कुए में धकेला था। सुबह प्रभात फेरी के लिए निकले ग्रामीणों ने कुए से आरुषि के ▶▶शेष पेज 8 पर

विश्नोई ने विवाद बढ़ते ही हटाई पोस्ट

लिखा- दशहरे पर जबलपुर से 'राम' का हरण हो गया



रामप्रकाश अहिरवार के भोपाल तबादले पर की टिप्पणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के भोपाल तबादले पर पाटन से भाजपा विधायक अजय विश्नोई ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि 'दशहरे के दिन जबलपुर से राम का हरण हो गया।' उनकी इस पोस्ट को अहिरवार के तबादले से जोड़कर देखा गया। टिप्पणी पर कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति जताई। विवाद बढ़ने के बाद विधायक ने पोस्ट हटा ▶▶शेष पेज 8 पर

जिम्बाब्वे को 92 रन से हराया

हरमनप्रीत और शेफाली की रिकॉर्ड पारी से भारत ने किया क्लीन स्वीप



हरमनप्रीत ने नाबाद 91 और शेफाली ने बनाए 69 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 216 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी।भारत की ओर से शेफाली वर्मा ने 37 गेंदों में 69 रन ▶▶शेष पेज 8 पर

शिवा शर्मा की मौत के मामले में एसटीएफ को मिली सफलता

11 दिन से चल रही थी फरार

मॉडल श्रद्धा दुबे नागपुर से गिरफ्तार बहन-चालक दानिश भी हिरासत में

आरोपियों पर 50-50 हजार का था इनाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



शिवा शर्मा (मृतक)

कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार चल रही मॉडल श्रद्धा दुबे को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी बहन रश्मि दुबे और चालक दानिश को भी हिरासत में लिया है। तीनों को लखनऊ लाकर पूछताछ की जाएगी। आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक 9 अक्टूबर को हजरतगंज थाने में रंजना शर्मा की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। शिवा शर्मा की मौत के बाद से ही श्रद्धा, उसकी बहन ▶▶शेष पेज 8 पर



बहन रश्मि दुबे, मॉडल श्रद्धा दुबे और चालक दानिश पुलिस की गिरफ्त में

पैरा एशियन गेम्सः भारत ने दूसरे दिन जीते 24 पदक

भारत के खाते में कुल 35 पदक, जिनमें 9 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक

निषाद कुमार ने रिकॉर्ड के साथ जीता दूसरा गोल्ड डिस्कस थ्रो में भारतीय खिलाड़ियों का क्लीन स्वीप

प्रणव सूरमा और राम रतन ने जीते स्वर्ण-रजत, दीप्ति और सिमरन भी चमकीं



निषाद कुमार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एशियाई पैरा गेम्स 2026 में दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में 24 पदक अपने नाम किए। एथलेटिक्स, पैरा टेबल टेनिस, निशानेबाजी, पावरलिफ्टिंग और तैराकी में भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीतकर देश की पदक तालिका को मजबूत किया। दिन की प्रमुख उपलब्धियों में पुरुषों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों का क्लीन स्वीप, निषाद कुमार का गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक और प्रणव सूरमा तथा राम रतन सिंह का स्वर्ण-रजत प्रदर्शन शामिल रहा। महिलाओं की स्पर्धाओं में दीप्ति जीवनजी और सिमरन ने भी स्वर्ण पदक जीतकर भारत की सफलता में योगदान दिया। दूसरे दिन के बाद भारत के खाते में कुल 35 पदक हो गए हैं, जिनमें 9 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक शामिल हैं। देवेंद्र कुमार ने 49.71 मीटर ▶▶शेष पेज 8 पर



प्रणव सूरमा और सिमरन

शॉट पुट में होकाटो सेमा को कांस्य

पुरुषों की शॉट पुट एफ56/एफ57 स्पर्धा में भारत के होकाटो होतोझे सेमा ने 14.65 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए 999 रजा अंक हासिल किए और कांस्य पदक जीता।


टीटी नगर दशहरा मैदान में जलते रावण मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले।

राम ने रखा शौर्य और पराक्रम के साथ सत्य का सम्मान

शहर में देर रात तक राजधानी में 700 से अधिक जगहों पर हुआ रावण दहन

मैं जल रहा हूं... अपने मन से मुझे नहीं, बुराई का दहन करो


छोला दशहरा मैदान में हिन्दू उत्सव समिति का रावण दहन देखने के लिए हजारों लोग जुटे।

राजधानी में मंगलवार को दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राजधानी के छोला दशहरा मैदान, भेल, कोलार अवधपुरी समेत कई जगह राम-रावण युद्ध के बाद बुराई का प्रतीक माने जाने वाले रावण के पुतले का दहन किया गया।


छोला दशहरा मैदान में धू-धूकर जलता रावण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को शहर के 30 से अधिक बड़े व छोटे सहित करीब 700 स्थानों पर दशहरा उत्सव मनाया गया। वहीं छोटी कालोनियों में भी समीतियों ने रावण दहन किया। सभी जगह दशहरा उत्सव के दौरान राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया, जहां अच्छाई रूपी राम के द्वारा बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाद और कुंभकरण का वध किया गया। जंबूरी मैदान भेल पर भोजपाल दशहरा महोत्सव में शहर के सबसे बड़े 111 फीट ऊंचे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन देखने हजारों की संख्या में लोग जुटे। शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विशिष्ट अतिथि महापौर मालती राय, मेला समिति अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी और महामंत्री हरीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की पहल के तहत पारंपरिक पटाखों के स्थान पर डिजिटल आतिशबाजी और आकर्षक फायर शो का आयोजन किया गया।

हेमंत बृजवासी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु: सांस्कृतिक संध्या में भजन गायक हेमंत बृजवासी ने अपनी सुमधुर आवाज से समां बांध दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भजनों और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा मंच पर रामलीला का सजीव मंचन भी किया गया।

छोला दशहरा मैदान आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन : छोला दशहरा मैदान में हिन्दू उत्सव समिति की ओर से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात 10 बजे आतिशबाजी के साथ रावण का दहन हुआ ।

जंबूरी मैदान में जय श्रीराम जयघोष के साथ हुआ 111 फीट ऊंचे रावण का दहन





एकतापुरी सेमरा दशहरा मैदान में जलाया 101 फीट का रावण



मातृछाया दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति ने इस बार भी विजयदशमी का पर्व पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। एकतापुरी सेमरा दशहरा मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में 101 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन, आकर्षक आतिशबाजी, भगवान राम की मनोरम झांकी और देवी जागरण ने सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन ने लगातार 12वें वर्ष अपनी सफलता का परचम लहराया।

मातृछाया समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष दशहरा महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दशहरा पर्व की महत्ता और मातृछाया समिति के योगदान की सराहना की। समारोह में भोपाल की महापौर मालती राय भी शामिल हुईं, जिन्होंने आयोजन की भव्यता को देखकर समिति के प्रयासों की प्रशंसा की।



राम की झांकी और रावण दहन का आकर्षण

हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान राम की मनोरम झांकी शाम 7:30 बजे से निकाली गई, जिसने उपस्थित हजारों लोगों का ध्यान खींचा। रावण के विशाल 101 फीट के पुतले का दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया गया, जिसे देखने के लिए करीब 4 से 5 हजार लोग एकत्र हुए। इसके साथ ही देवी जागरण का आयोजन भी हुआ, जिसने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माहौल को और गहरा किया। समिति के सदस्यों प्रमोद ठाकुर, , प्रदीप बिरोका, नितिन पाठक, वरुण ठाकुर, अमित शर्मा, अतुल सक्सेना, रंजीत ठाकुर, मनोज मिश्रा, हिमांशु चौहान,अमित यादव आदि मौजूद थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रहे विशिष्ट अतिथि

सलैया के दशहरा मैदान में हुआ विशाल रावण दहन

श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को सलैया, दशहरा मैदान में ऐतिहासिक और भव्य विजयदशमी पर्व एवं विशाल रावण दहन समारोह का आयोजन किया गया। यह समिति के आयोजन का पांचवा वर्ष है। इस कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य अतिथि एवं समिति संरक्षक हुजूर के विधायक रामेश्वर शर्मा एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, एलएनसीटी ग्रुप के संचालक एवं समिति के संरक्षक अनुपम चौकसे अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार एवं उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में बॉलीवुड की प्रसिद्ध फिल्म 'फुकरे' के लोकप्रिय कलाकार वरुण शर्मा ने अपनी शानदार उपस्थिति । वहीं, 'इंडियन आइडल' के प्रतिभावान गायक दिवाकर ने अपने जादुई गीतों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त, 'इंडियाज गॉट टैलेंट' की क्रेजी हॉपर्स टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक और नृत्य कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

डिजिटल आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र

समारोह में हनुमान जी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में लगभग 25 से 30 हजार की विशाल जनसंख्या ने उपस्थित होकर विजयदशमी पर्व का आनंद लिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पश्चात, आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए भव्य आतिशबाजी की गई और उसके बाद दिव्य रूप में विशाल रावण दहन संपन्न हुआ। आयोजन में समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे, सचिव रामेश्वर पाटीदार, सह सचिव राज शर्मा, कोषाध्यक्ष सौरभ चौधरी, गमलेश पाटीदार, कुणाल भारद्वाज, नीलेश पांडे, नरेश पाटीदार, मनोहर पाटीदार, कृष्णकांत पाटीदार, चेतन पाटीदार, दिनेश पाटीदार आदि मौजूद रहे।



बिट्टन मार्केट में जला 60 फीट का रावण

बिट्टन मार्केट दशहरा उत्सव द्वारा विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन किया गया। श्रीराम द्वारा रावण का दहन सायं 7 बजे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने किया। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी की गई, जो मौजूद लोगों के लिए यह आकर्षण का केन्द्र बनी रही ।

रावण के साथ व्यसनों का भी अंत 95 साल की रतन बेन बनीं शबरी

विजयादशमी के पावन पर्व पर श्री गुजराती समाज द्वारा अंतरमन की बुराइयों के विनाश, सद्भावना और नशामुक्त जीवन का अनूठा संदेश दिया गया। 12 से 90 वर्ष तक के 2000 से अधिक सदस्यों ने आजीवन नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प लिया। समाज के अध्यक्ष संजय भाई पटेल ने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण भक्तिमय नाटक 'शबरी के राम आएंगे' रहा। इसमें समाज की 95 साल की वरिष्ठ मातृशक्ति रतन बेन पूंजा भाई पटेल ने माता शबरी के रूप में भावपूर्ण और जीवंत अभिनय कर पंडाल में उपस्थित हर व्यक्ति को भावविभोर कर दिया।



गायत्री शक्तिपीठ में शाम को नशासुर का दहन

राजधानी के एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं ने व्यसन रूपी असुर नशासुर के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर मप्र युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह-समन्वयक डॉ दयानंद समेले ने कहा कि वर्तमान समय में व्यसन एक बड़े असुर के रूप में युवा पीढ़ी को घेरकर कमजोर बना रहे हैं।

शहर में निकलीं श्रीराम की 15 से अधिक शोभायात्राएं

रथ में विराजे राम-हनुमान, सीता भी अशोक वाटिका में बैठी नजर आईं, रावण-मेघनाद ने भी खींचा ध्यान


चल समारोह में अशोक वाटिका का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया था, जिसमें मां सीता भगवान श्रीराम के इंतजार में बैठी दिखाई दे रही थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विजय दशमी के अवसर पर मंगलवार को असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन से पहले शहर में 15 से अधिक समितियों ने भगवान राम की शोभायात्राएं निकालीं। सबसे बड़ा चल समारोह पुराना शहर के मारवाड़ी रोड स्थित बांके बिहारी मंदिर से हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में हुआ। यहां पर समिति के पदधिकारियों ने भगवान राम का तिलक कर शुभारंभ किया।


चल समारोह में अट्टहास करता रावण।


पुराने शहर में निकाले गए चल समारोह में बग्घी में विराजे राम, लक्ष्मण व हनुमान।

जयश्री राम के लगे जयघोष

यह शाम 4 बजे शुरू होकर करीब 6 किमी का सफर तय कर रात 9 बजे छोला विजय भूमि पहुंचा। पुराना शहर के मारवाड़ी रोड से निकली यात्रा सुभाष चौक में रथ में विराजमान भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान जी श्रद्धालुओं के मनमोहक केंद्र रहे। इसी रथ के आगे पुलिस बैंड और भक्ति गीतों के साथ पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयघोष किए।


चल समारोह में मेघनाद व कुंभकर्ण भी शामिल थे।



समारोह में लड़कियों ने भी ने दिखाए करतब

चल समारोह में सबसे आगे शहर के लगभग डेढ़ दर्जन अखाड़े कतारबद्ध प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे । प्रमुख अखाड़ों में राम बजरंग अखाड़ा-बरखेड़ी, लवकुश अखाड़ा-टीला जमालपुरा, खेड़ापति हनुमान अखाड़ा, श्रीकृष्ण अर्जुन अखाड़ा-बरखेड़ी, मुकुटबन्द महाराणा प्रताप अखाड़ा-इब्राहिमपुरा, श्रीपवनपुत्र हनुमान अखाड़ा-छोला नाका सहित लगभग डेढ़ दर्जन अखाड़े शानदार करतब करते हुए चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। इसकी खास बात यह थी कि अखाड़े में लड़कियों ने भी शस्त्र प्रदर्शन किया। स्वागत मंच पर उनके प्रदर्शन को देखकर उन्हें शील्ड देकर पुरस्कृत भी किया गया ।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

दशानन का दंभ राख...



भोपाल। विजयादशमी पर टीटी नगर स्थित नागरिक कल्याण समिति दशहरा मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर गुफ़ा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज मुख्य अतिथि रहे। यहां आतिशबाजी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ, जिसे देखकर लोग खुश हो गए।

नगर निगम की गाइडलाइन कागजों में सिमटी, घाट पर न एंबुलेंस न फायर ब्रिगेड

खटलापुरा घाट पर 1 गोताखोर, 1 पुलिस वाले के भरोसे करीब 700 प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिर्फ दो महिला वॉलेंटियर संभाल रही थी महिलाओं व पुरुषों की भीड़

नगर निगम के अधिकारियों ने नहीं ली सुध, हजारों की जिंदगी दांव पर

सैकड़ों प्रतिमाओं का विसर्जन, हजारों लोगों की आवाजाही और सुरक्षा के नाम पर महज एक गोताखोर। शहर के खटलापुरा घाट पर नगर निगम के सुरक्षित विसर्जन के दावे हकीकत के उलट नजर आए। घाट पर न एम्बुलेंस दिखाई दी, न फायर ब्रिगेड और न ही पर्याप्त सुरक्षा बल। एक पुलिसकर्मी, दो महिला वॉलेंटियर और एक गोताखोर के भरोसे करीब 700 प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा।

अगर इस दौरान कोई हादसा हो जाता, तो लोगों की जान पर बन आती। निगम ने विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम,गाइडलाइन का पालन कराने के दावे किए थे, लेकिन खटलापुरा घाट की स्थिति ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां व्यवस्थाएं चौपट थी।



खटलापुरा घाट पर प्रतिमा विसर्जन करते श्रद्धालु व नगर निगम का अमला।

गाइडलाइन जारी, लेकिन जरूरी सुविधाएं नदारद

नगर निगम ने विसर्जन को सुरक्षित बनाने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। इसमें सुरक्षा और बचाव के इंतजामों पर जोर दिया गया था, लेकिन खटलापुरा घाट पर जरूरी सुविधाएं नदारद रहीं। न फायर ब्रिगेड तैनात थी और न एम्बुलेंस मौजूद थी। ऐसे में आपात स्थिति में घायलों को तत्काल सहायता देने की व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए। लोगों की सुरक्षा सबसे अहम थी, लेकिन घाट पर सीमित अमले के भरोसे पूरी व्यवस्था चलती रही। सैकड़ों प्रतिमाओं के विसर्जन और देर रात तक जारी गतिविधियों के बावजूद जरूरी बचाव सुविधाएं नजर नहीं आईं।

घाट पर एक गोताखोर के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था

खटलापुरा घाट पर सुबह 8 बजे से विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद लगातार प्रतिमाएं पहुंचती रहीं, लेकिन बचाव की जिम्मेदारी एक ही गोताखोर के पास रही। लंबे समय तक लगातार इयूटी और बढ़ती भीड़ के बीच एक गोताखोर के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था चलती रही। यदि एक साथ लोगों को मदद की जरूरत पड़ती, तो बचाव दल के लिए स्थिति संभालना मुश्किल हो सकता था।

कुंड में 400 प्रतिमाएं विसर्जित, बड़ी प्रतिमाओं का सिलसिला रात तक चला

घाट के कुंड में करीब 400 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं, बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से तालाब में विसर्जित किया गया। इनकी संख्या करीब 290 रही और विसर्जन का सिलसिला रात तक चलता रहा। इतनी बड़ी संख्या में प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नजर नहीं आए। घाट पर एक पुलिसकर्मी और दो महिला वॉलेंटियर ही व्यवस्था संभालते रहे।

दुर्गा विसर्जन में लगाई शिक्षकों की ड्यूटी अब संभालेंगे खटलापुरा घाट पर व्यवस्था

डीईओ कार्यालय ने 23 तक 16 शिक्षकों को किया तैनात

राजधानी के शिक्षक अब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान घाट पर व्यवस्था संभालेंगे। इसके लिए विभाग द्वारा 16 शिक्षको को तैनात किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने इसको लेकर आदेश जारी कर 20 से 23 अक्टूबर तक खटलापुरा घाट पर इन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। उन्हें निर्धारित तारीख पर शाम चार बजे से रात 12 बजे तक उपस्थित रहना होगा। आदेश के अनुसार, विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। ड्यूटी में प्राचार्य, उपप्राचार्य और माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों को शामिल किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार, 20 से 23 अक्टूबर तक प्रतिदिन चार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी को शाम चार बजे से रात 12 बजे तक खटलापुरा घाट पर उपस्थित रहना होगा। घाट प्रभारी को रिपोर्ट करना भी अनिवार्य किया गया है।

ड्यूटी लगाई है

व्यवस्था को देखते हुए शिक्षकों-प्राचार्य की ड्यूटी लगाई गई है। हालांकि स्कूल के निर्धारित समय के बाद यह ड्यूटी लगी है, ऐसे में शैक्षणिक कार्य प्रभावित नहीं होगा।

अभिनव आर्य जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

आज रात 8 बजे से निकलेगा झांकियों का चल समारोह

दुर्गा प्रतिमा विसर्जनः भोपाल में 2 दिन ट्रैफिक डायवर्ट, घर से निकलने से पहले देख लें रूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और झांकियों के चल समारोह के चलते राजधानी में बुधवार और गुरुवार को यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। बुधवार सुबह 9 बजे से प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ़ और हथाईखेड़ा डैम पर प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होगा। वहीं, रात 8 बजे से झांकियों का चल समारोह निकलेगा। इसके चलते पुराने शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। ऐसे में वाहन चालकों को घर से निकलने से पहले बदले हुए मार्गों की जानकारी जरूर लेनी चाहिए, ताकि जाम में फंसने और रास्ता बदलने की परेशानी से बचा जा सके।

यातायात पुलिस के अनुसार, 21 अक्टूबर सुबह 8 बजे से चल समारोह समाप्त होने तक यानी 22 अक्टूबर सुबह करीब 8 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, शाम 5 बजे से भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड और भोपाल टॉकीज के बीच सिटी बस, मैजिक और चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।



फाइल फोटो

इन प्रमुख रास्तों पर रहेगी परेशानी

भारत टॉकीज से नादरा बस स्टैंड तक प्रतिबंध

बुधवार शाम 5 बजे से भारत टॉकीज चौराहा, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड और भोपाल टॉकीज के बीच सिटी बस, मैजिक और चार पहिया वाहन नहीं चल सकेंगे। प्रतिमाओं और झांकियों के कतारबद्ध होने के कारण भोपाल टॉकीज, सपना लॉज और अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर भी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मंगलवारा, इतवारा और जुमेराती की ओर जाने से बचें वाहन चालक

शाम 6 बजे से मंगलवारा थाना तिराहा, दयानंद चौक, जुमेराती पानी की टंकी तिराहा और पुरानी सब्जी मंडी की ओर से घोड़ा नक्कास तथा बस स्टैंड की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। चल समारोह का अगला हिस्सा मंगलवारा पहुंचने पर सेंट्रल लाइब्रेरी, छावनी रोड और बुधवारा से इतवारा की ओर आवाजाही भी बंद रहेगी। जुलूस जुमेराती पहुंचने पर रॉयल मार्केट से पीरगेट की ओर जाने वाले वाहनों को रोका जाएगा। वहीं, जुलूस के रेतघाट पहुंचने पर करबला से रेतघाट और पॉलिटेक्निक से कमला पार्क की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

भोपाल रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए वैकल्पिक रास्ता

भारत टॉकीज चौराहे की ओर आवागमन बंद रहने पर भोपाल रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए प्लेटफॉर्म नंबर-1 की ओर से अशोका गार्डन, 80 फीट रोड, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर ओवरब्रिज, मैदा मिल और एमपी नगर होकर आवागमन होगा। बोगदा पुल से भारत टॉकीज की ओर आवागमन बंद रहेगा। वाहन चालक प्रभात चौराहा, 80 फीट रोड और अशोका गार्डन मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

बैरागढ़ जाने वाले इस मार्ग का करें उपयोग

- बैरागढ़ में प्रतिमा विसर्जन के कारण भोपाल-इंदौर मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। भोपाल से इंदौर और इंदौर से भोपाल आने-जाने वाले वाहन लालघाटी, नरसिंहगढ़ तिराहा, गांधीनगर तिराहा, एयरपोर्ट तिराहा, मुबारकपुर चौराहा, नया बायपास, भौरी और खजूरी सड़क बायपास मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। वहीं, भोपाल से सीहोर की ओर जाने वाले वाहन झागरिया, रातीबड़, नीलबड़ और भदभदा चौराहा होकर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।
- भारत टॉकीज से निकलने वाली प्रतिमाएं सुल्तानिया जनाना अस्पताल, लिली टॉकीज, पुलिस कंट्रोल रूम, रोशनपुरा और जवाहर चौक होते हुए डिपो चौराहा से प्रेमपुरा घाट पहुंचेंगी।

यात्री बसों के लिए भी बदली व्यवस्था

- इंदौर और सीहोर से आने वाली बसें: खजूरी बायपास, मुबारकपुर बायपास, गांधीनगर और लालघाटी होकर हलालपुर बस स्टैंड तक आएंगी। विसर्जन के दौरान यात्री बसों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- आईएसबीटी से चलने वाली बसें: प्रभात गोविंदपुरा तिराहा, प्रभात चौराहा और भारत टॉकीज की ओर नहीं जा सकेंगी। इन्हें होशंगाबाद रोड और बायपास मार्ग का उपयोग करना होगा।
- गुना और ग्वालियर से आने वाली बसें: हलालपुर बस स्टैंड पर यात्रा समाप्त करेंगी। लालघाटी से आगे रॉयल मार्केट की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- बैरसिया से आने वाली बसें: बेस्ट प्राइस तिराहे तक ही संचालित होंगी। यहां से शहर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगी।
- अन्य शहरों की ओर जाने वाली बसें: होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, सागर, पन्ना और छतरपुर की ओर से इंदौर, गुना व ग्वालियर जाने वाली बसें बायपास मार्ग का उपयोग करेंगी।

दशहरे पर भोपाल में करीब 750 करोड़ रुपए की खरीदारी, वाहन बाजार में सबसे ज्यादा कारोबार

ऑटोमोबाइल सेक्टर में 325 करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान

करीब 2,500 कारों और 8,000 से अधिक दोपहिया वाहनों की बिक्री ईवी की ओर भी बढ़ा रुझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहार की खरीदारी के लिए दशहरा राजधानी के कारोबारियों के लिए उत्साह लेकर आया। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही सुबह से शुरू होकर देर रात तक बनी रही। वाहन शोरूम से लेकर सराफा बाजार, कपड़ा दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम तक ग्राहकों ने खरीदारी में दिलचस्पी दिखाई। कारोबारियों के अनुमान के अनुसार, दशहरे के अवसर पर भोपाल में विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर करीब 750 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। इस दौरान ऑटोमोबाइल सेक्टर सबसे बड़ा कारोबारी क्षेत्र बनकर उभरा, जहां करीब 325 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। त्योहार के मौके पर कंपनियों और दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट, एक्सचेंज ऑफर और आसान फाइनेंस की सुविधाएं दीं। शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा ने भी बाजारों की गतिविधियों को गति दी। इस बार वाहनों के साथ मकान, आभूषण, कपड़े, घरेलू उपकरण और फर्नीचर जैसे उत्पादों की खरीदारी भी कारोबार का अहम हिस्सा रही।

वाहन खरीदने में लोगों का दिखा उत्साह, 10,500 से अधिक गाड़ियों की अनुमानित बिक्री



इमामी गेट स्थित ऑटोमोबाइल शोरूम पर खरीदी गई कार की चाबी लेते वाहन मालिक।

भोपाल के ऑटोमोबाइल बाजार में दशहरे पर करीब 2,500 कारों और 8,000 से अधिक दोपहिया वाहनों की बिक्री का अनुमान है। इस तरह दोनों श्रेणियों को मिलाकर 10,500 से अधिक वाहनों की बिक्री संभावित है। वाहन खरीदने के लिए ग्राहकों ने शोरूम का रुख किया। कारों के साथ मोटरसाइकिल और स्कूटर की मांग भी बाजार में बनी रही। त्योहारी सीजन में वाहन कंपनियों और डीलरों की ओर से दिए जाने वाले ऑफर खरीदारी के फैसले को प्रभावित करते हैं। ग्राहक वाहन की कीमत के साथ माइलेज, सुरक्षा, फीचर्स और फाइनेंस की शर्तों को भी ध्यान में रखते हैं। हालांकि, अनुमानित बिक्री के अंतिम आंकड़े सामने आने के बाद ही बाजार की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति भी शहरवासियों का रुझान बढ़ा

पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति भी ग्राहकों का रुझान बढ़ने का अनुमान है। ईवी सेगमेंट में खासकर कम परिचालन खर्च और नई तकनीक जैसे पहलुओं को लेकर दिलचस्पी देखी जा रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन इस बाजार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कारों की मांग भी बाजार के बदलते विकल्पों को दर्शाती है। हालांकि, दशहरे पर भोपाल में कितने इलेक्ट्रिक वाहन बिके, इसका अलग आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। इसलिए ईवी की बढ़ती मांग को फिलहाल बाजार के रुझान के रूप में देखा जाना चाहिए।

सर्राफा में 100 करोड़ की खरीदारी

सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी के चलते सराफा बाजार में करीब 100 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। त्योहारों पर आभूषण खरीदने की परंपरा और आगामी शादी-ब्याह के सीजन की तैयारियां इस बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहती हैं। सोने-चांदी की कीमतों में बदलाव के बीच ग्राहकों की खरीदारी कारोबार को गति देती है।

विजयादशमी पर कपड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में 50-50 करोड़ के व्यापार का अनुमान

दशहरे पर कपड़ा बाजार में करीब 50 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। रेडीमेड गारमेंट्स, साड़ी और अन्य परिधानों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही रही। त्योहार और आगामी वैवाहिक आयोजनों के लिए कपड़ों की खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी करीब 50 करोड़ रुपए के कारोबार का आकलन है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और अन्य घरेलू उपकरणों की खरीदारी में छूट, एक्सचेंज और किस्तों पर भुगतान जैसी सुविधाएं ग्राहकों को आकर्षित करती हैं।



पेंट्स और फर्नीचर कारोबार में 75 करोड़ की खरीदारी

घर की रंगाई-पुताई, मरम्मत और सजावट से जुड़े पेंट्स तथा अन्य कारोबार में करीब 50 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है। वहीं, फर्नीचर बाजार में लगभग 25 करोड़ रुपए के कारोबार का आकलन किया गया है। सोफा, बेड, अलमारी और अन्य घरेलू सामान की खरीदारी से इस क्षेत्र को भी त्योहारी मांग का लाभ मिला।

रियल एस्टेट में 150 करोड़ के कारोबार का आकलन

दशहरे पर भोपाल के रियल एस्टेट बाजार में करीब 150 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। शुभ दिन पर संपत्ति खरीदने की परंपरा के चलते मकान, फ्लैट और अन्य संपत्तियों को लेकर ग्राहकों की दिलचस्पी बनी रही। रियल एस्टेट की गतिविधियों का असर इंटीरियर, फर्नीचर और पेंट्स जैसे संबंधित कारोबारों पर भी पड़ सकता है।



इमामी गेट क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर एलईडी को देखते ग्राहक।

सात कारोबारी क्षेत्रों में 750 करोड़ रुपए का अनुमान

कारोबार क्षेत्र	अनुमानित कारोबार
ऑटोमोबाइल	325 करोड़ रुपए
रियल एस्टेट	150 करोड़ रुपए
सराफा	100 करोड़ रुपए
कपड़ा बाजार	50 करोड़ रुपए
इलेक्ट्रॉनिक्स	50 करोड़ रुपए
पेंट्स व अन्य	50 करोड़ रुपए
फर्नीचर	25 करोड़ रुपए
कुल	750 करोड़ रुपए

त्योहारी सीजन से कारोबारियों को उम्मीद

दशहरे पर बाजारों में रही हलचल से कारोबारियों को आगामी त्योहारी और शादी-ब्याह के सीजन में भी मांग बने रहने की उम्मीद है। ऑटोमोबाइल सेक्टर में वाहनों की अनुमानित बिक्री और ईवी के प्रति बढ़ती दिलचस्पी बाजार के प्रमुख पहलू रहे। वहीं, रियल एस्टेट, सराफा और घरेलू उपयोग के सामान की खरीदारी ने दूसरे क्षेत्रों में भी कारोबार को गति दी।

चिंतन

ऊर्जा कूटनीति में बढ़ता भारत का कद



मुद्दा

प्रो.(डॉ.) मनोज दयाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले कानून को फिलहाल रोकने के फैसले से भारतीय निर्यातकों को राहत मिली है, लेकिन इसे स्थायी समाधान मानना भूल होगी। यह घटनाक्रम बताता है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में कूटनीति, आर्थिक हित और चुनावी राजनीति किस तरह एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। भारत के लिए यह राहत अपनी ऊर्जा नीति की कमजोरियों को दूर करने का अवसर है। रूसी तेल पर बढ़ती निर्भरता, घटते मूल्य लाभ और अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम दीर्घकालिक रणनीति पर पुनर्विचार की मांग करते हैं। तेल आयात के स्रोतों में विविधता, रणनीतिक भंडार का विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ही भारत ऐसी नीति बना सकता है, जो बाहरी दबावों से मुक्त होकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।

वैश्विक राजनीति में किसी देश की ताकत केवल उसकी सैन्य क्षमता, आर्थिक आकार या तकनीकी प्रगति से नहीं आंकी जाती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह दुनिया की जरूरतों को पूरा करने में कितनी निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में भारत तेजी से इसी मुकाम की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत को 'रिफाइनिंग महाशक्ति' कहना इसी बदलती वैश्विक हकीकत का संकेत है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब युद्ध, प्रतिबंधों और आपूर्ति में अनिश्चितता के बीच ऊर्जा सुरक्षा दुनिया की बड़ी आर्थिक और कूटनीतिक चुनौती बनी हुई है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता अब घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में उसकी बढ़ती ताकत का आधार है। भारत की विशेषता विभिन्न देशों से कच्चा तेल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने की क्षमता है। भारतीय रिफाइनरियां अलग-अलग गुणवत्ता वाले कच्चे तेल के प्रसंस्करण में सक्षम हैं। यही कारण है कि वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के उत्पादन और विपणन में भारत की भूमिका की संभावनाएं अमेरिका को आकर्षित कर रही हैं। रूबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ वेनेजुएला में तेल उत्पादन को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित चर्चा का उल्लेख किया है। यह भारत की औद्योगिक क्षमता और ऊर्जा क्षेत्र में उसकी उपयोगिता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। व्यापार, तकनीक और रक्षा के साथ ऊर्जा दोनों देशों के सहयोग का अहम स्तंभ है। वेनेजुएला में संभावित साझेदारी से निवेश, उत्पादन और आपूर्ति के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि, वहां लागू प्रतिबंधों और संबंधित नियमों की बाधाओं को दूर करना आसान नहीं होगा। इसलिए किसी भी समझौते को राजनीतिक सद्भाव के बजाय व्यावसायिक व्यवहार्यता और भारत के दीर्घकालिक हितों की कसौटी पर परखना जरूरी है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता सर्वोपरि हैं। देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव, समुद्री मार्गों पर संकट और प्रतिबंध भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई तथा आम उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। रूस से तेल खरीद को लेकर पश्चिमी देशों के दबाव के बीच आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना समझदारी है। वेनेजुएला सहित विभिन्न स्रोतों से तेल हासिल करने के विकल्प भारत की सौदेबाजी की क्षमता बढ़ा सकते हैं। लेकिन एक देश पर निर्भरता घटाकर दूसरे पर निर्भर हो जाना समाधान नहीं है। कीमत, गुणवत्ता, परिवहन लागत और भू-राजनीतिक जोखिम का संतुलित आकलन जरूरी है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता उसकी ताकत है, लेकिन इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता समाप्त नहीं होती। वास्तविक ऊर्जा सुरक्षा के लिए घरेलू उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और विद्युत परिवहन को बढ़ावा देना होगा। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का विस्तार और आपूर्ति के वैकल्पिक मार्गों की तैयारी भी जरूरी है। अब चुनौती इस क्षमता को निवेश, सुरक्षित आपूर्ति और आर्थिक लाभ में बदलने की है। भारत को केवल तेल का बड़ा खरीदार नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता और सहयोग का भरोसेमंद भागीदार बनना चाहिए। यही ऊर्जा कूटनीति में उसके बढ़ते कद का वास्तविक अर्थ है।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े भारत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक हस्ताक्षर ने भारतीय निर्यातकों को फिलहाल राहत की सांस दी है। रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाला कानून लिंडसे ओ ग्राहम सेक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट-2026 लागू होने से ठीक 24 घंटे पहले रोक दिया गया। यह महज एक कानूनी छूट नहीं है। यह तो कूटनीति, तेल की राजनीति और अमेरिकी घरेलू चुनाव का मिला-जुला परिणाम है। सवाल अब यह नहीं है कि खतरा टला कैसे। सवाल यह है कि इस अस्थायी राहत को भारत स्थायी अवसर में कैसे बदले? क्योंकि यह खतरा टला है। मिटा नहीं है। 18 अक्टूबर 2026 वह तारीख थी।जब इस कानून के तहत भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे रूस के 5 सबसे बड़े तेल ग्राहकों के उत्पादों पर अमेरिका में 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगना था। रूस पर यह शुल्क 500 प्रतिशत तक था, लेकिन 16 अक्टूबर को व्हाइट हाउस ने आदेश जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय हित में इस कानून को छूट देने का निर्णय लिया है। यह आदेश उसी हफ्ते आया जब ट्रम्प ने दावा किया कि पुतिन ने अमेरिका और वैश्विक बाजार के लिए 3 लाख टन डीजल तुरंत, नवंबर में 5 लाख टन और उसके बाद 10 लाख टन अतिरिक्त डीजल देने पर सहमति दी है। इसके बाद 30 लाख टन डीजल और रिलीज किया जाएगा।

पहला सुझाव यहीं से निकलता है। भारत को समझना होगा कि अमेरिका का ऊर्जा निर्णय नैतिकता नहीं, आवश्यकता से चलता है। जब अमेरिका में कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, तो ट्रम्प ने रूस से ही डीजल मांग लिया। यानी प्रतिबंध का सिद्धांत बाजार के दबाव में झुक जाता है। भारत को भी अपनी नीति को नैतिक दबाव में नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक तर्क पर रखना चाहिए और दुनिया को यह तर्क आक्रामक तरीके से समझाना चाहिए। इस यू-टर्न के पीछे दूसरा बड़ा कारण अमेरिका के मध्यावधि चुनाव हैं, जो एक महीने से भी कम समय में होने वाले हैं। अमेरिकी मीडिया ने स्पष्ट लिखा कि तेल के दाम बढ़ने से मतदाता नाराज होता है।अगर भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगता, तो वैश्विक सप्लाई चेन टूटती, शिपिंग लागत बढ़ती और अमेरिकी पंप पर पेट्रोल महंगा हो जाता। ट्रम्प यह जोखिम नहीं ले सकते थे।

दूसरा सुझाव है कि चुनावी राजनीति को कूटनीतिक हथियार बनाइए। अमेरिका पर दबाव बनाने का सबसे अच्छा समय वही है।जब वहां महंगाई चुनावी मुद्दा हो। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की बातचीत में इस बात को लिंक करना चाहिए कि भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर दरअसल वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर रख रहा है। अगर भारत बाजार से निकल गया, तो कीमतें 120-130 डॉलर तक जा सकती हैं, जिसका सीधा नुकसान अमेरिकी उपभोक्ता को होगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम थी, कुछ अनुमानों में तो 0.2 प्रतिशत ही थी। आज वही रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। इस वर्ष भारत औसतन 18.2 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल खरीद रहा है। जून 2026 में यह आंकड़ा 26 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया था, जुलाई में 25.7 लाख बैरल और अगस्त में घटकर 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। अगस्त में भी रूस का



हिस्सा भारत के कुल आयात का 45 प्रतिशत था। उक्त आंकड़ों से तीसरा सुझाव निकलता है ।

तीसरा सुझाव है कि हमें घटते डिस्काउंट का गणित अवश्य ही समझना होगा। 2023 में रूसी तेल पर 40 डॉलर तक का डिस्काउंट मिल रहा था, जो जुलाई 2026 में घटकर 1-2 डॉलर ही रह गया था। सितंबर में फिर यह 23 डॉलर हुआ। यानी सस्ते तेल का युग अब वैसा नहीं रहा। भारत को केवल डिस्काउंट के पीछे नहीं भागना चाहिए। भारत ने 2022 से 2025 के बीच रूसी तेल से करीब 12 बिलियन डॉलर बचाए, लेकिन अब लागत में शिपिंग, इंश्योरेंस और अमेरिकी दबाव का जोखिम भी जोड़ना होगा। रिफाइनरियों को एक फॉर्मूला बनाना चाहिए - यदि ट्रंप टैरिफ वापस आता है तो 5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त खर्च को झेलने के लिए कम से कम 13.7 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट चाहिए।

चौथा सुझाव है कि हमें आयात टोकरी में विविधता लानी होगी । 45 प्रतिशत निर्भरता खतरनाक है। चाहे वह मध्य पूर्व पर हो या रूस पर। भारत को अपनी टोकरी फिर से संतुलित करनी होगी। वेनेजुएला, ब्राजील, गुयाना और अफ्रीका से दीर्घकालिक अनुबंध करने का यह सही समय है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने भी कहा है कि यह छूट अस्थायी है, स्थायी समाधान नहीं।

पांचवां सुझाव है कि हमें रणनीतिक भंडार बनानी होगी । जब जून में 26 लाख बैरल रोज खरीद रहे थे, तब भंडार भरने का सुनहरा मौका था। भारत का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व अभी केवल 9-10 दिन का है। इसे बढ़ाकर 90 दिन करने का लक्ष्य रखना चाहिए, जैसा अमेरिका और जापान के पास है। जब डिस्काउंट ज्यादा हो, तो भंडार भरिए, जब कम हो तो उसका उपयोग कीजिए। यह राहत 100 प्रतिशत टैरिफ से मिली है। पर याद रखिए। भारत पर पहले से ही अमेरिका का 18 % पटैरिफ लगा हुआ है, जो अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए भारत सरकार और उद्योग के लिए 4 और व्यावहारिक सुझाव है ।

छठा सुझाव है दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता लाएं। अमेरिका का आरोप है कि भारत रूसी तेल को रिफाइन कर यूरोप को बेच रहा है। भारत को अपने रिफाइनरी डेटा को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए और यह साबित करना चाहिए कि आयात घरेलू खपत के लिए है।

सातवां, हम रुपया-रूबल तंत्र को मजबूत करें। डॉलर में भुगतान करने पर अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा रहता है। रुपया-रूबल में व्यापार को संस्थागत बनाइए ताकि अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से टकराव कम हो।

आठवां, हम ट्रेड डील को गति दें। यह सबसे अच्छा मौका है। अमेरिका ने खुद कानून रोका है, इसका मतलब वह बातचीत चाहता है। भारत को इस विंडो में अमेरिका के साथ एक छोटी लेकिन ठोस ट्रेड डील कर लेनी चाहिए, जिसमें ऊर्जा को प्रतिबंधों से बाहर रखा जाए।

नौवां और अंतिम, हम ऊर्जा में आत्मनिर्भरता का रोडमैप तैयार करें।सुझात्मक पत्रकारिता का अंतिम लक्ष्य समाधान है। दीर्घकाल में समाधान रूसी तेल नहीं है। समाधान है-ग्रीन हाइड्रोजन, इथेनॉल ब्लेंडिंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू तेल उत्पादन। जब तक हम 85 प्रतिशत तेल आयात करेंगे, तब तक हर अमेरिकी चुनाव और हर रूस-यूक्रेन मिसाइल हमारे बजट को हिलाती रहेगी। अतः निष्कर्ष के रूप में हम कह सकतें हैं कि ट्रम्प का यह आदेश भारत के लिए एक लाइफलाइन है। लेकिन लाइफलाइन पर हमेशा लटका नहीं जा सकता। भारत को इस मोहलत का उपयोग एक ऐसी ऊर्जा नीति बनाने में करना चाहिए जो न तो वाशिंगटन में लिखी जाए, न मॉस्को में, बल्कि दिल्ली में-भारतीय हित में।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सतर्कता

डॉ. मोनिका शर्मा



अंधेरा नहीं प्रकाश फैलाने का काम करें स्क्रीन सितारे

देश-दुनिया से जुड़े मामलों में सोची-समझी रणनीति संग बोलने वाले फिल्मी सितारों को स्वयं अपने दायित्वबोध को लेकर भी तो सचेत चाहिए, क्योंकि युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन की दुनिया से जुड़े लोकप्रिय चेहरों द्वारा आमजन के विचार-बर्ताव गहराई से प्रभावित होते हैं। यहां तक कि पर्दे पर दिखती कोई फिल्मी भूमिका भी लोगों के मन तक उतर जाती है। बीते दिनों 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिल्मी कलाकारों अपील की कि वे ऐसी चीजों का प्रचार न करें, जिनसे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू के अनुसार 'अत्यधिक लोकप्रिय फिल्मी कलाकारों में देश के लोगों, विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की बड़ी ताकत होती है। ऐसे में जब जनप्रिय सितारे अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में चर्चा करते हैं, तो लोग उस पर ध्यान देते हैं। लोग उनका अनुसरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं भारत के बड़े सितारों से निवेदन करना चाहूंगी कि वे ऐसी किसी भी चीज का प्रचार न करें जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। एक सितारे का काम प्रकाश फैलाना होता है। अंधेरा नहीं।' वस्तुतः, यह बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि जनप्रियता अपने साथ जिम्मेदारी भी लाती है। फिल्मी दुनिया से जुड़े चेहरों की बातें और बर्ताव न केवल चर्चा का विषय बनते हैं, बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। सोशल मीडिया की बढ़ती पहुंच के कारण अब फिल्मी सितारों द्वारा वर्चुअल स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री भी युवाओं के मानस पर दस्तक देने लगी है। पल-पल सामने आते अपने पसंदीदा चेहरों के द्वारा किए गए विज्ञापन तो बहुत सरलता से युवाओं को किसी बुरी लत, नकारात्मक बर्ताव या जीवन को असहज करने वाली आदत का अनुसरण करके के मार्ग पर धकेल देते हैं। स्पष्ट है कि लोकप्रिय चेहरों का हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। युवा और किशोर ऐसी प्रचार सामग्री से भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, नई पीढ़ी की मनःस्थिति पर सीधा असर करते हैं। सामाजिक-पारिवारिक जीवन से जुड़ी उनकी सोच बदलते हैं। व्यक्तिगत जिंदगी की दिशा तय करते हैं। ऐसे में समझना कठिन नहीं कि लोकप्रिय चेहरों द्वारा हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। वस्तुतः, जन-कल्याण से जुड़े सजगता लाने वाले विज्ञापन हों या विशुद्ध व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुंच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियां मोटी धनराशि चुकाकर इन सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं, बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के उपयोग की सलाह देते भी दिखते हैं। इसीलिए किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे संदेश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों का दायित्व है। चर्चित चेहरों को एक आम नागरिक के रूप में भी अपनी जवाबदेही का स्मरण होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी कहा जा चुका है कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर नौ अरब डॉलर का ख़र्च होता है। विचारणीय है कि हर तरह के उत्पाद के प्रचार के लिए फिल्मी हस्तियों को आगे करने की सोच दुनिया के हर हिस्से में है। उनकी ख्याति को अपने उत्पाद की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बनाने की व्यावसायिक रणनीति सदा से रही है। नतीजतन, यह स्पष्ट दिखता है कि फिल्मी चेहरों द्वारा प्रचारित बहुत से नुकसानदेह उत्पादों-सेवाओं ने सहजता से लोगों के जीवन में स्थान बना लिया है। विशेषकर शराब, तंबाकू, कर तरह के शीतल पेय और कई तरह की गेमिंग एवं ऑनलाइन गतिविधियों के खतरे तो जग-जाहिर हैं। ऐसे में लोकप्रिय सितारों को जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझना चाहिए। ध्यातव्य है कि महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा भी राष्ट्रपति का वीडियो साझा करते हुए कहा गया कि प्रभाव का मतलब छूट नहीं है। किसी खाद्य उत्पाद के प्रचार की बात आती है तो स्वास्थ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कलाकारों को अपने प्रभाव के साथ ही कानून का सम्मान करते हुए किसी उत्पाद, व्यवहार या आदत का प्रचार करते समय अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

दान की बड़ी महिमा



संकलित

प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

सटाका



आज की पाती

अराजकता के पीछे के चेहरे पहचानना जरूरी

लोकतंत्र में सरकारों के विरुद्ध असंतोष व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन जब विरोध प्रदर्शन हिंसा, आगजनी, तोडफोड़ और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन जाएं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि विरोध के पीछे केवल जनाक्रोश है या कोई अपने निहित स्वार्थों के लिए इस आक्रोश का इस्तेमाल भी कर रहा है। इन दिनों यूरोप के अनेक देशों में उभरते विरोध प्रदर्शनों ने इसी चिंता को गहरा किया है। फ्रांस, इटली, अल्बानिया, पुर्तगाल और बेल्जियम में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट, शिक्षा तथा सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ मांगें जायज हो सकती हैं, लेकिन अराजकता फैलाने से किसी भी देश का भला नहीं होगा।

- मनोज शर्मा, महम

ट्रेंड

अपने संसाधनों पर भरोसा रखें



हमें अपने संसाधनों पर भरोसा रखना चाहिए। अपने संकल्प को शक्ति में बदलना चाहिए और अपनी मेहनत से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीराम ने हमें सिखाया है कि कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकती।' -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आतंक की कोई जगह नहीं



आतंकवाद को सही ठहराने का कोई आधार नहीं हो सकता। इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं हों। आतंकवादियों को धन देने वालों, उनका समर्थन करने वालों या उन्हें सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

भाजपा लोगों को बांट रही



देश में हर कोई जानता है कि बांटने वाली पॉलिटिक्स कौन कर रहा है। भाजपा नेता लोगों को बांट रहे हैं, उनकी सोच नेगेटिव है और वे पुराने विचार थोपना चाहते हैं। वे अंडरग्राउंड काम करते हैं, सुरंगों में रहते हैं और साजिशें रचते हैं। एसआईआर प्रक्रिया होने के बावजूद मतदाता सूची में गड़बड़ियां बनी रहीं। -अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

ज्ञानेश इस्तीफा दें



ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। निर्वाचन आयोग और उसके आईटी प्रभाग में पूरी तरह से बदलाव किया जाए। कानून के तहत मतदाता सूची को लेकर ईआरओ के पास वैधानिक अधिकार हैं, लेकिन देशभर में ईसीआईनेट प्रणाली और निर्वाचन आयोग के आईटी प्रभाग ने इन उपायों को दरकिनार किया। -जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

करंट अफेयर

संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीनियों की खाद्य सहायता घटाई



संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने गंभीर वित्तीय संकट के कारण गाजा में पांच लाख और वेस्ट बैंक में दो लाख फिलिस्तीनियों को दी जाने वाली खाद्य सहायता में कटौती की है। एजेंसी के प्रमुख ने यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यवाहक प्रमुख कार्ल स्काऊ ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की अपील की, ताकि एजेंसी खाद्य सहायता बहाल करने और अगले छह महीने तक गाजा तथा वेस्ट बैंक में गर्म भोजन एवं खाद्य पैकेट उपलब्ध कराने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण इस महीने गाजा में खाद्य सहायता पाने वाले लोगों की संख्या 16 लाख से घटाकर 11 लाख और वेस्ट बैंक में 4 लाख से घटाकर 2 लाख कर दी गई है। दोनों फिलिस्तीनी क्षेत्रों का दौरा कर लौटे स्काऊ ने यरुशलम से वीडियो ब्रीफिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र से कहा कि गाजा में जीवन अब भी 'बेहद कठिन' और अविश्वसनीय रूप से खतरनाक है। यूएन की टीमों ने पिछले सप्ताह हर दिन लगभग 50 हमले दर्ज किए। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद से 'हम अकाल की स्थिति को पीछे करने में सक्षम रहे हैं।'

ऑफ बीट

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ सेहत के लिए नुकसानदेह



अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को लोग ज्यादा अच्छा नहीं मानते हैं। कई अध्ययनों में इन्हें कई तरह की दीर्घकालिक बीमारियों से जोड़ा गया है। कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर इन्हें जहर तक बताते हैं। जनस्वास्थ्य के कुछ विशेषज्ञ इनके उत्पादन और उपभोग पर दुनिया भर में पूरी तरह रोक लगाने की मांग करते हैं। साधारण शब्दों में कहें तो अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़े पैमाने पर औद्योगिक तरीके से तैयार किए जाने वाले खाद्य उत्पाद हैं। इन्हें बनाने में ऐसे घटकों का इस्तेमाल होता है, जो आमतौर पर घरों की रसोई में नहीं मिलते। इनमें अपने मूल स्वरूप में मौजूद साबुत खाद्य पदार्थ बहुत कम मात्रा में होते हैं या बिल्कुल नहीं होते। एनओवीए प्रणाली खाद्य पदार्थों को उनके प्रसंस्करण के स्तर के आधार पर चार श्रेणियों में बांटती है। एनओवीए की पहली श्रेणी में ऐसे असंसाधित या बहुत कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आते हैं, जो पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं और अपने प्राकृतिक स्वरूप के करीब होते हैं। इनमें कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं मिलाया जाता। इन अध्ययनों से एक नतीजा लगातार सामने आया है-जो लोग ज्यादा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें कई दीर्घकालिक बीमारियों और समय से पहले मृत्यु का खतरा अधिक होता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप



पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ 40 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 40 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने से बैंक का लाभ बढ़ा है। बैंक ने बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसने 295 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। पंजाब एंड सिंध बैंक की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 3,747 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 3,373 करोड़ रुपए थी।

पारस हेल्थकेयर का आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। पारस हेल्थ ब्रांड के तहत अस्पताल का संचालन करने वाली पारस हेल्थकेयर ने अपने 1,450 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से



पहले एंकर (बड़े) निवेशकों से 652.5 करोड़ जुटाए हैं। कंपनी को घरेलू और वैश्विक निवेशकों से भागीदारी प्राप्त हुई है। शेयर बाजारों की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी ने 39 कोषों को 693 प्रति शेयर के मूल्य पर 94,15,584 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। इससे कंपनी को 652.5 करोड़ रुपए मिले हैं।

अल्ट्राटेक ने 2,650 करोड़ रुपए का सीमेंट संयंत्र किया शुरू



अमरावती। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि देश की सबसे बड़ी सीमेंट विनिर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने राज्य के नंद्याल जिले में 2,650 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पेटनिकोटा सीमेंट संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने इस परियोजना को निर्माण शुरू होने के 14 महीने के भीतर पूरा किया है। रायलसीमा क्षेत्र के कोलिमिगुंडला मंडल के पेटनिकोटा गांव में स्थित इस एकीकृत सीमेंट संयंत्र की ''क्लिंकर'' उत्पादन क्षमता सालाना 33 लाख टन और सीमेंट भेजने की क्षमता 36 लाख टन सालाना है।

दशहरा पर बंद रहा शेयर और सराफा बाजार



नई दिल्ली। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में कारोबार बंद रहा। वहीं सोने-चांदी के रेट भी जारी नहीं हुए। जबकि, शाम को एमसीएक्स में ट्रेडिंग हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 2026 के हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और करेंसी मार्केट में आज ट्रेडिंग नहीं होगी। सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट भी बंद रहा।

प्रोवोक की सूची में रिलायंस और टीसीएस के कार्यकारी शामिल

नई दिल्ली। प्रोवोक मीडिया की 2026 की 'प्रभावशाली व्यक्ति सूची 100' में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और जिंदल स्टील के संचार और विपणन अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह वैश्विक सूची प्रभावशाली कॉरपोरेट संचार, जन मामलों और विपणन नेताओं को मान्यता देती है।

जियो का बाजार नेतृत्व, तकनीकी क्षमता और वित्तीय मजबूती इसे बनाते हैं आवेदन करने योग्य आईपीओ

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओः भारत के डिजिटल व एआई भविष्य में हिस्सेदारी का दुर्लभ अवसर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो की कहानी भारतीय कारोबार में सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक है और इसका आईपीओ निवेशकों को इसके अगले अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर देता है। 2016 में जब जियो दूरसंचार बाजार में आया, तब वह 14वां ऑपरेटर था। उसने स्थापित तौर-तरीकों को चुनौती दी, लाखों लोगों के लिए डेटा किफायती बनाया और भारत में संवाद, शिक्षा, कामकाज तथा कारोबार के तरीके बदल दिए। आज जियो केवल एक दूरसंचार कंपनी नहीं, बल्कि भारत की जुड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में मौजूद एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जून 2026 तक इसके 53.33 करोड़ ग्राहक थे, जिनमें 28.49 करोड़ 5जी ग्राहक शामिल थे, और भारत के कुल डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक थी। फाइबर और वायरलेस सेवाओं सहित इसकी ब्रॉडबैंड मौजूदगी में 2.86 करोड़ जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर ग्राहक शामिल हैं।

जियो के मोबाइल डेटा की बढ़ती खपत, ब्रॉडबैंड का अधिक प्रसार, एंटरप्राइज कनेक्टिविटी, क्लाउड सेवाएं और डिजिटल एप्लिकेशन विस्तार के कई अवसर प्रदान करते हैं। जियो इन अवसरों का लाभ उठाने आवश्यक वितरण व्यवस्था, नेटवर्क और ग्राहक संबंध पहले ही बना चुका है। कंपनी ने अपनी एंड-टू-एंड 5जी स्टैंडअलोन तकनीक विकसित कर लागू की है, जिससे वह ऐसी क्षमता रखने वाले दुनिया के चुनिंदा ऑपरेटरों में शामिल है। जून 2026 तक जियो ने 4जी, 5जी, 6जी और एआई-आधारित नेटवर्क ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के लिए भारत और विदेशों में 7,220 पेटेंट आवेदन दाखिल किए थे। यह एक भारतीय कंपनी की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे स्वदेशी तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने की संभावना बनती है। जियो का विशाल ग्राहक आधार, डिजिटल बुनियादी ढाँचा और तकनीक-विकास क्षमता एआई-आधारित उपभोक्ता सेवाओं, कारोबारी एप्लिकेशन और अधिक कुशल नेटवर्क के लिए आधार प्रदान करते हैं।



स्वदेशी तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने की संभावना

मेटा और गूगल को भी किया निवेश के लिए आकर्षित

विदेशों में सफल तैनाती वैश्विक मंच पर जियो की तकनीक की पुष्टि कर सकती है और आय का एक नया स्रोत खोल सकती है। इन अवसरों के कारण जियो की संभावनाएं पारंपरिक दूरसंचार ऑपरेटर से कहीं व्यापक हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का समर्थन जियो को राष्ट्रीय स्तर पर अवसरों का लाभ उठाने के लिए जरूरी मजबूती और दीर्घकालिक दृष्टिकोण देता है। रिलायंस ने पूंजी लगाने, बुनियादी ढांचा तैयार करने और लंबी अवधि तक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है। जियो ने मेटा और गूगल जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों से रणनीतिक निवेश भी आकर्षित किया है। जियो की प्रस्तावित सैटेलाइट योजनाएं उसके भविष्य को एक और रोमांचक आयाम देती हैं। लगभग 1,600 लो-अर्थ ऑर्बिट उपग्रहों और सहायक जमीनी बुनियादी ढांचे की रिपोर्ट की गई योजना दूरदराज के क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी पहुंचाने और मौजूदा नेटवर्क को पूरक बनाने में मदद कर सकती है। यह योजना अभी मंजूरियों, निवेश और क्रियान्वयन पर निर्भर है, लेकिन यह संचार क्षेत्र के अगले चरण में भाग लेने की जियो की महत्वाकांक्षा दर्शाती है।

प्राप्त धन का उद्देश्य कारोबार को मजबूत करना

यह आईपीओ इसलिए भी असाधारण रूप से आकर्षक है क्योंकि इसके जरिए एक बड़े डिजिटल कारोबार को सार्वजनिक बाजार में लाया जा रहा है और प्राप्त धन कंपनी के कारोबार को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल होगा। जियो का यह इश्यू अधिकतम 27 करोड़ नए शेयरों का है; मौजूदा शेयरधारक कोई शेयर बिक्री के लिए पेश नहीं कर रहे हैं। रू.1,119 के ऊपरी मूल्य बैंड पर इश्यू का आकार लगभग रू. 30,213 करोड़ है, जिससे यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ बनता है। लगभग रू.27,500 करोड़ रिलायंस जियो इन्फोकॉम के ऋणों के पुनर्भुगतान या समयपूर्व भुगतान के लिए निर्धारित हैं। इसलिए प्राप्त धन का उद्देश्य कारोबार को मजबूत करना है, न कि शेयर बेचने वाले मौजूदा निवेशकों को बाहर निकलने का अवसर देना। जियो का वित्तीय प्रदर्शन इसकी विकास कहानी को ठोस कारोबारी आधार देता है। ब्रोकरेज विश्लेषण के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने लगभग रू.30,064 करोड़ का कर-पश्चात लाभ और रू.43,301 करोड़ का फ्री कैश फ्लो दर्ज किया। ये आँकड़े दिखाते हैं कि जियो पहले से ही लाभ कमाने वाला और नकदी उत्पन्न करने वाला कारोबार है। 5जी में सबसे अधिक निवेश वाला चरण पीछे छूटने के बाद कंपनी के पास विकास में निवेश जारी रखते हुए अधिक नकदी उत्पन्न करने का अवसर है। ऋण चुकाने से वित्तीय लचीलापन बढ़ सकता है और वित्तपोषण लागत घट सकती है। आईपीओ का मूल्यांकन इसके निकटतम सूचीबद्ध प्रतिस्पर्धी भारती एयरटेल की तुलना में आकर्षक है। ऊपरी मूल्य बैंड पर जियो का मूल्यांकन वित्त वर्ष 2025-26 की कमाई के लगभग 33.3 गुना है। हालिया बाजार तुलनाओं के अनुसार, एयरटेल का प्राइस-टू-अर्निंग्स अनुपात लगभग 37.6 गुना अधिक है।

बड़े निवेशकों का खींचा ध्यान

जियो विशाल पैमाने और ब्रॉडबैंड, एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी तथा डिजिटल सेवाओं में अतिरिक्त विकास अवसरों वाले कारोबार के लिए प्रतिस्पर्धी प्रवेश मूल्य प्रदान करता है। आईपीओ का मूल्य कंपनी की संभावनाओं से कम होना आवश्यक नहीं; इतना पर्याप्त है कि कारोबार की गुणवत्ता और संभावनाओं के मुकाबले मूल्य उचित हो। एंकर बुक ने इस इश्यू को मजबूत समर्थन दिया है। लगभग रू.8,110 करोड़ के एंकर आवंटन के मुकाबले संस्थागत बोलियां रू.2.5 लाख करोड़ से अधिक थीं-इस श्रेणी में उपलब्ध राशि से 30 गुना से भी अधिक। इसमें वैश्विक निवेश प्रबंधकों, सॉवरेन वेल्थ फंडों, भारतीय म्यूचुअल फंडों और बीमा कंपनियों ने भाग लिया। इतनी अधिक रुचि इस बात का मजबूत संकेत है कि जियो ने बड़े संस्थागत निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि, बोलियों की माँग अंतिम आवंटन के समान नहीं होती और न ही यह भविष्य में शेयर मूल्य बढ़ने की गारंटी है।

बाजार पूंजीकरण लगभग 10.3 लाख करोड़ रुपए

आईपीओ के प्रति शुरुआती बाजार प्रतिक्रिया भी उत्साह बढ़ाती है। 20 अक्टूबर को ग्रे मार्केट प्रीमियम लगभग रू.245 प्रति शेयर बताया गया, जो ऊपरी मूल्य बैंड से करीब 22 प्रतिशत अधिक है। कई ब्रोकरेज फर्मों ने भी जियो के नेतृत्व, कमाई की संभावनाओं और विकास के अनेक स्त्रोतों का हवाला देते हुए सब्सक्रिप्शन की सिफारिश की है। ग्रे मार्केट अनौपचारिक होता है और इसके संकेत तेजी से बदल सकते हैं। आवेदन करने का ठोस कारण कंपनी का मूल कारोबार होना चाहिए, न कि लिस्टिंग के दिन निश्चित लाभ की उम्मीद। जियो का आकार समय के साथ इसे संस्थागत पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण शेयर बना सकता है। ऊपरी मूल्य बैंड पर इसका अनुमानित बाजार पूंजीकरण लगभग रू.10.3 लाख करोड़ है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों में रखता है। इस आकार से बाजार में इसकी उल्लेखनीय मौजूदगी सुनिश्चित हो सकती है और संबंधित सूचकांकों में शामिल किए जाने पर विचार का आधार बन सकता है। हालांकि यह पात्रता और सूचकांक के नियमों पर निर्भर करेगा। सूचकांक में शामिल होना स्वतः नहीं होता, लेकिन जियो का आकार और संस्थागत रुचि लिस्टिंग के बाद मांग को बढ़ावा दे सकते हैं। निष्कर्ष स्पष्ट है, जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ ऐसा इश्यू है, जिसके लिए निवेशकों को आवेदन करने पर विचार करना चाहिए। इसमें बाजार में अग्रणी कारोबार, लाभ कमाने और नकदी उत्पन्न करने वाली कंपनी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का समर्थन, स्वदेशी तकनीकी क्षमताएं तथा भारत के डिजिटल और एआई भविष्य में भागीदारी का दुर्लभ अवसर एक साथ मिलते हैं। बहुत कम आईपीओ एक ही निवेश में स्थापित पैमाने और विकास के अनेक अवसरों का ऐसा संयोजन देते हैं। हालाँकि, शेयर आवंटन की गारंटी नहीं है और कोई भी आईपीओ लाभ की गारंटी नहीं देता। फिर भी, भारत की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी कंपनियों में दीर्घकालिक हिस्सेदारी चाहने वाले निवेशकों के लिए यह अवसर प्राथमिकता से विचार करने योग्य है

ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स का आईपीओ 26 अक्टूबर को खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एडेलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज की इकाई ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का 1,200 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 26 अक्टूबर को खुलेगा। आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के मुताबिक, यह सार्वजनिक निर्गम 28 अक्टूबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 23 अक्टूबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। इसके तहत एडेलवाइस समूह अपनी हिस्सेदारी बेचेगा। निर्गम में कंपनी नए शेयर जारी नहीं करेगी। ऐसे में आईपीओ से प्राप्त पूरी राशि शेयर बेचने वाले मौजूदा शेयरधारक को मिलेगी। कंपनी ने आईपीओ का



- कंपनी 1200 करोड़ का आरंभिक आईपीओ ला रही

आकार पहले प्रस्तावित 1,500 करोड़ रुपये से घटाकर 1,200 करोड़ रुपये कर दिया है। उसने इस साल जनवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों के मसौदे में 1,500 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने का प्रस्ताव रखा था। इस साल मार्च में एडेलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपनी इकाई ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स में 4.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 375 करोड़ रुपये जुटाए थे। वर्ष 2008 में स्थापित ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स देश के प्रमुख वैकल्पिक निवेश मंच में शामिल है।

एसईसी भी 27 अक्टूबर को आईपीओ लाएगी

कंपनी को दीर्घकालिक पूंजी के प्रबंधन का 15 साल से अधिक का अनुभव है। यह विभिन्न वैकल्पिक परिसंपत्ति वर्गों में निवेश के साथ ग्राहकों को आय और प्रतिफल आधारित निवेश समाधान उपलब्ध कराती है। इस बीच, एसईसी एनवायर्नमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड भी 27 अक्टूबर को अपना आईपीओ पेश करेगी।

बजाज फाइनेंस के मुनाफे में 29 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली। बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) का सितंबर, 2026 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 29 प्रतिशत बढ़कर 6,367 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि ब्याज आय में सुधार से उसका मुनाफा बढ़ा है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने एक साल पहले सितंबर तिमाही में 4,948 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

पीएनबी ने ग्राहकों को एआई के साइबर अटैक से किया सतर्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने कृत्रिम मेधा की मदद से आवाज की नकल, 'डीपफेक' और 'फिशिंग' (फर्जी संदेशों के जरिये गोपनीय जानकारी चुराने की कोशिश) जैसी साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को लेकर ग्राहकों को सतर्क किया है। बैंक ने उन्हें ऐसे मामलों में सावधानी बरतने और किसी भी संदेश या कॉल पर बिना पुष्टि के भरोसा नहीं करने की सलाह दी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने ग्राहकों को बताया कि हर साल अक्टूबर को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने ग्राहकों को दिए संदेश में कहा, ''आजकल साइबर धोखाधड़ी के कई मामलों में लोगों के व्यवहार, खासकर भरोसे, डर, जल्दबाजी और रोजमर्रा की डिजिटल आदतों का फायदा उठाया जाता है। धोखाधड़ी करने वाले आपके परिवार के सदस्यों, दोस्तों या भरोसेमंद लोगों की आवाज या चेहरा तक नकल कर सकते हैं और पैसे तुरंत भेजने के लिए किसी आपात स्थिति का झूठा दावा कर सकते हैं।

- आवाज की नकल, डीपफेक और फिशिंग जैसे मामले



एजेंटिक एआई को बढ़ावा देने साझेदारी का किया विस्तार

कॉग्निजेंट और गूगल क्लाउड में एजेंटिक एआई के लिए साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट और गूगल क्लाउड ने एजेंटिक एआई (कृत्रिम मेधा) को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझेदारी का विस्तार करने की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत दोनों कंपनियां 'जेमिनी फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप' बनाएंगी, जिसमें 18,000 से अधिक कॉग्निजेंट के 'कर्मचारी' शामिल होंगे। कंपनियों की ओर से जारी संयुक्त बयान के अनुसार, यह समूह गूगल क्लाउड के एआई मंच और कॉग्निजेंट की उद्योग संबंधी विशेषज्ञता एवं इंजीनियरिंग क्षमताओं को एक साथ लाएगा। इसका उद्देश्य कंपनियों को एआई परियोजनाओं को शुरुआती परीक्षण से आगे बढ़ाकर वास्तविक व्यावसायिक परिचालन में लागू करने में मदद करना है। यह पहल कॉग्निजेंट की ओर से अप्रैल, 2026 में शुरू की गई विशेष जेमिनी इकाई को आगे बढ़ाएगी।

- दोनों जेमिनी फ्रंटियर कैपेबिलिटी ग्रुप बनाएंगी



इसके तहत वैश्विक कंपनियों के लिए सुरक्षित, भरोसेमंद और बड़े स्तर पर इस्तेमाल किए जा सकने वाले एआई एजेंट विकसित किए जाएंगे, जो व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस ने कहा कि इस विशेष समूह की स्थापना से कंपनी के अग्रणी इंजीनियरिंग विशेषज्ञ ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक एआई प्रौद्योगिकी को वास्तविक परिचालन में लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

55 हजार कर्मियों को मिला अनुभव

सीईओ रवि कुमार ने कहा कि 'बिल्ड विद जेमिनी' कार्यशाला के माध्यम से कंपनी के 55,000 से अधिक कर्मचारियों को गूगल के उन्नत एआई मंच पर काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिला है।

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री 26% घटकर दशक के निचले स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई। बाजार शोध कंपनी ओम्डिया की जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी प्रमुख चीनी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई, जबकि सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। एप्पल भी सालाना आधार पर बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।



रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 67 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी 19 प्रतिशत रही। वीवो 64 लाख इकाई की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही।

पाकिस्तान ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को मामूली घटाकर 3.65 प्रतिशत कर दिया है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की वृद्धि में हल्की सुस्ती को इसका प्रमुख कारण बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले मई, 2026 में सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 3.70 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसे पहले के चार प्रतिशत के अनुमान से घटाया गया था। 'डॉन' की खबर के अनुसार, ताजा संशोधन से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान अपने आर्थिक वृद्धि दर के लक्ष्य से पीछे रहेगा। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो में सोमवार को हुई राष्ट्रीय लेखा समिति (एनएसी) की 118वीं बैठक में इस संशोधन को मंजूरी दी। समिति के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.50 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र की 3.34 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 3.81 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे पहले इन क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमशः 2.89 प्रतिशत, 3.51 प्रतिशत और 4.09 प्रतिशत आंकी गई थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2025-26 में पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर 3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। वहीं, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने इसके 3.7 प्रतिशत रहने की संभावना व्यक्त की है।

- वर्ष 2025-26 के लिए चार फीसदी से घटाकर 3.65 फीसदी किया



पाक के केंद्रीय बैंक ने भी अनुमान 3.7 फीसदी का लगाया

पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने भी आर्थिक वृद्धि दर लगभग 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 450.4 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 410.96 अरब डॉलर था। इसमें सेवा क्षेत्र का सबसे अधिक योगदान रहा।

देश में प्रतिव्यक्ति आय 1,896 डॉलर हुई

देश की प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1,896 डॉलर हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष में 1,824 डॉलर थी। हालांकि, यह क्षेत्र में सबसे कम बताई गई है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में प्रति व्यक्ति आय 1,551 डॉलर, 2021-22 में 1,766 डॉलर और 2020-21 में 1,677 डॉलर थी। महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हुई है।

दोनों एक्सचेंज में विशेष मुहूर्त कारोबार 2.20 बजे से 3.30 बजे तक

एनएसई, बीएसई में 8 नवंबर को दिवाली 'मुहूर्त' कारोबार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई दिवाली के के अवसर पर रविवार आठ नवंबर को विशेष ''मुहूर्त'' कारोबारी सत्र आयोजित करेंगे। दोनों एक्सचेंज ने यह जानकारी दी। दोनों एक्सचेंज द्वारा जारी अलग-अलग परिपत्रों के अनुसार, विशेष कारोबार सत्र दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक चलेगा। इससे पहले, दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक 15 मिनट का ''प्री-ओपनिंग'' सत्र आयोजित किया जाएगा। मुहूर्त कारोबार दिवाली के अवसर पर आयोजित होने वाला एक प्रतीकात्मक बाजार सत्र है। दिवाली हिंदू कैलेंडर के नए वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि ''मुहूर्त'' यानी शुभ समय में कारोबार करने से संबंधित पक्षों को समृद्धि और वित्तीय वृद्धि प्राप्त होती है।

- इस सत्र का महत्व पारंपरिक और प्रतीकात्मक महत्ता में अधिक



मुहूर्त कारोबार कम समय के लिए होता है आयोजित

हालांकि, दिवाली पर शेयर बाजार नियमित कारोबार के लिए बंद रहेगा, लेकिन निवेशकों को इस विशेष समयावधि में शेयरों की खरीद-बिक्री का अवसर मिलेगा। आम कारोबारी दिनों में शेयर बाजार सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक संचालित होते हैं, जबकि मुहूर्त कारोबार कम समय के लिए आयोजित किया जाता है। क्लोजिंग ऑक्शन की गतिविधियां दोपहर 3:15 बजे से 3:35 बजे तक होंगी, जबकि गैर-सीएएस प्रतिभूतियों के लिए क्लोजिंग सत्र दोपहर 3:30 बजे से 3:50 बजे तक चलेगा। सीएएस प्रतिभूतियों के लिए क्लोजिंग बफर अवधि दोपहर 3:35 बजे से 3:50 बजे तक निर्धारित की गई है।

बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है

बाजार विश्लेषकों ने आगाह किया है कि कारोबार की सीमित समयावधि के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। उनका कहना है कि इस सत्र का महत्व तत्काल मुनाफा कमाने के बजाय इसकी पारंपरिक और प्रतीकात्मक महत्ता में अधिक निहित है। एक्सचेंज के परिपत्रों के अनुसार, इस दौरान इक्विटी, जिंस डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, इक्विटी फ्यूचर्स एवं ऑप्शंस तथा एसएलबी सहित विभिन्न खंड में कारोबार किया जा सकेगा। एक्सचेंज ने विशेष सत्र के लिए विस्तृत समय-सारिणी भी जारी की है।

प्री-ओपनिंग सत्र 2.05 बजे से 2.20 बजे तक

परिपत्रों के अनुसार, कारोबारी सदस्यों को दोपहर 1:15 बजे से 1:50 बजे के बीच लॉग-इन करने की अनुमति होगी। इसके बाद दोपहर 1:50 बजे से 2:05 बजे तक थोक सौदों के लिए समय निर्धारित किया गया है। ''प्री-ओपनिंग'' सत्र दोपहर 2:05 बजे से 2:20 बजे तक चलेगा, जबकि नियमित कारोबार दोपहर 2:20 बजे से 3:30 बजे तक होगा। आवधिक कॉल नीलामी (पीरियोडिक कॉल ऑक्शन) सत्र दोपहर 2:25 बजे से 3:20 बजे तक निर्धारित किया गया है।

देशभर में रही दशहरा की धूम, देश उत्साह में डूबा, बोले पीएम मोदी

आज भारत का कोना-कोना राममय, आखिरकार असत्य पर सत्य की जीत होती है, लोगों को अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए



विजयादशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज भारत के हर कोने, गांव और शहर में भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विजयादशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के हर कोने, गांव और शहर में भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है तथा पूरा देश रामलीला के उत्साह में डूबा हुआ है। देशभर में आयोजित रामलीलाएं भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं को जीवंत बनाए रखने की परंपरा का प्रतीक हैं। विजयादशमी का पर्व अत्याचार और आतंक के अंत की उद्घोषणा करता है तथा यह इस शाश्वत विश्वास को दर्शाता है कि अंततः सत्य की असत्य पर विजय होती है।



रामलीला मैदान में कलाकारों की आरती करते प्रधानमंत्री

संकट में अपनी शक्ति और संसाधनों पर करें भरोसा

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बड़ी सीख मिलती है कि संकट कितना भी बड़ा हो और चुनौती कितनी भी कठिन, हमें दूसरों के भरोसे बैठकर इंतजार नहीं करना चाहिए। हमें अपनी शक्ति, संसाधनों पर विश्वास करना चाहिए, संकल्प को ताकत में बदलना चाहिए और कड़ी मेहनत के माध्यम से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए।

संकल्प को पूरा करें

विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ बढ़ें आगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने सिखाया कि रास्ते की कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकतीं। आज भारत को भी इसी मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने जोर दिया कि देश के सामने विकसित भारत के निर्माण और आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है।

श्रीराम ने हर परिस्थिति में धर्म- सत्य का पालन किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने तमाम कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्होंने धर्म का पालन किया और सत्य की स्थापना की। उनका जीवन सिखाता है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

इसे भारत की प्राण ऊर्जा बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में रामलीलाओं का मंचन, प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवंत रखने की परंपरा, अत्याचार और आतंक के अंत का उद्घोष और असत्य पर सत्य सनातन की विजय का विश्वास... हमारे लिए ये केवल त्योहार नहीं है, ये भारत की प्राण ऊर्जा है। इस देश ने, इसकी संस्कृति ने और इसके पूर्वजों ने हजारों वर्षों से प्रभु श्रीराम की उपासना की है। प्रभु राम ने हमें ऐसे आदर्श दिए जो मानवता के इतिहास में अतुलनीय है।

विजयादशमी पर राम जन्मभूमि का जिक्र



सीएम योगी बोले- 500 साल पहले हुआ था अन्याय

विजयादशमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का राजतिलक करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए विजयादशमी की बधाई दी। योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के बाद विजयादशमी सनातन धर्म का महापर्व है। उन्होंने कहा कि दुनिया में आक्रमणकारियों ने कई देशों की संस्कृतियों को नष्ट कर दिया, जो धीरे-धीरे लुप्त हो गईं। करीब 500 वर्ष पहले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि भी अन्याय का शिकार बनी थी।

जोधपुर में भी जली 'बुराई'

जोधपुर। मंगलवार को राजस्थान के जोधपुर में 'रावण का चबूतरा मैदान' पर 'दशहरा' पर्व के दौरान 'रावण' का पुतला जलाया गया। इसी तरह देश के अन्य राज्यों में भी रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ रही। सभी ने बुराई पर इसे अच्छाई की जीत बताया और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प भी लिया।





कुल्लू में सैकड़ों देवलुओं संग निकली माता हिडिंबा की भव्य शोभायात्रा

मनाली। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू घाटी की अधिष्ठात्री मां देवी हिडिंबा मंगलवार को सैकड़ों कारकूनों व देवलुओं के साथ दशहरे की शोभा बढ़ाने कुल्लू रवाना हुईं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की प्राचीन देव परंपरा निभाने के लिए अधिष्ठात्री माता हिडिंबा रवाना हो गईं। इसके हले मनाली स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान दर्शन करने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कॉकरोच का पुतला

दीपके ने आयोजकों को 'मुफ्त प्रचार' के लिए धन्यवाद दिया

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दिल्ली में एक रामलीला के आयोजकों को 'मुफ्त प्रचार' के लिए धन्यवाद दिया जिन्होंने रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों के साथ 30 फीट ऊंचा कॉकरोच का पुतला जलाने की घोषणा की है। दीपके ने कहा कि मुफ्त प्रचार के लिए धन्यवाद।



बच्चों ने धान पर उकेरे अक्षर, 'विद्यारंभम' की रस्म निभाई

चेन्नई। तमिलनाडु में विजयादशमी का पर्व धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया और इस अवसर पर हजारों परिवार अपने बच्चों के साथ मंदिरों और स्कूलों में जुटे, जहां नन्हे बच्चों ने पहली बार धान पर अक्षरों को उकेरा।

खबर संक्षेप

कुर्ला में बिजली के डक्ट में आग, 9 घायल

कुर्ला। मुंबई के कुर्ला इलाके में मंगलवार सुबह 13 मंजिला आवासीय इमारत के बिजली के डक्ट में आग लग गई। इसमें 3 बच्चों समेत 9 लोग घायल हो गए। आग सुबह करीब 6:53 बजे कोहिनूर एचडीआईएल बिल्डिंग नंबर 5 में लगी। आग बिजली के तारों और डक्ट में फैल गई। दमकल ने काबू किया।



तमिल अभिनेता का 37 की उम्र में निधन

चेन्नई। तमिल अभिनेता कार्तिक सबेश का सोमवार को निधन हो गया। वे 37 वर्ष के थे। वे संगीत निर्देशक सबेश के बेटे और दिवंगत संगीतकार देवा के भतीजे थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। हाल ही में उन्हें इलाज के लिए चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



मुंबई से लाल किला तक फहराएंगे भगवा झंडा

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई में पार्टी की दशहरा रैली के दौरान कहा भगवा उनकी पहचान है और इसे कोई छीन नहीं सकता। भगवा झंडा महाराष्ट्र विधानसभा के ऊपर ही नहीं, लाल किले पर भी फहराया जाना चाहिए।

विजयादशमी पर शाह पहुंचे लुधियाना, मान सरकार को सुनाई खरी-खरी

हमने पकड़ी 20 हजार करोड़ की ड्रग,हम माफिया को पाताल से ढूंढकर निकालेंगे

मान से सवाल-पंजाब में ड्रग पुड़िया बनकर कैसे आई

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब की स्थिति अत्यंत खराब, आप सरकार ने नशे को दिया बढ़ावा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को लुधियाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) की भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि हमने बंदरगाहों में बीस हजार करोड़ की ड्रग पकड़ी। क्या आप चाहते हैं कि हम ये न पकड़ें। अब मान बताएं कि पंजाब में ड्रग पुड़िया बनकर कैसे आ जाती है? आज हीमान जब बर्थडे मनाकर आए, तब एक इन्क्वायरी सीबाआई को दे दी।



मैं पंजाब की जनता से वादा करना चाहता हूं कि हमें जो केस उन्होंने सौंपा है, उसमें जो भी आरोपी होगा, कितना भी बड़ा होगा, उसे पाताल से भी ढूंढकर कानून के हवाले पहुंचाएंगे। शाह ने कहा कि आज की विजयादशमी मैं अपने जीवन में कभी भुला नहीं पाऊंगा।

आज मैं गुरदासपुर, संगरूर और मानसा... पंजाब के इन 3 स्थानों पर जाकर आया हूं। गुरदासपुर में विक्रमजीत सिंह, संगरूर में गुलजार सिंह और मानसा में परविंदर सिंह झोटा... इन तीनों को नशे के खिलाफ लड़ाई के कारण या तो अपनी जान गंवानी पड़ी है या आत्महत्या करनी पड़ी है।



पंजाब में नशे की समस्या के खिलाफ आवाज उठाने वाले ही सुरक्षित नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पंजाब में मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या को लेकर 'आप' सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नशा तस्करों के बढ़ते दुस्साहस ने भगवंत मान सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि 'आपदा' सरकार के दौर में युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो लोग इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, वे सुरक्षित नहीं हैं।

ड्रग्स के खिलाफ लड़ने वाले विक्रमजीत के परिवार से मिले,15 मिनट तक की बात

शाह ने पंजाब के पाकिस्तान सीमा से सटे गुरदासपुर जिले का दौरा किया और ड्रग तस्करी का विरोध करने पर मारे गए विक्रमजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। शाह ने परिवार के साथ करीब 15 मिनट बिताए। बताया जा रहा है कि परिवार ने उन्हें मांगों की एक लिस्ट सौंपी, जिसमें निष्पक्ष जांच, सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद शामिल है।यह दौरा गृह मंत्री शाह के पंजाब दौरे का हिस्सा है, जिसके तहत वह तीन ऐसे लोगों के परिवारों से मिल रहे हैं, जिनकी मौतों ने राज्य में नशे के खतरे की ओर सबका ध्यान खींचा है।

2029 तक पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे

पंजाब ड्रग्स मुद्दे पर शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पंजाब की स्थिति बहुत ही खराब है। पंजाब कीआप सरकार को शर्म आनी चाहिए। मैं चिट्टा (ड्रग्स) से परेशान लोगों से मिला। पंजाब की स्थिति जानकर दुख हुआ। शाह ने साफ कहा कि 2029 तक पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। पंजाब के हर जिले में नशा माफिया है। ड्रग्स माफिया को पाताल से ढूंढकर निकालेंगे। आज मैं गुरुदासपुर, संगरुर और मानसा, पंजाब के 3 स्थानों पर जाकर आया हूं। गुरुदासपुर में विक्रमजीत सिंह, संगरुर में गुलजार सिंह और मानसा में परविंदर सिंह झोटा, इन तीनों की नशे के खिलाफ लड़ाई के कारण या तो हत्या हुई है या उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी है।

गुलजार के परिवार से की बातें

3 महीने के अंदर मिलेगा इंसाफ..

संगरूर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार दोपहर को दिड़बा के नजदीकी गांव तूरबंजारा में मृतक गुलजार सिंह के घर पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। शाह ने परिवार को भरोसा दिलाया कि अगले दो-तीन महीने में उन्हें इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंसाफ दिलाने के बाद वह सिंह की आत्मिक शांति के लिए रखे जाने वाले भोग में भी शामिल होने आएंगे।

मैंने अपने आप को कभी इतना दुखी नहीं पाया

शाह ने कहा कि मैं 30 सालों से विधानसभा और लोकसभा में चुनकर आता हूं। कई जगहों पर कई हादसों में मैंने परिवारजनों से मिलने का काम किया और उन्हें सांत्वना दी लेकिन आज मैं देश और पंजाब की जनता को बताना चाहता हूं कि मैंने अपने आप को कभी इतना दुखी नहीं पाया है।

जांच सीबीआई को दी

मानसा। पंजाब के मानसा जिले में पिछले सप्ताह हुई एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में परिवार की ओर से सीबीआई जांच की मांग लगातार की जा रही थी, जिसे पंजाब सरकार ने स्वीकार कर लिया है। मंगलवार को राज्य के सीएम भगवंत मान ने यह ऐलान किया।

संघ का 101वां स्थापना दिवस

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने सेवा-योगदान को सराहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 101वें स्थापना दिवस के अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संघ की एक सदी की यात्रा को सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता के प्रति समर्पण का उल्लेखनीय उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संगठन के असंख्य स्वयंसेवकों ने कर्तव्यबोध और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज की सेवा की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह भावना देश के विकास को मजबूती प्रदान करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर संघ के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ ने सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय शताब्दी पूरी की है। उन्होंने संघ के उन कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया, जिन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम किया है। मोदी ने संदेश में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और देश के प्रति समर्पण की यह परंपरा आगे भी राष्ट्रीय विकास को गति देती रहेगी। संघ के स्वयंसेवकों की सेवा भावना और सामाजिक योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

शाह ने भी स्वयंसेवकों की सेवा भावना को सराहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आरएसएस के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत माता की सेवा में समर्पित हैं। देशभर में संघ के स्वयंसेवकों की ओर से किए जा रहे सेवा कार्य एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को लगातार मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए राष्ट्रहित में उनके योगदान की सराहना की। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा कार्यों के माध्यम से देश के विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने स्वयंसेवकों की राष्ट्र के प्रति निष्ठा को भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण से जुड़ा बताया।



सेवा, समरसता और राष्ट्र निर्माण पर जोर

संघ का स्थापना दिवस संगठन की स्थापना और उसकी वैचारिक-सामाजिक यात्रा की याद दिलाता है। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। संघ की गतिविधियों में शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों का संगठन, सामाजिक सेवा, आपदा के समय राहत कार्य और विभिन्न सामाजिक विषयों पर जनजागरण जैसी गतिविधियां शामिल रही हैं।

सौरभ-आशुतोष ने रिहाई के लिए चला अब नया दांव

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का मामला

हाईकोर्ट में दी मामले को चुनौती तत्काल सुनवाई की मांग भी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट के उस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसके तहत उनकी न्यायिक हिरासत 21 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी। अधिवक्ता अभिक चिमनी और पुष्प शर्मा ने दोनों नेताओं की रिहाई की मांग की। बचाव पक्ष ने दलील दी कि वे अब दोबारा ऐसा कोई कथित अपराध नहीं दोहराएंगे

हम नफरत नहीं करते, आप घर जाएं: दीपके



दीपके अपने सहयोगी दास और रांका के जेल में होने पर भावुक हो गए। दीपके ने सीजेआई के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से घर जाने की अपील भी की है। वीडियो में दीपके ने कहा कि हम नफरत के खिलाफ लड़ रहे हैं। नफरत हमारे अंदर न आए।

सीजेपी के समर्थन में उतरे अन्नामलाई

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और 'वी द लीडर्स' आंदोलन के संस्थापक के. अन्नामलाई ने दिल्ली में चुनाव आयोग और एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रही सीजेपी के नेताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। भले ही वे विरोध प्रदर्शन के तरीकों से पूरी तरह सहमत नहीं हैं, लेकिन मुद्दों और सवालों का पूरी तरह समर्थन करते हैं।

'टाइगर' पर गोलीबारी के बाद जलोटा ने दी सलमान को सलाह

बिश्नोई समाज से माफी मांग लो, घटनाओं को रोकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भजन गायक अनूप जलोटा ने टाइगर श्रॉफ से जुड़ी गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चल रही दुश्मनी को खत्म करने के लिए सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांग लेनी चाहिए। जलोटा ने कहा कि 1998 के काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार मामले को लेकर समाज में जो नाराजगी है, उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि सलमान के माफी मांगने से आगे होने वाली ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

◆ मैं इससे बहुत दुखी हूं, इस सबको रोकने का बस एक ही तरीका





सलमान को उठाना चाहिए ठोस कदम

गायक ने सलमान से यह भी आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि तो फिर, इस सब को खत्म करने के लिए बिश्नोई समाज से माफी मांगने का पक्का फैसला क्यों नहीं ले लेते? मैं बस यही चाहता हूं।

लॉरेंस गैंग की 2 महिला समेत 4 गिरफ्तार

टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में हथियार पहुंचाने को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों महिलाएं ट्रेन से हथियार लेकर मुंबई गई थीं। वहां उन्होंने हथियार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक हैंडलर को दिए थे। गिरफ्तार किए गए दो युवक हरियाणा के सोनीपत और दो लड़कियां उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। राधा और बबिता लॉरेंस गैंग के लिए कुरियर का काम करती थीं।

श्रॉफ पर फायरिंग मामला

डंकी रूट' से अमेरिका पहुंचा था अनिल पंडित



कथित तौर पर हमले की जिम्मेदारी लेने वाला गैंगस्टर अनिल पंडित अवैध 'डंकी रूट' के जरिए ही अमेरिका के कैलिफोर्निया पहुंचा था। मुंबई के जुहू में अभिनेता टाइगर पर हुए हमले के बाद यह मामला सुर्खियों में आया है। पंडित (32 वर्ष) मूल रूप से हरियाणा के पानीपत (रायरकलां गांव) का रहने वाला है। वह 2022 में रोजगार की तलाश में दुबई गया था। इसके बाद साल 2023-2024 में उसने 'डंकी रूट' (अवैध और खतरनाक रास्तों से सीमा पार करना) अपनाया और अमेरिका पहुंच गया।

आतंकवाद शांति और विकास के लिए गंभीर खतरा, पूरा तंत्र समाप्त करना जरूरी

एससीओ की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो टूक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को शांति और विकास के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया है। उन्होंने ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की 25वीं बैठक में बोलते हुए कहा कि आतंकवाद से न केवल निर्दोष लोगों की जान जाती है, बल्कि निवेश और व्यापार भी प्रभावित होते हैं। आतंकवाद समाज को कट्टरपंथ की ओर धकेलता है और युवाओं को उन अवसरों से वंचित करता है, जिनके वे हकदार हैं।

आतंकवाद से निपटने दोहरे मापदंड नहीं अपनाएं

आतंकियों के मददगारों की भी जवाबदेही तय करें



एससीओ की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में राजनाथ सिंह

सुरक्षा से निवेश के अवसर पैदा होते हैं

राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा से निवेश के अवसर पैदा होते हैं, संपर्क से व्यापार को बढ़ावा मिलता है और इन दोनों के माध्यम से लोगों के लिए नए अवसर तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा शंघाई सहयोग संगठन चाहता है जो सदस्य देशों के बीच सहमति से काम करे और ठोस परिणाम दे। भारत इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

सदस्य देशों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ताशकंद में सार्वभौमिक केंद्र और दुशांबे में मादक पदार्थ विरोधी केंद्र को शंघाई सहयोग संगठन की स्थायी संस्थाएं बनाने के बिश्केक में लिए गए फैसलों का स्वागत करता है। इन संस्थाओं की उपयोगिता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे आपस में कितना अच्छा तालमेल बनाती हैं और कितनी तेजी से अपने कार्यों को पूरा करती हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच बेहतर समन्वय और प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है।

आर्थिक भागीदारी हो

रक्षा मंत्री ने कहा कि सदस्य देशों के बीच आर्थिक भागीदारी समावेशी होनी चाहिए और इससे प्रत्येक देश को लाभ मिलना चाहिए। सभी देशों को अधिक मजबूत और संकटों का सामना करने में सक्षम आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने, व्यापार और निवेश को आसान बनाने तथा विकास के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की दिशा में काम करना चाहिए।

साझा समृद्धि महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि साझा समृद्धि के लिए संपर्क व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारत ऐसी संपर्क परियोजनाओं का समर्थन करता है, जो बाजारों को जोड़ें, व्यापार को आसान बनाएं और विकास के नए अवसर पैदा करें। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पहल मध्य एशिया को व्यापक बाजारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

आर्थिक सहयोग का लाभ समाज तक पहुंचे

राजनाथ सिंह ने कहा कि आर्थिक सहयोग का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचना चाहिए। भारत वर्ष 2026 से 2030 की अवधि के लिए बहुपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम की कार्ययोजना को अपनाने का समर्थन करता है। आर्थिक प्रगति का उद्देश्य उसके लाभ को आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

खबर संक्षेप

किम जोंग की 'ब्रेन हैमरेज से मौत' अफवाह

नई दिल्ली। उत्तर कोरिया ने तानाशाह किम जोंग की ब्रेन हैमरेज से मरने के अपुष्ट दावे किए जा रहे थे, जिसके बाद उनकी तस्वीरें सामने आई हैं। अमेरिका में रहने वाले चाइना डेमोक्रेसी पार्टी से जुड़े विपक्षी नेता वानजुन जी ने दावा किया था कि 42 वर्षीय किम जोंग की मौत हो गई है और सत्ता के उत्तराधिकार को लेकर पैदा हुए संकट के डर से बीजिंग ने प्योंगयांग में 9,000 सैनिक भेजे हैं। किम जोंग उन को गंभीर 'सेरेब्रल हैमरेज' (मस्तिष्क में रक्तस्राव) हुआ है।



मस्जिद में अनैतिक कृत्य के लिए 2 को फांसी

मक्का। सऊदी अरब ने मक्का की एक मस्जिद के अंदर अनैतिक कृत्य करने के दोषी दो बांग्लादेशी नागरिकों को फांसी दे दी है। सऊदी अरब के गृह मंत्रालय के अनुसार, ये मौत की सजा मक्का क्षेत्र में दी गई। जिन लोगों को फांसी दी गई, उनकी पहचान नजरुल इस्लाम अब्दुल बशीर और सिती अख्तर के रूप में हुई है। सऊदी सुरक्षा अधिकारियों ने इन दोनों को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद जांच के आधार पर उन पर आरोप तय किए गए।



मुंबई पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का बड़ा बयान

वेनेजुएला से अधिक कच्चे तेल के आयात व प्रसंस्करण पर रिलायंस संग करेंगे चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका, वेनेजुएला से अधिक कच्चे तेल के आयात और जामनगर स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की रिफाइनरी में इसके प्रसंस्करण को लेकर कंपनी के साथ बातचीत करेगा। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल क्षेत्रों का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इन तेल क्षेत्रों से भारी कच्चे तेल का उत्पादन होता है, जिसे अधिकांश रिफाइनरियों में प्रसंस्कृत नहीं किया जा सकता।

गुजरात के तट पर स्थित रिलायंस की रिफाइनरी में इस भारी कच्चे तेल के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक तकनीकी क्षमता मौजूद है। रुबियो ने मुंबई पहुंचने के बाद भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। मंगलवार को मुंबई में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रूबियो की मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद रहे। 2026 में रुबियो की यह भारत की दूसरी यात्रा है।

दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करेंगे

व्यापार, ऊर्जा, निवेश, रक्षा क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाएंगे



मार्को रुबियों और एस. जयशंकर मिलते हुए

मुंबई में मार्को रुबियो की विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ बैठक हुई। इस दौरान बातचीत में व्यापार वार्ता, ऊर्जा सहयोग, प्रौद्योगिकी साझेदारी, महत्वपूर्ण खनिजों और रूसी तथा वेनेजुएला के कच्चे तेल के आयात से जुड़े नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और अमेरिका से व्यापार, ऊर्जा, निवेश, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने अपने संबंधों को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की, जिसमें व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

रूसी तेल का विकल्प बनेगा वेनेजुएला

अमेरिका की कोशिश है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का तेल वेनेजुएला से भी खरीदे। यही वजह है कि अमेरिका चाहता है कि भारत की दिग्गज तेल रिफाइनिंग कंपनी रिलायंस वेनेजुएला में तेल शोधन का काम करे। अभी अमेरिका ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीद पर नरम रुख अपनाया हुआ है। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत जैसे देश ने स्वेच्छा से अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाई है, जो एक समझदारी भरा कदम है। लेकिन वे अब भी रूस से काफी मात्रा में ऊर्जा खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन से दूसरे दिन ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत को बदलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी और साझेदार भी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से की चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुंबई में अमेरिकी कांग्रेसनल प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान



उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रतिनिधिमंडल की सकारात्मक सोच और रुचि की सराहना करता हूं। हमने विशेष रूप से हमारे संबंधों के व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा, भारत में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे सहयोग को और गहरा करने के बारे में भी बात हुई।

रूबियो ने 26/11 मेमोरियल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता का संदेश देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुंबई के ताज होटल में बने 26/11 मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। 2008 में हुए इस आतंकी हमले में पाकिस्तानी आतंकियों ने 6 अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की जान ले ली थी। रूबियो ने 'एक्स' पर कहा कि ताज महल पैलेस होटल में, मैंने 26 नवंबर, 2008 के भयानक आतंकी हमलों के पीड़ितों - जिनमें 6 अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे - को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प चक्र अर्पित किया। हम उन लोगों को याद करते हैं जिन्हें हमने खो दिया, उन लोगों के साहस का सम्मान करते हैं जिन्होंने उस समय साहस दिखाया, और अमेरिका-भारत की मजबूत साझेदारी तथा आतंकवाद से लड़ने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं।

यूएई के विदेश मंत्री के साथ बैठक में बोले जयशंकर

खाड़ी के हालात पर भारत संवाद कूटनीति को लेकर मदद को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



एस. जयशंकर और अल नाहयान

खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण युद्ध के बीच मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ एक द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। साथ ही साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया गया। बैठक में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने खाड़ी के इलाके में बने हुए मौजूदा हालात को भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि इसे लेकर दोनों देश न केवल एकजुटता से कार्य करने बल्कि बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा देने वाले सभी प्रयासों को मजबूती से अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं।

द्विपक्षीय व्यापार 100 बिलियन डॉलर के पार

जयशंकर ने कहा कि भारत व्यापार, ऊर्जा और उर्वरकों की स्वतंत्र, सुरक्षित रूप से आवाजाही को बनाए रखने के पक्ष में भी हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच भारत, यूएई की आर्थिक साझेदारी निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वर्ष 2022 में हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीपा) के बाद से हमारा द्विपक्षीय व्यापार 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया है। दोनों पक्षों की वार्ता में सहयोग की व्यापकता, महत्वाकांक्षा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स, रक्षा, शिक्षा समेत आमजन के संबंधों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है।

यूएस, यूएई और भारत की त्रिपक्षीय बैठक



यूएई के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान, अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रूबियो और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मुंबई में त्रिपक्षीय बैठक की। बैठक में ऊर्जा से लेकर वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि बैठक में ऊर्जा, कनेक्टिविटी और वर्तमान हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। वहीं, मार्को रूबियो ने लिखा कि क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा करने और हमारी साझा आर्थिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय विदेश मंत्री और यूएई के विदेश मंत्री एबी जायद अल नाहयान के साथ मुलाकात करना बहुत अच्छा रहा।

एआई सुरक्षा मानकों के लिए वैश्विक संगठन बनाने पर जोर

सैम ऑल्टमैन ने फिर जताई चिंता

कहा- अकेली एक कंपनी नहीं रोक सकती बेकाबू एआई, साथ जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने अपने कर्मचारियों के साथ एक बैठक में स्पष्ट किया कि एडवांस्ड एआई को किसी बड़े संकट में बदलने से रोकने के लिए केवल एक कंपनी का प्रयास कभी काफी नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि एआई के विकास को धीमा करने के व्यावहारिक रास्ते बहुत कम हैं, इसलिए अब यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है कि इसका अंतिम नियंत्रण हमेशा इंसानों के हाथ में ही रहे। उन्होंने कहा कि एक अन्य विकल्प में कोई एक एआई कंपनी इतनी आर्थिक और तकनीकी ताकत हासिल कर ले कि दूसरी कंपनियों को जरूरी कंप्यूटिंग संसाधन न मिल सकें। इससे संभावित रूप से खतरनाक एआई सिस्टम बनाने की उनकी क्षमता सीमित हो सकती है।

बड़ी एआई कंपनियां मिलकर करें काम

सैम ऑल्टमैन ने बचाव के लिए खास दो उपाय सुझाए हैं। पहले विकल्प में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की तर्ज पर एक वैश्विक संगठन बनाने का विचार है। यह संस्था एडवांस्ड एआई के लिए सुरक्षा मानक तय कर सकती है और उनके पालन की निगरानी कर सकती है। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख देशों के बीच सहयोग जरूरी हो सकता है। दूसरे विकल्प में बड़ी एआई कंपनियां मिलकर एक साझा संस्था के तहत काम कर सकती हैं। इसका विचार सीईआरएन जैसी अंतरराष्ट्रीय रिसर्च संस्था से जुड़ा है, जहां कई देश मिलकर वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। ऑल्टमैन के बताए मॉडल में यह साझा संगठन सहयोग करने वाले देशों के लिए एआई मॉडल विकसित कर सकता है।



सैम ऑल्टमैन

यूएन में भारत की दो टूक

कहा- आतंकियों तक न पहुंचे संवेदनशील हथियार तकनीक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने आतंकवादियों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार पहुंचने के खतरे पर गंभीर चिंता जताई है। भारत ने वैश्विक समुदाय से दोहरे उपयोग वाली और संवेदनशील तकनीक के हस्तांतरण पर सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए सार्वभौमिक, गैर-भेदभावपूर्ण और सत्यापन योग्य कानूनी ढांचा बनाने, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का फैसला इंसानों के हाथ में रखने और संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय स्थिति सुधारने की जरूरत पर जोर दिया। निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति में भारत की ओर से लोकसभा सांसद आलोक कुमार सुमन ने कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने सदस्य देशों से विशेष रूप से उन पक्षों को संवेदनशील तकनीक देने के मामले में सतर्क रहने को कहा, जिनका अतीत में प्रसार गतिविधियों का रिकॉर्ड रहा है या जिनके आतंकवाद से संबंध हैं। इन टिप्पणियों को पाकिस्तान और परमाणु तकनीक के प्रसार से जुड़े नेटवर्क की ओर परोक्ष संकेत माना जा रहा है।



आलोक सुमन

एयर चीफ मार्शल सिंह की विदाई उड़ान



नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना में अपनी आखिरी उड़ान भरी। उनके साथ उनके पहले फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर, विंग कमांडर वी.एस. कोचर (रिटायर्ड) भी मौजूद थे। उन्होंने उसी एचजेटी-16 किरण विमान में उड़ान भरी, जिससे 28 जनवरी 1984 को उनके उड़ान सफर की शुरुआत हुई थी। डंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में, यह पल एक पूरे जीवन की सेवा, उड़ान के प्रति अटूट जुनून और एक पायलट व उसके इंस्ट्रक्टर के बीच के गहरे रिश्ते को दर्शाता है। यह उन पूर्व सैनिकों और गुरुओं को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी है, जिन्होंने वायु योद्धाओं की कई पीढ़ियों को तैयार किया है और आज भी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं। पहले सबक से लेकर वर्दी में भरी गई आखिरी उड़ान तक, एक विरासत ने उड़ान भरी है।

रूस-यूक्रेन में संघर्ष विराम की उम्मीद

शांति वार्ता के लिए जेलेंस्की नॉर्वे पहुंचे, ईयू नेताओं से होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶ कीव

राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की नॉर्वे के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मंगलवार को ओस्लो पहुंचे। वे युद्ध समाप्त करने के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूतों और यूरोपीय नेताओं के साथ भी चर्चा करेंगे। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ नॉर्वे पहुंचे। उनके सहयोगी जेरेड कुशनर फ्लू से पीड़ित होने के कारण इस बातचीत में ऑनलाइन शामिल होंगे। ओस्लो में होने वाली इस वार्ता में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के



ओस्लो में विमान से उतरते जेलेंस्की

प्रतिनिधि, साथ ही ईयू और नाटो के अधिकारी भी शामिल होंगे। इसमें राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत, राष्ट्रपति जेलेंस्की और नॉर्वे तथा फिनलैंड के नेता भी हिस्सा लेंगे। यूरोपीय संघ का प्रतिनिधित्व यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के कैबिनेट प्रमुख ब्योर्न सीबर्ट करेंगे। नाटो का प्रतिनिधित्व नाटो महासचिव मार्क रुटे के कार्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ करेंगे।

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं की कमी के विरोध में पेरिस में हिंसा

प्रदर्शनकारियों ने 4 करोड़ से ज्यादा की ई-बाइक जलाईं

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं के लिए अपर्याप्त फंड को लेकर चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच राजधानी पेरिस की सड़कों पर हिंसा की घटनाएं देखने को मिली हैं। अफरा-तफरी के माहौल में कई जगह इलेक्ट्रिक बाइकें जलती हुई दिखाई दीं। इस हिंसा से साइकिल और स्कूटर सेवा देने वाली कंपनियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। देश भर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान सैकड़ों वाहन नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शेयर मोबिलिटी सेवा देने वाली कंपनी 'डॉट' ने बताया कि उ्ल नुकसान लगभग 400000 यूरो (450000 डॉलर) का हुआ है।



प्रदर्शन के दौरान जली हुई ई-बाइक

प्रशासन की सख्ती के बाद हालात नियंत्रण में

फ्रांस के कई शहरों में जारी हिंसा और झड़प को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए। प्रशासन ने कर्फ्यू लगाकर स्थिति को नियंत्रित किया। फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू ने शांति व्यवस्था के लिए अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लक्षित क्षेत्रों में लगाए गए कर्फ्यू की वजह से हालात काफी हद तक शांत रहे। मैं उन पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बल के जवानों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने कर्फ्यू को प्रभावी ढंग से लागू कराया। साथ ही, मैं प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पूरी सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। लिमोगेस शहर में टाउन हॉल को आग लगा दी गई, जबकि 3000 से ज्यादा दुकानों में लूटपाट की गई।

ई-बाइक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

पूरे पेरिस में हजारों साइकिलें सड़कों और डॉकिंग स्टेशनों पर मौजूद हैं। इससे प्रदर्शनकारियों के लिए इन्हें हासिल करना आसान हो गया और उन्होंने इनका इस्तेमाल बैरिकेड बनाने या इन्हें आग लगाने के लिए किया। इलेक्ट्रिक बाइक में अक्सर लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल होता है, जिनमें आग लग सकती है और इनसे बहुत ज्यादा गर्मी और जहरीला धुंआ निकल सकता है। ऐसी आग तेजी से फैल सकती है, जिससे हिंसक प्रदर्शनों के दौरान जलती हुई ई-बाइक एक बड़ा सुरक्षा खतरा बन सकती हैं।

इटली: मिलान में हिंसा की आशंका से लग्जरी स्टोर बंद, 500 सैनिक तैनात

रोम। इटली के मिलान शहर में वीकेंड पर हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का फैसला किया है। डिप्टी पीएम मातेओ साल्विनी ने शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 500 अतिरिक्त सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया। हिंसा की आशंका के बीच मिलान के प्रमुख लग्जरी शॉपिंग इलाकों में कई दुकानों को बंद कर शोकेस से कीमती सामान हटा लिया गया। सप्ताहांत में मिलान ही वो शहर था जहां प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जबरदस्त झड़पें हुईं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने दुकानों में लूटपाट की और सार्वजनिक के साथ ही निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। शनिवार को शुरू हुआ प्रदर्शन शुरुआत में शांतिपूर्ण था, लेकिन बाद में कई जगहों पर हालात बेकाबू हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने कूड़ेदानों में आग लगाई और पुलिस पर पथराव किया।



पेज एक का शेष...

शस्त्र पूजन भारतीय ...

पहल की जा रही है। इसके लिए 750 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने मां कालका की आराधना व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परंपरागत तलवार, भाला सहित अत्याधुनिक एके-47 और अन्य अस्त्र-शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को विजयादशमी के मौके पर पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। महिला पुलिस दल की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय सनातन संस्कृति, शौर्य, शक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है।

रिजीम चेंज से...

कि आप सब की अच्छी तरह समझी इन बातों को इसलिए दोहरा रहा हूं क्योंकि समझदार लोग भी विचलित हों ऐसा वातावरण है अथवा खड़ा किया जा रहा है। भारत सहित सारे विश्व में जो जो भद्रता, मांगल्य, सांस्कृतिक व मानवीय संस्कार है, वह सारा नष्ट-भ्रष्ट, उद्धवस्त करने की आसुरी प्रतिज्ञा लेकर पश्चिम से एक आंधी चली है। विश्व भर के तथाकथित प्रगत देश भी उससे त्रस्त, असहाय हैं। परंतु पिछले दशकों में भारत ने स्वयं की शक्ति तथा सुनीति के कारण विश्व में धीरे धीरे अपना स्थान बनाया है। भारत के समाज का पुरुषार्थ सुदृढ़ नीतियां, नेतृत्व, देशाभिमान तथा विश्व के प्रति अपने दायित्व के बोध की जागृति के कारण सभी क्षेत्रों में यशस्वी हो रहा है। गौर हो कि विजयदशमी के दिन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रखी गई थी। संघ अपने जीवनकाल के 101वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

आसुरी ताकतों के ...

उन्हें सहायता के लिए मिल जाते हैं। क्षुद्र सत्तास्वार्थ तथा विवेकहीनता के कारण देश के कुछ महत्वाकांक्षी नेता लोग भी शामिल होते है।

आंदोलन दूसरे लक्ष्य ...

संविधान कानून की मर्यादा में बोलचाल चलन के भद्र व्यवहार के संकेतों की मर्यादा में हमारी कृतियो हों। संघ प्रमुख ने कहा कि वोट, सस्ती लोकप्रियता अथवा राजनीतिक लाभ का लोभ हमारे विवेक व सद्भावना पर हावी न हो यह चिंता करनी ही पड़ेगी। डॉ. भागवत ने कहा कि समाज की सब समस्याएं शासन ही सुलझा सकता है अथवा आंदालनों से ही समस्याएं सुलझती है ऐसा भी अनुभव नहीं है। समाज की सक्रियता व आपसी संवाद के आधार पर भी समस्याओं का समाधान निकल सकता है। आंदोलन दूसरे लक्ष्य से चले तो राजनीति का साधन बन जाता है।

दशहरा भारत की ...

हमें बहुत सीख मिलती है। कितनी भी बड़ी परेशानी है, कितनी भी बड़ी चुनौती हो, हमें दूसरों के भरोसे नहीं बैठना है, हमें अपने संकल्प को शक्ति बनाना है। अपने परिश्रम से रास्ता निकालना है। रास्ते की कठिनाइयां हमारे पराक्रम को रोक नहीं सकतीं।

दिग्विजय सिंह ने ....

कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय साधु-संत और समर्थक शामिल हुए। महाकाल मंदिर से शुरू होकर यात्रा उज्जैन के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया। इस मौके पर दिग्विजय ने कहा कि सनातन धर्म सभी को साथ लेकर चलने, सहिष्णुता और वसुधैव कुटुंबकम की भावना सिखाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म किसी एक राजनीतिक दल या संगठन का नहीं है, बल्कि यह हर उस भारतीय का गौरव है जो सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलता है। यह यात्रा धार्मिक प्रतीकों के राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ सनातन संस्कृति के वास्तविक मूल्यों सद्भाव, समावेशिता और जनकल्याण को समाज के बीच पुनरस्थापित करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा आगामी दिनों में मालवा-निमाड़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर गुजरेगी। करीब 950 किलोमीटर लंबी यह ऐतिहासिक पदयात्रा लगभग 70 दिनों में भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में समाप्त होगी। इस दौरान यात्री रोजाना 15 किमी पैदल चलेंगे।

यह है यात्रा का पूरा रूटः उज्जैन - तराना - शाजापुर - सारंगपुर - खुजनेर - राजगढ़ - चांचौड़ा - आरोन - अशोकनगर - चंदेरी - तालबेहट - जेरोन - ओरछा - चिरगांव - उरई - कालपी - कानपुर देहात - लखनऊ देहात - बाराबंकी - अयोध्या।

बोलीं- चुनाव नजदीक ...

आते ही भगवान राम की याद क्यों आ रही है और अब उन्हें इंसाफ दिलाने का संकल्प क्यों लिया जा रहा है। यात्रा राम मंदिर के चंदे में कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर प्रस्तावित है। अब भगवान राम को इंसाफ दिलाने की बात कर रहे हैं।

मां ने तीन...

चिल्लाने की आवाज सुनी। डॉक्टरों ने मंजू (28), उसकी चार वर्षीय बेटी अन्नू और तीन वर्षीय बेटे अनुज को मृत घोषित कर दिया। आरुषि की जान बच गई। मंजू के पति नेतराम उर्फ निजाम सिंह गौण ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे गांव की महिलाएं उनके घर पहुंचीं और पत्नी-बच्चों के कुए में होने की जानकारी दी। मजदूरी करने वाले नेतराम का कहना है कि उनके और पत्नी के बीच कोई विवाद नहीं था। उन्हें यह भी नहीं पता कि मंजू ने ऐसा कदम क्यों उठाया। मंजू की मां उमा रानी ने आरोप लगाया कि नेतराम शराब पीकर उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था।

लिखा- दशहरे पर...

दी। दरअसल, राज्य शासन ने हाल ही में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जबलपुर नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार का तबादला भोपाल कर दिया है। भाजपा विधायक की टिप्पणी पर युवा कांग्रेस नेता दृगपाल सिंह लोदी ने आपत्ति जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि एक प्रशासनिक अधिकारी की तुलना भगवान श्रीराम से क्यों की गई। सोशल मीडिया पर विरोध और प्रतिक्रियाएं बढ़ने के बाद विश्नोई ने अपनी पोस्ट हटा दी।

हरमनप्रीत और ...

बनाए, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंदों पर नाबाद 91 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत का यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सातवें या उससे निचले क्रम की बल्लेबाज के तौर पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। इस सूची में शीर्ष स्थान पर भी हरमनप्रीत ही हैं, जिन्होंने 2018 में 103 रन बनाए थे। गेंदबाजी में नंदनी शर्मा ने 18 रन देकर तीन विकेट झटके। इस जीत के साथ भारत ने घरेलू मैदान पर टी-20 में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने 2016 में बांग्लादेश को 72 रन से हराया था।

मॉडल श्रद्धा दुबे ...

और चालक फरार थे। श्रद्धा लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि श्रद्धा को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर लखनऊ की अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है। फरारी के दौरान श्रद्धा आगरा के ताज नगरी फेज-1 स्थित ओम पैलेस होटल में करीब 24 घंटे रुकी थी। 17 अक्तूबर को सुबह 6:53 बजे उसके होटल में पहुंचने की बात कही गई है। इससे जुड़े सीसीटीवी फुटेज सामने आने का भी दावा किया गया है।

निषाद कुमार ने ..

के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि राकेश 49.35 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक मिला। प्रदीप कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। निषाद कुमार ने पुरुषों की हाई जंप टी47 स्पर्धा में 2.02 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में दीप्ति जीवनजी ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत की पदक तालिका में एक और स्वर्ण जोड़ा। इसी स्पर्धा में तेजलबेन डामोर ने कांस्य पदक जीतकर भारत को दोहरी सफलता दिलाई।

छत्तीसगढ़ में दो नई रेल सेवाओं की शुरुआत, रावघाट और कुरुद से रायपुर तक सफर हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

10 साल बाद पटरी पर लौटी रायपुर-कुरुद रेल सेवा, याद आया बचपन, परिवार के साथ सफर



अब नई मेमू ट्रेन शुरू होने से लोगों की पुरानी यादें ताजा हो गईं और आवागमन का एक नया विकल्प भी मिल गया, दूसरी ओर आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक रेल पहुंची। मंगलवार को दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाते हुए ट्रेन को कुरुद के लिए रवाना किया।

हले दिन ट्रेन से सफर करने के लिए राजिम, धमतरी और आसपास के 20 से अधिक गांवों से 500 से ज्यादा यात्री रायपुर स्टेशन पहुंचे। शाम 3 बजे ट्रेन के रवाना होने का समय आया तो स्टेशन पर खुशी का माहौल बन गया। ट्रेन धीरे-धीरे आगे बढ़ी तो यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से हाथ हिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, कांकेर सांसद भोजराज नाग, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

रेलवे के बजट में हुआ बड़ा इजाफा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए शुभ है। राज्य को दो नई यात्री रेल सेवाओं की सौगात मिली है। रावघाट में खड़ी ट्रेन रायपुर तक आएगी, जबकि कार्यक्रम में मौजूद दूसरी ट्रेन कुरूद के लिए रवाना होगी। आने वाले दिनों में धमतरी तक भी रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि राज्य में रेलवे के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय छत्तीसगढ़ को रेलवे के लिए करीब 300 करोड़ रुपये का बजट मिलता था, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर लगभग 7,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इससे राज्य में रेल परियोजनाओं को गति मिली है।

जवारा विसर्जन में मधुमक्खियों का हमला, 20 घायल

देवास। जिले के राजोदा गांव में जवारा विसर्जन के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इससे धार्मिक आयोजन में अफरा-तफरी मच गई और जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से करीब 12 लोगों को उपचार के लिए देवास जिला अस्पताल लाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल कान्हा को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। मधुमक्खियों से बचने के लिए कोई खेतों की ओर भागा तो कोई दूसरी दिशा में दौड़ने लगा।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना श्यामला हिल्स नगरीय पुलिस जिला भोपाल

क्रमांक / था.प्र./डी- 517/2026 दिनांक : 15/10/2026
अप.क्र.- 99/2026 धारा 137(2) बीएनएस जिला-भोपाल

// जाहिर सूचना //



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/05/2026 को थाना श्यामला हिल्स जिला भोपाल में सूचक फरियादिया श्रीमति रेखा जार्ज पति इमानुवेल जार्ज उम्र 40 साल निवासी झुग्गी नं.209 विज्ञान केन्द्र के पास थाना श्यामला हिल्स भोपाल मोबा. नं. 7697182547 ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मेरी लडकी स्ट्रेला जार्ज पिता इमानुवेल जार्ज उम्र 16 साल की दिनांक 20/05/2026 को घर पर बडी बहन फतीमा जार्ज के साथ घर पर छोड कर काम करने दिन के 10.00 बजे गई थी रात को 10.00 बजे घर वापस आयी तो मेरी लडकी स्ट्रेला जार्ज घर पर नही कि मेरी लडकी स्ट्रेला जार्ज को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है मैने लडकी स्ट्रेला जार्ज की तलाश मौहल्ले व आस पडौस मे की लेकिन मेरी लडकी स्ट्रेला जार्ज का पता नही चला जिसका चेहरा गोल रंग गेहूआ कद 5 फिट लगभग नाक मे लौग पहने है कान मे कुछ नहीं सीधे हाथ मे बैसलेट पहने है गले मे रूद्राक्ष काले धागे मे पहना है एवं फरोजी व्हाईट रंग का शूट कुर्ती नीचे जींस नीले रंग का पहने है पैरो मे सेन्डल पहने है तो थाना श्यामला हिल्स भोपाल के दूरभाष क्रमांक 7049106621, 9617349826 पर सूचना देने की कृपा करे।

थाना प्रभारी
थाना श्यामला हिल्स भोपाल

G-20330/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय अशोकनगर म.प्र.

क्र./ई-निविदा/2026/13364 संक्षिप्त विज्ञप्ति अशोकनगर, दिनांक 15/ 10/2026

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु) जिला चिकित्सालय अशोकनगर में वर्ष 2026-27 के लिये जिला चिकित्सालय में गेट पास के लिये एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आधारित म०प्र० शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें कय की जावेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संबध में निविदा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

S. N.	Online Tender Id	Tender Description	Tender Fees	Publishing Date	Download/Sale started date	Prebid Meeting date	Submission started date	Submission End date	Technical Bid opening date
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1		गेट पास	500	21-10-2026 At 10:30 Hrs	21-10-2026 At 10:30 Hrs	26-10-2026 At 16:00 Hrs	26-10-2026 At 16:30 Hrs	07-11-2026 At 17:30 Hrs	09-11-2026 At 13:00 Hrs

नोट:-
1. ऑनलाइन निविदा निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरगि बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक्क से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा।
2. निविदाएँ ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।
3. निविदाओं के संबंध में नियत दिनांकों में निविदाओं की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।
4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईड www.mptenders.gov.in पर जो दिनांक व समय दिया जाऐगा वही सभी निविदाकारों के लिये मान्य होगा।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक
जिला चिकित्सालय अशोकनगर (म.प्र.)

जी -20308/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय थाना प्रभारी थाना स्टेशन बजरिया जिला भोपाल

क्रमांक / गुम इं. 42/26 दिनाँक 07/10/26

// जाहिर सूचना //



सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि थाना स्टेशन बजरिया जिला भोपाल के गुम इंसान क्रमांक 42/26 के गुमशुदा अभिषेक पति स्व. राजकुमार उम्र 27 साल निवासी गली नंबर 06 मकान नंबर 41 क्रीती मेडीकल के पास पुरुषोत्तम नगर थाना स्टेशन बजरिया भोपाल का दिनांक 15/07/26 को प्रातः 04.00 बजे घर से बिना बताये कही चले गये है। जिसका हुली रंग, सावला चेहरा लंबा उचाई 5 फिट 10 इंच लाल नीले रंग की टी शर्ट स्काई व्लू रंग की जीन्स की पेन्ट तथा पैर मे जूते पहने है। उपरोक्त गुमशुदा के बारे मे कोई जानकारी हो तो थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में सम्पर्क करें अथवा थाना को मोबाईल नम्बर 9479990523 या 7049106415 पर तत्काल सम्पर्क करें ।

थाना प्रभारी
थाना स्टेशन बजरिया भोपाल

G-20307/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ जिला - टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/7255/न.पा./निर्माण/2026 टीकमगढ, दिनांक 16/10/2026

:: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_ 544171_1	वार्ड क्रमांक 20 में इन्द्रपुरी कॉलोनी में सार्वजनिक पार्क की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य ।	321371/- 3 माह	2000/- 3214/-	को 05.30 बजे तक

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिजिटल विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
समाचार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

वृष मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

सिंह आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

कन्या किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

वृश्चिक किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

मीन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

शब्द पहेली - 6384



बाएँ से दाए-
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

ऊपर से नीचे
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

शब्द पहेली -6383 का हल

	अ	नु	भ	व		शा	का	हा	र	
अ		क्का		ल		मि		नि		अ
ह	म		का	या	प	ल	ट		का	का
म		रा		का		हो		श		र
क	हा	नी	का	र		ना	म	क	र	ण
	द								सो	
अ	सा	म	थि	क		आ	ज	मा	ई	श
चा		स्त		म		रा		न		रा
न	ल		नी	ल	क	म	ल		खों	फ
क		भ		ना		दे		क		त
	को	ला	ह	ल		ह	र	जा	ई	

सूडोकु नवताल- 6394 ★★★☆☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6393 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

विजयादशमी पर स्वयंसेवकों ने निकाले पथ संचलन, पूर्ण गणवेश में किया कदमताल



विजयादशमी पर आरएसएस के पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवक। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर संचलन और शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भोपाल की विभिन्न बस्तियों में निकले संघ के 50 से अधिक पथ संचलन, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

अनुशासन-राष्ट्रभक्ति का दिखा संगम शस्त्र पूजन के कार्यक्रम भी किए गए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सोमवार को भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न बस्तियों में निकले पथ संचलनों में हजारों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों के अनुशासित संचलन ने नगर में राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर आम नागरिकों ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि अभी तक 68 संचलन निकल चुके हैं 150 से अधिक निकालने की योजना है। आगामी 25 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के दिन बड़ी संख्या में पथ संचलन संपन्न होंगे।

संघ चालक अशोक पांडे बोले-

समाज में संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता

आंबेडकर नगर की कोटरा बस्ती में सरस्वती स्कूल परिसर से पथ संचलन में प्रांत संघ चालक अशोक पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की स्थापना, उसकी सौ वर्ष की यात्रा और वर्तमान परिदृश्य में संघ कार्य की भूमिका पर विचार रखे। पंच परिवर्तन के विषय को विस्तार से समझाते हुए समाज में जागरुकता, संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज के बीच सक्रिय रहकर सेवा कार्यों में योगदान देने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और राष्ट्रहित के कार्यों में सहभागी बनने की प्रेरणा दी गई।







विजयादशमी पर आंबेडकर नगर बस्ती में निकले पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। अन्य तस्वीर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते अतिथि।

सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका आवश्यकः कैलाश लोवंशी

आंबेडकर नगर के नेहरू नगर बस्ती में डी सेक्टर स्थित पानी की टंकी के पास शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल विभाग के प्रचारक कैलाश लोवंशी मुख्य वक्ता रहे। अंबेडकर नगर के नगर संघ चालक गोपालदास मेहता उपस्थित रहे, जबकि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी एवं शास्त्रीय गायक उल्लास तैलंग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक बिस्पुते की उपस्थिति भी रही। मुख्य वक्ता कैलाश लोवंशी ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला, सभी वर्गों के सहयोग पर जोर

आंबेडकर बस्ती स्थित आराधना उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में तात्या टोपे भाग के भाग संघचालक ज्ञान प्रकाश तिवारी मुख्य वक्ता रहे। सह संघचालक रामस्वरूप राय और स्थानीय समाजसेवी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष विकास शर्मा उपस्थित रहे। यहां संघ की सौ वर्ष की यात्रा, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला बताते हुए परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मीयता का भाव विकसित करने और समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जनसहभागिता ने बढ़ाया उत्साह

पथ संचलन के दौरान अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। लोगों ने अनुशासित कदमताल का स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया। नागरिकों की यह सहभागिता कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण रही। संघ के स्वयंसेवकों ने भी अनुशासन और एकजुटता के साथ संचलन में भाग लेकर सामाजिक जीवन में संगठन की महत्ता का संदेश दिया।

सीएम ने दीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्र के नव निर्माण व गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना के संकल्प के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि संघ ने अपनी दीर्घ यात्रा में मां भारती की सेवा के लिए असंख्य स्वयंसेवक दिए। अनुशासन, समर्पण और श्रम के प्रतीक, सभी स्वयंसेवक मातृभूमि के लिए अपने संकल्पों को साकार करें, यही मंगलकामना है।

मां काली की पूजा और शस्त्र-पूजन कर सीएम बोले- राम राज्य की स्थापना ही हमारा ध्येय

सीएम डॉ. यादव ने विजयादशमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में किया शस्त्र-पूजन

- *शस्त्र-पूजन शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक*
- *मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में शस्त्र-पूजन किया। उन्होंने शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी और पुलिस के अत्याधुनिक शस्त्रों, वाहनों का पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा अधिकारी समीर यादव का तिलक भी किया।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, सुरक्षा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लोक कल्याण और राम राज्य की स्थापना हमारा ध्येय है। गरीब कल्याण और हर नागरिक के कष्ट दूर करना प्राथमिकता है। उन्होंने आरएसएस स्थापना दिवस की भी बधाई दी।



मुख्यमंत्री निवास पर शस्त्र पूजन करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

सांकेतिक रूप से किया हर्ष फायर

मंत्रोच्चार व विधि-विधान से पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन संपन्न, मंत्री सारंग व सांसद शर्मा ने की पूजा



शस्त्र पूजन करते मंत्री विश्वास, सांसद आलोक, पुलिस कमिश्नर संजय।

भोपाल। विजयादशमी पर नेहरू नगर पुलिस लाइन में परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों, वाहनों और मशीनरी का पूजन कर हवन किया गया, बाद में सांकेतिक हर्ष फायर हुआ। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर संजय कुमार ने पुलिस परिवार और शहरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।



शस्त्र पूजन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शस्त्र पूजन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को रक्षित केंद्र, बैतूल में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन धर्म की रक्षा, न्याय की स्थापना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक है। यह परंपरा शक्ति के साथ दायित्व, साहस के साथ मर्यादा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के शाश्वत मूल्यों को अभिव्यक्त करती है।

विजयादशमी पर्व पर प्रदेश के जिलों में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

विजयादशमी पर प्रदेश के सभी जिलों में परम्परागत शस्त्र-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुए। सनातन संस्कृति में यह परम्परा शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग और राष्ट्र सुरक्षा के कर्तव्यबोध का प्रतीक है। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मंदसौर में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और रीवा में राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए। धार में कैलाश विजयवर्गीय, जबलपुर में राकेश सिंह समेत सभी मंत्रियों ने प्रभार जिलों में पूजन किया। नव नियुक्त कलेक्टरों ने भी धूमधाम से शस्त्र पूजन कर शुभकामनाएं दीं।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन कर रही कांग्रेस

कांग्रेसियों ने दशहरे पर प्रदेशभर में जलाया चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस ने विजयादशमी पर प्रदेश भर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। भोपाल के सेकंड स्टॉप स्थित अंबेडकर जयंती मैदान पर भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया। भोपाल कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होगा। तब तक राहुल गांधी और जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता सड़कों पर लड़ाई लड़ते रहेंगे और एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की महारैली में भोपाल से हजारों कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे।

एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की महारैली में हजारों कार्यकर्ता जाएंगे दिल्ली



चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

पदयात्रा और बाइक रैलियों का होगा आयोजन

दशहरे के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां महात्मा गांधी या डॉ बीआर आंबेडकर की प्रतिमा से एसडीएम कार्यालय अथवा स्थानीय प्रशासनिक मुख्यालय तक पदयात्रा, साइकिल रैली या बाइक रैली निकालेंगी। मार्च के समापन स्थल पर कार्यकर्ता संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ करेंगे, राष्ट्रगान गाएंगे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराएंगे। अभियान के अंतिम चरण में 25 और 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर 'दिल्ली चलो' कार्यक्रम होगा। प्रदेश के सभी कार्यकर्ता 25 नवंबर को ग्वालियर में इकट्ठे होंगे उसके अगले दिन 26 नवंबर को दिल्ली के लिए वाहनों से रवाना होंगे।

25 से 'वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल'

कांग्रेस 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक 'वोट बचाओ-देश बचाओ चौपाल' अभियान चलाएगी। इसके तहत गांवों में चारपाई के आसपास चौपाल लगाई जाएगी। इसमें प्रभावित बताए जा रहे मतदाताओं, बुजुर्गों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों को शामिल कर मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। चौपालों में संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ, राष्ट्रगान और पर्चा वितरण भी होगा। पहले दिन प्रदेश और जिला मुख्यालयों पर वरिष्ठ प्रदेश कांग्रेस नेताओं और जिला कांग्रेस अध्यक्षों के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस होंगी। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यकर्ता समन्वय बैठकें और ब्लॉक स्तर पर बूथ लेवल एजेंट्स के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी।

टोरंटो से बैंकॉक होते हुए आया विमान, नियमित उड़ान शुरू होने में लगेंगे डेढ़ से दो महीने

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीवीआईपी यात्राओं में होगा इस्तेमाल

मप्र सरकार का नया जेट विमान भोपाल पहुंचा, 234 करोड़ रुपए में खरीदा बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500, सफर सुरक्षित, सरल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार का नया आधुनिक जेट विमान बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 भोपाल पहुंच गया है। करीब 234 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे गए इस विमान का इस्तेमाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं के लिए किया जाएगा।

विमान कनाडा के टोरंटो से बैंकॉक होते हुए भोपाल पहुंचा। हालांकि, इसे नियमित उड़ान सेवा में शामिल करने से पहले जरूरी कानूनी और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं। अनुमान है कि विमान के नियमित संचालन में डेढ़ से दो महीने का समय लग सकता है। बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 आधुनिक सुविधाओं से लैस व्यावसायिक जेट विमान है। इसकी उड़ान क्षमता लगभग 6,297 से 6,300 किलोमीटर बताई गई है। विमान करीब 45 हजार फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति लगभग 882 किलोमीटर प्रति घंटा है। लंबी दूरी की यात्राओं के लिए तैयार इस विमान से मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी यात्राओं को सुविधाजनक बनाने की योजना है। नए जेट के संचालन की तैयारी के तहत मध्यप्रदेश के कैप्टन विश्वास राय और कैप्टन अरविंद सिंह कनाडा में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं।



डीजीसीए की मंजूरी के बाद शुरू होगा नियमित संचालन

विमान के भोपाल पहुंचने के बाद अब इसके नियमित संचालन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जरूरी कानूनी और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी होना बाकी हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की टीम भोपाल पहुंचकर आवश्यक जांच और औपचारिकताएं पूरी करेगी। नियामकीय मंजूरी मिलने और शेष प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही विमान नियमित उड़ान सेवा में शामिल हो सकेगा।

270 करोड़ रुपए निजी कंपनी को विमान सेवा के लिए दे चुकी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हवाई यात्राओं के लिए विमान का कॉल साइन सी-फ्लर्म बताया गया है। हालांकि मप्र एवियशन डिपार्मेंट एटीसी के कॉल साइन इंतजार जल्द ही खत्म होगा। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हाइटेक और आधुनिक विमान में सफर करते हुए नजर आएंगे।

268 करोड़ रुपए का होगा बीमा

विमान की सुरक्षा और जोखिम को देखते हुए सरकार करीब 268 करोड़ रुपए का ऑल-रिस्क बीमा कराने की तैयारी में है। इसके लिए सालाना लगभग दो करोड़ रुपए का प्रीमियम आने का अनुमान है। विमान के संचालन से संबंधित बीमा और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना भी प्रक्रिया का हिस्सा है।

सीएम आज वितरित करेंगे अनुकंपा नियुक्ति आदेश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रवींद्र भवन में बुधवार 21 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के अनुकंपा नियुक्ति आदेश वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री नवनियुक्त कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे होगा। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय अभिषेक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 655 सहायक ग्रेड- तीन, 26 प्राथमिक शिक्षक और 257 पात्र भृत्यों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राम बाण से रावण व मेघनाद का दहन, आकर्षक आतिशबाजी ने समां बांधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व दुशहर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अक्सर पर कई शुभ कार्यों शुभारंभ के साथ कई स्थानों पर पर रावण के पुतले दहन किए गए।

प्रमुख कार्यक्रम संस्था नव युवक सभा द्वार हाई स्कूल ग्राउंड पर आयोजित किया गया। पहले नव युवक सभा भवन से जुलूस के रूप में राम-बारात की आकर्षक झांकी निकली। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई बारात दशहरा मैदान पहुंची, जहां भगवान राम व लक्ष्मण द्वारा बाण चलाकर रावण (51 फीट), मेघनाद (45 फीट) के पुतलों का दहन किया गया। यहां पर आकर्षक आतिशबाजी की गई।

सांसद आलोक, विधायक रामेश्वर ने की पूजा-अर्चना



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा एंव एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी व पार्षद अशोक मारन विशेष रूप से मौजूद थे। यहां पर मेरा सैयद आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने आकर रावण दहन कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, महेश दयारामानी, नरेंद्र लालवनी, सुरेश राजपाल, दिनेष वाधवानी, धर्मप्रकाश मोटवानी, कन्हैयालाल रामनानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राम बारात निकली, कई स्थानों पर पर रावण के पुतले का किया गया दहन



खबर संक्षेप



औबेदुल्लागंज में शांति विधान का आयोजन

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में मंगलवार को दसवें दिन जैन समाज द्वारा शांति विधान का आयोजन पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में किया गया। सौ धर्म इंद्र बनने का सौभाग्य लक्ष्मी-संत कुमार जैन, नाहर फैक्ट्री परिवार औबेदुल्लागंज को प्राप्त हुआ। विधान आचार्य पंडित प्रकाश जैन संगीत के साथ पूजन कराया। ऐलक श्री दयासागर महाराज ने बताया कि इस पक्ष में शांति विधान करने से कर्मों की निर्जरा होती है। इस अवसर पर इंदिरा तरुण जैन एलसी जैन पुष्प जैन पंडित लक्ष्मी चंद इंजीनियर मुकेश जैन समाज अध्यक्ष सुनील तामोट सुनील संता वर्धमान पूर्व पार्षद मीना जैन संगीता जैन अंशुल जैन शुभम वर्धमान मौजूद थे।

युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

भोपाल। चूना भट्टी इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक चूना भट्टी में किराए का मकान लेकर दो साल से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण युवक ने क्यों और किन कारणों से खुदकुशी की, इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय धमेंद्र शाह मूलतः छिंदवाड़ा का रहने वाला था। वह दो साल से भोपाल के चूना भट्टी इलाके में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। कई बार परीक्षा देने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने से वह हताश हो गया था। बीती रात युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दोस्तों ने उसे फांसी के फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि कमरे की तफ्तीश करने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

शुभांक

कल्याणः	2738		
दिनः	399	16	277
रातः	780	57	133
तारा:			
दिनः	146	19	225
रातः	256	36	123

साइबर जालसाजों ने युवक को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर धमकाया

अश्लील वीडियो देखने के नाम पर लैब टेक्निशियन से 50 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोबाइल में अश्लील वीडियो देखने का आरोप लगाकर साइबर ठगों ने एक लैब टेक्निशियन से 50 हजार रुपए ठग लिए। आरोपियों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर कार्रवाई का डर दिखाया। पीड़ित को अपने झांसे में लेने के लिए ठगों ने कथित मजिस्ट्रेट से भी बात कराई। कानूनी कार्रवाई की आशंका में पीड़ित ने आरोपियों के कहने पर रुपए ट्रांसफर कर दिए। पुलिस के मुताबिक, 26 वर्षीय सुनील सोनार्थ बांसखेड़ी स्थित सुमित्रा परिसर में रहते हैं और लैब टेक्निशियन हैं।

17 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने आरोप लगाया कि वह मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखते हैं और इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। अचानक लगे आरोप से सुनील घबरा गए। उन्हें आशंका हुई कि कहीं दसवीं में पढ़ने वाले उनके भांजे ने पढ़ाई के लिए मोबाइल इस्तेमाल करते समय कोई वीडियो तो नहीं देख लिया। इसी बीच आरोपियों ने मामला सेटल करने के नाम पर रुपए मांगे। खुद को पुलिस अधिकारी बताकर दबाव बनाया और कथित मजिस्ट्रेट से बात कराकर भरोसा जीतने की कोशिश की। कार्रवाई के डर से सुनील ने 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में उन्हें ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नकली मजिस्ट्रेट से भी कराई बात मामला सेटल करने के नाम पर ऐंठे लाखों रुपए



सेट टॉप बॉक्स ठीक करने टेक्नीशियन बुलाने के लिए गूगल पर नंबर तलाशा, खाते से निकल गए 60 हजार

टाटा प्ले का सेट टॉप बॉक्स ठीक कराने के लिए टेक्नीशियन बुलाना एक दंपती को महंगा पड़ गया। गूगल पर सर्विस सेंटर का नंबर तलाश कर संपर्क करने के बाद साइबर ठग ने फोन पर बताए गए प्रोसीजर के जरिए उनके साथ 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर दी। पीड़ित की शिकायत पर स्टेशन बजरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक खुशीपुरा चांदबड़ स्थित हरि सिद्धि कैंपस निवासी सुमेश चंद्र ने अपनी पत्नी ज्ञानवती के साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञानवती का केनरा बैंक में खाता है, जो उनके पति के मोबाइल नंबर से लिंक है। फरियादी के अनुसार 17 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे उन्हें टाटा प्ले का सेट टॉप बॉक्स ठीक कराने के लिए टेक्नीशियन बुलाना था। इसके लिए उन्होंने गूगल पर सर्विस सेंटर का नंबर तलाश किया और कॉल किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने टेक्नीशियन की बुकिंग के लिए मोबाइल पर कुछ प्रक्रिया पूरी करने को कहा। सुमेश चंद्र उसके बताए अनुसार प्रक्रिया करते रहे। इसके बाद आरोपी ने 10 रुपए फोनपे के जरिए उसके बारकोड पर भेजने को कहा। फरियादी ने 10 रुपए ट्रांसफर कर दिए। फोन करने वाले ने पांच मिनट में बुकिंग होने की बात कही। कुछ देर बाद जब फरियादी ने मोबाइल में बैंक खाते की जानकारी देखी तो उनके होश उड़ गए। उनकी पत्नी के केनरा बैंक खाते से दो बार में कुल 60 हजार रुपए निकल चुके थे।

दुबई से 14 लाख और डायमंड रिंग का गिफ्ट देने का झांसा देकर युवती से 1.23 लाख ठगे

कोलार इलाके में दुबई से महंगा गिफ्ट भेजने का लालच देकर साइबर ठग ने एक युवती को चूना लगा दिया। आरोपी ने दुबई का कारोबारी बनकर युवती से करीब 15 से 20 दिन तक बातचीत की। इसके बाद 14 लाख रुपए नकद और डायमंड रिंग भेजने का झांसा दिया। गिफ्ट भारत पहुंचाने के लिए कस्टम टैक्स और करेंसी कन्वर्जन चार्ज के नाम पर उससे 1 लाख 23 हजार रुपए जमा करा लिए। रकम मिलने के बाद आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय रिंकी रजक सनखेड़ी में रहती हैं।

कुछ दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर उनकी एक व्यक्ति से पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान उसने खुद को दुबई का कारोबारी बताया और युवती को महंगे गिफ्ट भेजने की बात कही। आरोपी ने 14 लाख रुपए नकद और एक डायमंड रिंग भेजने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने गिफ्ट की डिलीवरी के लिए कस्टम टैक्स और अन्य शुल्क जमा करने की बात कही। साथ ही दुबई की करेंसी को भारतीय रुपए में बदलने के लिए कंवर्जन चार्ज भी मांगा। गिफ्ट मिलने की उम्मीद में युवती ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1 लाख 23 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी ने फोन उठाना और बातचीत करना बंद कर दिया। ठगी का पता चलने पर युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोलार के सीआई चौराहे के पास वारदात

खाना खाकर टहल रहे युवक के गले से सोने की चेन लूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खाना खाकर घर के बाहर टहल रहे युवक के गले से दो बदमाश सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। वारदात कोलार के सीआई चौराहे के पास हुई। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कोलार निवासी अंकित श्रीवास्तव खाना खाकर पैदल घर के बाहर टहल रहे थे। जब वह सीआई चौराहे के पास पहुंचे, तभी दो युवक स्कूटी से नजदीक पहुंचे और गले से सोने की चेन छीन ली। अचानक हुई घटना से अंकित संभल पाते, इससे पहले ही दोनों आरोपी मौके से भाग निकले।

पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

वारदात के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लूट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर दोनों युवकों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एटीएम बूथ में मदद के नाम पर कार्ड बदला, बैंक अकाउंट से 87 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एटीएम बूथ पर अनजान लोगों से मदद लेना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पिन जनरेट कराने में मदद करने के बहाने दो युवकों ने उसका डेबिट कार्ड बदल दिया। इसके बाद खाते से 87 हजार रुपए निकाल लिए। शाहपुरा पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ईश्वर नगर निवासी 42 वर्षीय राजेश परमार निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने अपना पैतृक मकान बेचने के बाद मिली रकम पंजाब नेशनल बैंक के खाते में जमा की थी। हाल ही में उन्होंने नया एटीएम कार्ड बनवाया था।

एक अगस्त की रात वह दोस्त के साथ त्रिलंगा स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ पर कार्ड का पिन जनरेट करने पहुंचे थे। प्रक्रिया समझ नहीं आने पर राजेश ने बूथ के बाहर मौजूद दो युवकों से मदद मांगी। युवकों ने उनका कार्ड बदल दिया। राजेश को भनक नहीं लगी। वह घर लौट आए। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से 87 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में स्वयंसेवकों ने किया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस एवं विजयादशमी पर संघ कार्यालय हिरनिया में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संघ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा, समर्पण एवं सनातन संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। संघ की राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा की गौरवशाली परंपरा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विजयदशमी पर्व पर संघ कार्यालय महावीर कॉलोनी में संघ के स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया।

भोपाल रेलवे स्टेशन, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, इटारसी और बीना स्टेशन पर होगा आयोजन

एडीआरएम स्तर के अधिकारी सुनेंगे समस्याएं, रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेल यात्रियों की अक्सर ही ट्रेन में सफर के दौरान गंदगी, पानी की कमी, खाने-पीने की अव्यवस्था या स्लीपर कोच में जनरल टिकट वाले यात्रियों की भीड़ जैसी समस्याओं को लेकर शिकायत देखने को मिलती है, लेकिन कई बार यात्रियों की यह समस्या सही स्तर पर आला-अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती है। जिससे की यह समस्यां बनी रहती है, लेकिन अब इस तरह की समस्यां को दूर करने व यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए यात्री अब अपनी बात सीधे रेलवे के आला अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। इसके लिए रेलवे की ओर से गुरुवार, 22 अक्टूबर को भोपाल रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रेल जनसंवाद आयोजित किया जाएगा।

रेल जनसंवाद में अधिकारी यात्रियों से सीधे बातचीत कर उनकी परेशानियां, अपेक्षाएं और सुझाव जानेंगे। यात्रियों से मिले फीडबैक के आधार पर समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। जनसंवाद में सामने आने वाली समस्याओं और सुझावों की रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भी भेजी जाएगी।

भोपाल रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा



भोपाल और आरकेएमपी में सुबह 11 बजे से संवाद

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों को स्टेशन से लेकर ट्रेन में सफर के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से देशभर में विशेष अभियान 6.0 के तहत 22 अक्टूबर को रेल जनसंवाद आयोजित किया जा रहा है। भोपाल मंडल के भोपाल, रानी कमलापति (आरकेएमपी), इटारसी और बीना सहित प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारी यात्रियों से रूबरू होंगे। भोपाल और आरकेएमपी स्टेशन पर सुबह करीब 11 बजे से एडीआरएम स्तर के अधिकारी यात्रियों की समस्याएं सुनेंगे। यात्री सफाई, पेयजल, खानपान, कोच में भीड़, स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और ट्रेन संचालन से जुड़ी परेशानियों के साथ ही सुविधाओं में सुधार के सुझाव भी दे सकेंगे।

इन मुद्दों पर यात्री दे सकेंगे सुझाव

- **सफाई व्यवस्थाः** स्टेशन और ट्रेन के कोचों में गंदगी की समस्या।
- **पेयजल सुविधाः** स्टेशन और ट्रेन में पानी की उपलब्धता।
- **खानपानः** ट्रेनों में खाने-पीने की गुणवत्ता और उपलब्धता।
- **कोच में भीड़ः** आरक्षित कोचों में अनाधिकृत यात्रियों की मौजूदगी।
- **यात्री सुविधाएंः** प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं।
- **समाधान की उम्मीदः** यात्रियों की शिकायतों और सुझावों के आधार पर सुधार की कार्रवाई।

पत्र लिखकर की एप में सुधार की मांग

ई-अटेंडेंस की व्यावहारिक समस्याओं पर शिक्षकों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के स्कूली शिक्षा व्यवस्था में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता के बाद इसको लेकर विरोध जारी है। इसी बीच अब शासकीय शिक्षक संगठन मप्र लोक शिक्षण आयुक्त को पत्र लिखकर शिक्षकों को ई-अटेंडेंस प्रक्रिया के दौरान आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के निराकरण तथा शिक्षक एप में आवश्यक सुधार किए जाने की मांग की है।

संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रदेश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में भौगोलिक परिस्थितियों, आवागमन की कठिनाइयों और नेटवर्क संबंधी समस्याओं के कारण शिक्षकों को ई-अटेंडेंस दर्ज करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षक हितों एवं शैक्षणिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ई-अटेंडेंस प्रणाली को पारदर्शी एवं व्यावहारिक बनाया जाना आवश्यक है। शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करना आवश्यक है, लेकिन इसके लिए लागू व्यवस्था का व्यावहारिक एवं तकनीकी रूप से विश्वसनीय होना भी उतना ही जरूरी है।

संगठन की प्रमुख मांगें

पत्र में कहा गया है कि शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस एप में लॉगिन का समय सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक तथा लॉगआउट का समय अपराह्न 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया जाए। सुबह की पाली में संचालित विद्यालयों के लिए लॉगिन का समय सुबह 6:30 बजे से 8 बजे तक किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की परिस्थितियों को देखते हुए ई-अटेंडेंस के लिए निर्धारित 6 घंटे की अवधि को घटाकर 5 घंटे किया जाए।

ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि व अच्छी फसल की कामना की

तामोट में भक्तिमय माहौल में निकला मां दुर्गा और काली माता की झांकियों का चल समारोह, जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

ग्राम तामोट में शारदीय नवरात्रि एवं दशहरे का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। दुर्गा नवमी पर गांव में झांकियों में हवन-पूजन एवं आरती की गई। रात में श्रद्धालुओं ने दुर्गा माता और काली माता की आकर्षक झांकियों के दर्शन कर सुख-समृद्धि, गांव के विकास और अच्छी फसल की कामना की।

दशहरे पर शाम 5 बजे दुर्गा माता एवं काली माता की झांकियों का भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह ग्राम के मुख्य बाजार पहुंचा, जहां सभी झांकियां एकत्रित हुईं। इस दौरान तामोट के ग्रामीणों ने माता रानी की पूजा-अर्चना और आरती कर जयकारे लगाए। माता के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।





धामधूसर तालाब में किया विसर्जन

शाम करीब 7 बजे सभी झांकियां विसर्जन के लिए धामधूसर तालाब की ओर रवाना हुईं। यहां ग्रामवासियों ने नम आंखों और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा एवं काली माता को विदाई दी। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से माता रानी के आगमन की कामना की। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल सिंह, धीरेंद्र परसाई, नेन सिंह चौहान, वरिष्ठ नागरिक संजीव चौहान, बाबूलाल चौहान, उत्तम नागर, राजेश चौहान, रामकिशोर चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साह और श्रद्धा के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता की।

हवन-पूजन कर मातारानी से की सुख-समृद्धि की कामना



औबेदुल्लागंज। रेलवे स्टेशन रोड जय मां वैष्णो दरबार दुर्गा उत्सव समिति और एल्डरमैन रामकिशोर नंदवंशी, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, सचिन तिवारी, प्रियंका गुप्ता सहित माता के भक्तों ने देर रात दुर्गा नवमी पर हवन-पूजन कर नगर में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की।



थाने में हुआ शस्त्र पूजन

औबेदुल्लागंज। विजयदशमी पर औबेदुल्लागंज थाने में परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी सलिल शर्मा, थाना प्रभारी टीआई भारत प्रताप सिंह सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।



शास्त्रीय गायन और सैक्सोफोन के सुरों का होगा अनूठा संवाद 24 को मानव संग्रहालय में सजेगी 'पूनम-43' की संगीत संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और सैक्सोफोन की मधुर धुनों का संगम 24 अक्टूबर को भोपाल में एक अनूठे संगीतमय अनुभव का साक्षी बनेगा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय अपनी स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक श्रृंखला 'पूनम' की 43वीं कड़ी 'संवाद' प्रस्तुत करने जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति के सैक्सोफोन वादक हैं जॉर्ज बुक्स

शनिवार को शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर होगा आयोजन

इसमें ध्रुपद गायन के लिए प्रसिद्ध गुंदेचा बंधु और भारतीय शास्त्रीय संगीत तथा जैज के संगम के लिए पहचाने जाने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति के सैक्सोफोन वादक जॉर्ज बुक्स एक साथ सुरों की जुगलबंदी करेंगे। आयोजित होने वाली यह संगीत संध्या भारतीय संगीत परंपरा और पश्चिमी वाद्य संगीत के बीच रचनात्मक संवाद को स्वर देगी। कार्यक्रम में पं. उमाकांत गुंदेचा और अनंत गुंदेचा ध्रुपद गायन प्रस्तुत करेंगे, जबकि जॉर्ज बुक्स अपने सैक्सोफोन की धुनों से इस संगीतमय संवाद को विशेष आयाम देंगे। उनके साथ पं. अखिलेश गुंदेचा पखावज और रामेंद्र सिंह सोलंकी तबले पर संगत करेंगे।



पं. उमाकांत एवं अनंत गुंदेचा।

24 को रवींद्र भवन में सजेगी 'अनमोल यादें' की शाम

भोपाल। हिंदी सिनेमा के महान गायक मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार और गायिकाओं लता मंगेशकर व आशा भोसले के सदाबहार गीतों को समर्पित कार्यक्रम 'अनमोल यादें' का आयोजन 24 अक्टूबर होगा। एंजल म्यूजिक ग्रुप और देवोत्तर सेवा संस्था की ओर से शाम 6 बजे से रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में 30 से अधिक एकल और युगल गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर आशु, निर्देशक असीम कुमार दुबे और संचालक विपिन शर्मा ने बताया कि कि कार्यक्रम में मुंबई के गायक ओम चतुर्वेदी विशेष रूप से शामिल होंगे। इनके अलावा भोपाल के गायक आशु खान, विपिन शर्मा, यश अग्रवाल, मनोहर छाबरिया, विवेक शर्मा, सुनील सोनहिया, डॉ. शेफाली भटनागर और फाल्गुनी पुरोहित भी प्रस्तुति देंगे।

घर के सामने अभ्यास कर सोशल मीडिया पर साझा किए वीडियो

तंग गली से फैशन के रैंप तक... भोपाल की प्रीति ने सपनों को बनाया अपना मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी के लिए घर के सामने की तंग गली महज आने-जाने का रास्ता होती है, तो किसी के लिए वही दुनिया तक पहुंचने का पहला मंच बन जाती है। भोपाल के लहारपुर स्थित रामेश्वरम एक्सटेंशन की झुग्गी बस्ती में रहने वाली 22 वर्षीय प्रीति प्रजापति ने इसी गली में अपने सपनों को आकार देना शुरू किया। न मॉडलिंग का कोई बड़ा संस्थान, न महंगे डिजाइनर परिधान और न ही शुरुआत में कोई पेशेवर मंच। आज प्रीति बड़े रैंप वॉक कार्यक्रमों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही हैं और अब उनकी नजर अंतरराष्ट्रीय फैशन मंचों पर है।



अपने परिवार के साथ प्रीति।



बहन की सिलाई में बुने गए रैंप के सपने

प्रीति की कहानी में उनकी बहन रेखा प्रजापति का योगदान भी उतना ही अहम है। मॉडलिंग के लिए आकर्षक परिधान जरूरी होते हैं, लेकिन हर बार महंगे कपड़े खरीदना परिवार के लिए आसान नहीं था। ऐसे में रेखा ने अपने सिलाई के हुनर को बहन की ताकत बना दिया। उन्होंने प्रीति के लिए अपने हाथों से कपड़े तैयार किए।

जहां सड़क बनी रैंप वहीं से शुरू हुई पहचान

प्रीति घर के सामने की गली में रैंप वॉक का अभ्यास करतीं और अपने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करतीं। धीरे-धीरे वीडियो लोगों तक पहुंचने लगे और उनकी मेहनत को पहचान मिलने लगी।



प्रधान मंडपम में सजेगा हेरिटेज मेला

भोपाल लोक उत्सव में दिखेगा विरासत और समावेशिता का संगम, 'नन्ही उड़ान' होगी खास

हस्तशिल्प, पारंपरिक परिधान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फैशन रनवे के साथ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संस्कृति, पारंपरिक विरासत और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनएच 12 क्रिएटिव वीमेन्स क्लब द्वारा भोपाल लोक उत्सव-हेरिटेज मेला 2026 का आयोजन 21 से 24 अक्टूबर तक प्रधान मंडपम, नर्मदापुरम रोड पर किया जाएगा। इस वर्ष मेले की थीम 'विरासत से विकास और समावेशी समाज' रखी गई है। मेले की आयोजक अंशु गुप्ता ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन में जहां भारतीय कला, हस्तशिल्प और पारंपरिक परिधानों की झलक देखने को मिलेगी, वहीं विशेष बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की पहल भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

चार दिन, संस्कृति और मनोरंजन के विविध रंग

मेले का शुभारंभ 21 अक्टूबर को होगा। 22 अक्टूबर को समावेशी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें शाम को नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक, डाउन सिंड्रोम बच्चों की विशेष कला प्रस्तुति और फैमिली रनवे आयोजित किए जाएंगे। 23 अक्टूबर को हेरिटेज फैशन रनवे मुख्य आकर्षण रहेगा। इसमें भारतीय पारंपरिक परिधानों के जरिए देश की समृद्ध वस्त्र परंपरा और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा। मेले के अंतिम दिन 24 अक्टूबर को शाम की बेला में म्यूजिकल नाइट आयोजित होगी, जिसके साथ चार दिवसीय आयोजन का समापन होगा।

'नन्ही उड़ान' से मिलेगा आत्मनिर्भरता का मंच

मेले का प्रमुख आकर्षण डाउन सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों द्वारा लगाया जाने वाला विशेष स्टॉल नन्ही उड़ान होगा। इसमें बच्चे स्वयं निर्मित कलाकृतियां, हस्तनिर्मित पेंटिंग, राखियां, ज्वेलरी और क्राफ्ट आइटम प्रदर्शित करेंगे और उनका विक्रय भी करेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को पहचान दिलाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है।

भोपाल

फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह के अदम्य साहस को किया याद

शौर्य स्मारक में फिल्म 'श्रद्धांजलि' का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





शौर्य स्मारक के मुक्ताकाश मंच पर सोमवार शाम भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान पर केंद्रित फिल्म 'श्रद्धांजलिह' का प्रदर्शन किया गया।

फिल्म के माध्यम से दर्शकों ने उस वीर सैनिक की शौर्यगाथा को जाना, जिसने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी।

भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सेखों की वीरता को किया प्रदर्शित

फिल्म में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा करते हुए सेखों की वीरता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। दुश्मन के लड़ाकू विमानों का सामना करते हुए उन्होंने अद्वितीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम का परिचय दिया। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने पीछे हटने के बजाय दुश्मन का मुकाबला किया और भारतीय वायुसेना के इतिहास में अपने शौर्य की अमिट छाप छोड़ दी।

बांधवगढ़ में मनाया गया गज शावक कृष्णा का पहला जन्मदिन, सीएम ने रखा था नाम

भोपाल। उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गज शावक कृष्णा का पहला जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। 16 अक्टूबर को जन्मदिन के अवसर पर टाइगर रिजर्व प्रबंधन और महावतों ने विशेष तैयारियां कीं। 16 अक्टूबर 2025 को हथिनी बांधवी के जन्मे शावक का नामकरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 दिसंबर 2025 को किया था। मुख्यमंत्री ने 14 अक्टूबर को उमरिया प्रवास के दौरान कृष्णा का कुशलक्षेम जाना था और उसका जन्मदिन विशेष रूप से मनाने के निर्देश दिए थे।

पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स का मामला

डीपीसी के बाद पदोन्नत तो हुए, पर नई पदस्थापना अटकने से नाराजगी बढ़ी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पिछले दो महीनों में थोक बंद पदोन्नतियां हुई थी। किंतु इसमें से कई कॉडर में पदोन्नति के बाद भी नई पदस्थापना नहीं हुई। अकेले सहायक यंत्री से कार्यपालन यंत्री के पदों पर 170 पदोन्नति हुई थी। ताज्जुब यह है कि अभी तक इनकी नई पदस्थापना नहीं हुई। इसमें आधे आज भी सहायक यंत्री के पद पर ही कार्यरत हैं। इस वजह से इंजीनियरों में बड़े पैमाने पर नाराजगी उभर कर सामने आई है।बताते हैं कि कार्यपालन यंत्री से अधीक्षण यंत्री बने इंजीनियरों के मामले में भी यही हुआ है। कई अधीक्षण यंत्री तो बन गए, पर कार्यपालन यंत्री के पद पर ही कार्यरत हैं। दूसरी तरफ सहायक यंत्री से कार्यपालन यंत्री पद पर पदोन्नत हुए कई इंजीनियर प्रभारी अधीक्षण यंत्री यहां तक कि एक तो प्रभारी मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत है। इससे मैदानी पदस्थापना का पूरा खाका बदल गया है। इसका खामियाजा 70 फीसदी इंजीनियरों को उठाना पड़ रहा है।

आदेश जारी न होने से नहीं हो सका कोई निर्णय

हाल में ही अधीक्षण यंत्री से मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डीपीसी में हुई थी। कायदे से पदोन्नति आदेश जारी हो जाना चाहिए, किंतु अभी तक आदेश ही जारी नहीं हो पाया। इसे लेकर उच्च स्तर पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है।
बताते हैं कि विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली हैं। 15 पदों के लिए नाम पर सहमति बन गई है। इसके बाद भी चीफ इंजीनियर के पद रिक्त रहेंगे।
अभी तक मुख्य अभियंता के लिए पदोन्नति आदेश जारी नहीं हुआ। बताते हैं कि आदेश जारी हो जाने के बाद प्रमुख अभियंता के 6 पदों लिए डीपीसी होगी। किंतु जब तक यह आदेश जारी नहीं हो जाता, तब तक इसमें कुछ नहीं हो सकता। दिलचस्प है कि पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने की वजह से कुछ अधीक्षण यंत्री जिनका लिफाफा पदोन्नति प्रक्रिया में बंद रखा गया है, उन्हें प्रभारी प्रमुख अभियंता के पदों पर पदस्थ किया गया है।

स्थानीय खेल समाचार

बिस्वजीत, दर्शित, अर्जुन, युवान सेमीफाइनल में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का दूसरा दिन

आरके स्पोर्ट्स वर्ल्ड, मीनाल रेजीडेंसी में खेली जा रही श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतर्गत बिस्वजीत, दर्शित, अर्जुन व युवान ने बालक अंडर 19 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बिस्वजीत को छोड़कर सभी वरीयताधारी प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही स्पर्धा के अंडर 19 बालक वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल में टॉप सीड बिस्वजीत सिंह सिकरवार ने अर्धेन्दू उपाध्याय को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 16-14, 12-15, 15-8 से हराकर अंतिम 4 में जगह बनाई. जबकि इसी वर्ग के अन्य क्वार्टर फाइनलस में दर्शित कुमार ने शिरोमणि चक्रवर्ती को 15-12, 15 8 से अर्जुन नायर ने दर्श रावत को 16-14, 10-15, 15-11 से तथा युवान कोली ने शौर्य सूद को 15-17, 15-10, 15-11 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।





अन्य परिणाम

बालक अंडर 9 एकल - चिराग सोनी विवि रणवीर कौशल 15-11, 15-9 दुमथिल विवि दक्षम 15-8, 15-9
व्योम विवि निकुंज 15-9, 15-5 राघव विवि कार्तिकेय 15-9, 15-11
बालक अंडर 11 एकल - एकांश विवि युवराज 15-7, 13-15, 15-10
अथर्व विवि पुष्कर 15-13, 15-9
बालक अंडर 17 एकल- युवराज सिंह विवि ओम विश्वकर्मा 15-4, 15-9 आरुष विवि विदित 15-5, 15-6
बालिका अंडर 11 एकल - अनन्या विवि नव्या यादव 15-10, 15-6
श्रव्या सिंह विवि अवनूर कौर 15-4, 15-8 प्रणवी मित्तल विवि लक्षिता 15-11, 15-11 अन्वी चौरसिया विवि पविका धाकड़ 15-5, 15-6
बालिका अंडर 15 एकल- मेघना विवि अन्याशा 15-17, 15-9, 15-11 अमालिया विवि पूर्णाशी 11-15, 15-10, 15-10

अपने भीतर की बुराइयां खत्म करेंगे, तभी रावण का अंत होगा

बेटियों से दुराचार और नशे की प्रवृत्ति पर जताई चिंता

हर साल रावण जलाते हैं, फिर उसकी बुराइयां क्यों नहीं जलतीं: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विजयादशमी पर भोपाल स्थित अपने निवास पर विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि हर साल रावण का पुतला जलाया जाता है, लेकिन समाज में उसकी बुराइयां आज भी मौजूद हैं। हमें इस पर आत्ममंथन करने की जरूरत है कि आखिर रावण दहन के बाद भी ये बुराइयां क्यों समाप्त नहीं हो रही हैं।



मासूम बेटियों से दुराचार पर जताई पीड़ा

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब किसी मासूम बेटी के साथ दुराचार की घटना होती है, तो मन व्यथित हो उठता है। ऐसी घटनाएं सोचने पर मजबूर करती हैं कि रावण आज भी जिंदा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों का सम्मान, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसी बुराइयों के खिलाफ सभी को एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

नशे का रावण परिवार और देश को कर रहा तबाह

केंद्रीय मंत्री ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। यह देश के भविष्य के लिए भी गंभीर चुनौती है। नशे के इस रावण को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे, ताकि युवा पीढ़ी को सुरक्षित और बेहतर भविष्य मिल सके।

बुराइयों को भी जलाएं

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विजयादशमी केवल रावण का पुतला जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर मौजूद बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का अवसर भी है।

कहा- खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एशियन पैरा गेम्स 2026 के पदक विजेताओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन पैरा गेम्स-2026 के पदक विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में मेन्स 10एम एयर पिस्टल एसएच-1 में मनीष नरवाल तथा मेन्स 65केजी पैरा पॉवरलिफ्टिंग में अशोक को रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेन्स जैवलीन थ्रो एफ53/54 में श्री प्रदीप कुमार को रजत एवं आयुष वर्मा को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमेन्स 10एम एयर पिस्टल एसएच-1 फाइनल में सुश्री सृष्टि अरोरा, विमेन्स सिंगल क्लास 6 पैरा टेबल टेनिस में सुश्री प्राची पाण्डे, विमेन्स सिंगल क्लास 9 पैरा टेबल टेनिस में सुश्री बेबी सहाना रवि, विमेन्स सिंगल क्लास 3 पैरा टेबल टेनिस में सोनलबैन पटेल और विमेन्स सिंगल क्लास 4-5 टेबल टेनिस में सुश्री भाविना पटेल को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेन्स सिंगल्स क्लास 1 पैरा टेबल टेनिस में श्री जेहान दोराब जी, मेन्स शॉट पुट एफ11 में प्रवीण शर्मा और मेन्स 100एम फ्रीस्टाइल एस11 में हिमांशु नंडल को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खिलाड़ियों के शानदार खेल प्रदर्शन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों के अटूट हौसले और कड़े परिश्रम पर भारतवासियों को गर्व है। खिलाड़ियों का जुनून और अथक परिश्रम करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सभी खिलाड़ी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहें, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज क्लीन स्वीप, चौथे सबसे बड़े स्कोर के साथ भारत का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने पुराने तेवरों का शानदार नमूना पेश करके नाबाद 91 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे भारत ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिंबॉब्वे को 92 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने तीसरे टी20 मैच में 7 विकेट खोकर 216 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय महिला टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के 41 गेंदों में नाबाद 91 रन और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 37 गेंद पर 69 रन की मदद से 7 विकेट पर 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिंबॉब्वे की टीम 7 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से शार्नें मायर्स ने 60 और बिलव्ड बिजा ने 44 रन का योगदान दिया लेकिन इससे केवल हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत की तरफ से नंदिनी शर्मा ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए।



स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
शेफाली वर्मा का माकुश्या बो बिजा	69	37	6	5
अनुष्का का ग्वाजुरा बो सिबांडा	28	20	4	1
निकी प्रसाद का फिरि बो ग्वाजुरा	09	12	1	0
हरमनप्रीत कौर नाबाद	91	41	10	5
रिचा घोष का ग्वाजुरा बो बिजा	01	03	0	0
दीप्ति का मुपायिकवा को माकुश्या	00	03	0	0
अरुंधति का चिगोरा बो बिजा	04	02	1	0
प्रेमा रावत रन आउट	04	02	1	0
क्रांति गौड़ नाबाद	00	00	0	0
अतिरिक्त : 10 रन, योग : 20 ओवर में 216/7 रन				
गेंदबाजी : सिबांडा 4-0-33-1, माकुश्या 4-0-45-1, चिगोरा 3-0-40-0, फिरि 3-0-33-0, ग्वाजुरा 2-0-15-1, बिजा 4-0-50-3				
जिंबॉब्वे	रन	गेंद	4	6
केलिस नधलोवु का प्रसाद बो गौड	00	01	0	0
शार्नें मेयर्स का शैफाली बो प्रसाद	60	49	4	4
मोडेस्टर का घोष बो नंदनी	01	04	0	0
बिलड बिजा बो नंदनी	44	50	5	0
न्याशा ग्वाजुला बो रेड्डी	02	07	0	0
ट्रिपानो का शैफाली बो दीप्ति	07	05	1	0
लोरिन का रावत बो नंदनी	01	02	0	0
तेंडाई माकुश्या नाबाद	01	01	0	0
नोमवेलो सिबांडा नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त: 07, कुल: 20 ओवर में 124 रन/7				
गेंदबाजी: क्रांति गौड़ 3-0-19-1, नंदनी शर्मा 4-0-18-3, शैफाली वर्मा 1-0-2-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-26-1, प्रेमा रावत 3-0-36-0, दीप्ति शर्मा 4-0-18-1, निकी प्रसाद 2-0-5-1।				

शेफाली ने टी20 में छक्कों का बनाया रिकॉर्ड

इसी के साथ साल 2026 में शेफाली ने टी20 क्रिकेट 52 छक्के पूरे किए। वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टी20 छक्के लगाने वाली पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं और हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। इतना ही नहीं शेफाली ने साल 2026 में सबसे ज्यादा 47 टी20 इंटरनेशनल छक्के भी लगाए हैं। एक साल में किसी भी महिला क्रिकेटर के टी20 इंटरनेशनल में यह सर्वाधिक छक्के हैं। पिछला रिकॉर्ड 2024 में चमारी अट्टापट्टू ने बनाया था, जब उन्होंने पूरे साल टी20 इंटरनेशनल में 32 छक्के लगाए थे। शैफाली इस मामले में काफी आगे निकल चुकी हैं।

10 फिफ्टी लगाने वाली पहली क्रिकेटर बनी शेफाली

भारतीय महिला टी20 टीम की नवनियुक्त उपकप्तान और स्टार बैटर शेफाली वर्मा ने एक और कीर्तिमान अपने नाम किया। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में लगातार दूसरा पचासा लगाया। साल 2026 में यह उनका 10वां पचासा था। वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी पहले ही बन चुकी थीं। अब वह टी20 इंटरनेशनल में 10 फिफ्टी एक साल में लगाने वाली भी पहली महिला क्रिकेटर बनी हैं। शैफाली वर्मा इस लिस्ट में दिग्गज मिताली राज और स्मृति मंधाना से भी आगे हैं।

हरमनप्रीत हुईं भावुक

पारी के बाद इंटरव्यू के दौरान हरमनप्रीत भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए। यह उनकी कप्तानी छोड़ने के बाद पहली सीरीज थी। 6 अक्टूबर को उन्होंने भारतीय टीम की तीनों फॉर्मेट में कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। इसके बाद स्मृति मंधाना को नया कप्तान बनाया गया।



आईसीसी टी20 रैंकिंग

नंदनी ने लगाई लंबी छलांग, क्रांति को बढ़त

एजेंसी ▶▶ दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद, भारत की नंदनी शर्मा और क्रांति गौड़ को आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद, ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने वनडे रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर की है।

भारतीय गेंदबाजों में नंदनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाई। जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो टी20 मुकाबलों में तीन विकेट लेने के बाद, वह 26 स्थान ऊपर चढ़कर 45वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने पहले मैच में 11 रन देकर दो विकेट लिए थे और अब वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 507 रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। वहीं, क्रांति ने पहले दो मैचों में एक-एक विकेट चटकाए। वह नौ स्थानों की छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

शेफाली चौथे स्थान पर बरकरार

भारत की बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। दूसरे टी20 में 25 गेंदों पर 55 रन बनाने के बाद, शेफाली वर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं, सीरीज के पहले मैच में 37 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद, दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 37वें नंबर पर आ गई हैं।



न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा

न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। जेस केर 5 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि ली इलिंग 6 स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। नैन्सी पटेल 5 स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 35वें नंबर पर आ गई हैं।

रणजी ट्रॉफी: तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी व 66 रन से हराया

साई किशोर ने हैट्रिक समेत चटकाए 10 विकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु ने आर साई किशोर के जबरदस्त खेल के दम पर पिछले सीजन की सेमीफाइनलिस्ट उत्तराखंड की टीम को पारी और 66 रन के अंतर से मात दी। साई किशोर ने मैच में कुल 10 विकेट लिए। इस दौरान दूसरी पारी में हैट्रिक समेत छह शिकार किए। 29 साल के साई तमिलनाडु की तरफ से रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले छठे गेंदबाज हैं।

आर साई किशोर ने जबरदस्त बॉलिंग से तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे राउंड में उत्तराखंड पर पारी व 66 रन से जीत दिलाई। बाएं हाथ के इस फिरकी गेंदबाज ने दूसरी पारी में हैट्रिक ली और मैच में कुल 10 शिकार किए। तमिलनाडु ने गुरजपनीत सिंह व साई किशोर के चार-चार विकेटों से पिछले रणजी सीजन की सेमीफाइनलिस्ट उत्तराखंड की टीम की पहली पारी 134 रन पर ढेर की। फिर प्रदोष रंजन पॉल के 136 रन के बूते 313 रन बनाए। साई किशोर ने दूसरी पारी में 34 रन पर 6 विकेट लेते हुए उत्तराखंड को 113 पर ढेर कर दिया। इससे तमिलनाडु को बोनस पॉइंट के साथ जीत मिली। इस टीम का अगले राउंड में रेलवे से मुकाबला होगा, जो 26 अक्टूबर से शुरू होना है।



साई किशोर ने चटकाए लगातार 3 विकेट

साई किशोर ने उत्तराखंड की दूसरी पारी में लक्ष्य रायचंदानी (19), सौरभ रावत (0) और आदित्य रावत (0) को लगातार तीन गेंदों में आउट किया। उन्होंने पहली बार रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक बनाई है। तमिलनाडु की तरफ से दूसरी पारी में उन्होंने ही गेंदबाजी शुरू की। उनके अलावा अजीत राम ने चार शिकार किए। इससे उत्तराखंड की पारी 45.4 ओवर में सिमट गई। साई ने पहली पारी में 40 रन देकर चार विकेट लिए थे। इस दौरान उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 250 विकेट का आंकड़ा पार किया था। साई किशोर ने उत्तराखंड के सामने 74 रन देकर कुल 10 विकेट निकाले।

यूपी की लगातार दूसरी जीत, गोवा को हराया

रिंकू सिंह इन दिनों इंटरनेशनल टीम से बाहर हैं लेकिन रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के लिए उनका जलवा जारी है। रिंकू सिंह ने लगातार दूसरे मैच में रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले लेग में शतक लगाया और गोवा के खिलाफ मुकाबले में जीत के हीरो भी बने। रिंकू को इस जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया है। यूपी ने गोवा को इस मैच में 68 रन से मात दी। रिंकू सिंह ने इस मुकाबले में पहली पारी में 118 रन बनाए थे और दूसरी पारी में 23 गेंद पर तेज तर्रार 24 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 3 रन दिए और प्लेयर ऑफ द मैच बन गए। वहीं कार्तिक यादव ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेते हुए यूपी को बेहतरीन जीत दिलाई। गोवा की टीम दूसरी पारी में भी 167 रन पर सिमट गई। कार्तिक यादव ने दूसरी पारी में पांच और वंश चौधरी ने 3 विकेट झटके। उत्तर प्रदेश का तीसरा मैच अब 26 अक्टूबर 2026 से पुडुचेरी के खिलाफ होगा।

अंक तालिका में टॉप पर यूपी

एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में उत्तर प्रदेश ने बिहार को पारी और 267 रन से मात दी थी। अब दूसरे मैच में जीत के बाद यूपी अपने ग्रुप में 13 अंक के साथ टॉप पर पहुंच गई है। वहीं बड़ौदा की टीम पहले मैच में गोवा और अब बिहार को हराते हुए 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर आ गई है। इसी ग्रुप में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने पुडुचेरी और जम्मू कश्मीर को हराकर 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर अंकतालिका में जगह बनाई।

खबर संक्षेप



शेफाली ने किया नियम का उल्लंघन, लगी फटकार

दुबई। शेफाली वर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में एक कैच छूटने के बाद हताशा में मैदान पर गेंद जमीन पर फेंकने के कारण आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। रायपुर में रविवार को भारत की 9 विकेट से जीत के दौरान 22 वर्ष की शेफाली को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्हें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के उपकरणों या कपड़ों, मैदान के उपकरणों, या साजो सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: दर्शकों को मिलेगी फ्री में एंट्री

नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैचों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने यह घोषणा की। जालंधर स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम और मोहाली स्थित ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में कुल मिलाकर 20 मैच खेले जाएंगे। लीग चरण के सभी मैच 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर में खेले जाएंगे जबकि सेमीफाइनल और फाइनल 4 और 5 नवंबर को मोहाली में होंगे।

स्टार्क ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए 450 विकेट

एजेंसी ▶▶ ग्केबेर्हा

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने यह उपलब्धि दूसरे टेस्ट की पहली पारी में हासिल की, जब तीसरे दिन की शुरुआत में उन्होंने वियान मुल्डर को आउट किया।

इसी के साथ स्टार्क टेस्ट करियर में 450 विकेट हासिल करने वाले ग्लेन मैक्ग्रा के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं।



बने दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज

109 मुकाबलों में छुआ आंकड़ा

मिचेल स्टार्क ने सिर्फ 109 मुकाबलों में 450 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। इसी के साथ स्टार्क सबसे कम मुकाबलों में इस आंकड़े को छूने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्ग्रा ने ऐसा 100वें टेस्ट मैच में किया था, जबकि शेन वॉर्न ने यहां तक पहुंचने के लिए 101 मुकाबले खेले। वैश्विक स्तर पर बात करें, तो मुथैया मुरलीधरन इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 80 टेस्ट मुकाबलों में यह आंकड़ा छुआ था। वहीं, भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (89) इस फेहरिस्त में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने किया सीरीज पर कब्जा, न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मैच को 40 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरा टी20 भी जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच इसी मैदान पर 22 अक्टूबर को खेला जाना है।

सिडनी में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी : ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 167 रन बनाए। इस टीम ने 41 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बेथ मूनी ने एशले गार्डनर के साथ चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 60 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। इस टीम को 10 के स्कोर पर जॉर्जिया प्लिमर (6) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने फ्लोरा डेवोनशायर (12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 रन, जबकि मैडी ग्रीन (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया।

टेनिस

निंगबो ओपन नहीं खेलेंगी इगा डब्ल्यूटीए रेस से हुईं बाहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने निंगबो ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही वह डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंचने की रेस से भी बाहर हो गई हैं।

स्वियातेक ने यह फैसला अपनी जांघ की चोट के कारण लिया है। उन्हें यह चोट वुहान ओपन के सेमीफाइनल में अपनी ही देश की खिलाड़ी माजा चवालिनस्का के खिलाफ खेलते समय लगी थी। इस फैसले के साथ ही पोलैंड की इस खिलाड़ी के लिए डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सीधे क्वालीफाई करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। अब उनके पास साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में खेलने का एकमात्र तरीका यह है कि वह एक वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर इसमें शामिल हों।

खुद को आराम देने का सही फैसला

स्वियातेक ने कहा, काफी सोच-विचार के बाद मैंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे अपनी बाईं जांघ में लगातार परेशानी हो रही है। मुझे लगता है कि खुद को आराम देने और ठीक होने के लिए समय देना ही सही फैसला है।" उन्होंने आगे कहा, मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित थी। मैं टूर्नामेंट के आयोजकों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो मुझे खेलते हुए देखना चाहते थे। मुझे अगले साल फिर से यहां आने का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर

2023 की डब्ल्यूटीए फाइनल्स विजेता स्वियातेक, फिलहाल साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन के लिए अब केवल एक ही जगह बची है। स्वियातेक के साथ इस जगह के लिए चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा भी रेस में थीं, जो फिलहाल सातवें स्थान पर हैं।

दमदार प्रदर्शन के चलते पलक सिंह और श्रेया श्रीवास को मिला मौका

डब्ल्यूपीएल ऑक्शन में छत्तीसगढ़ की दो बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 का ऑक्शन 28 अक्टूबर को कोच्चि में होना है। इस ऑक्शन के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर-19 महिला खिलाड़ी पलक सिंह और श्रेया श्रीवास का भी चयन हुआ है। पलक सिंह का प्रदर्शन पिछले साल घरेलू क्रिकेट में अच्छा रहा था और उन्होंने 5 मुकाबलों में कुल 8 विकेट चटकाए थे।

पलक ने पिछले साल आयोजित डब्ल्यूपीएल स्पीड क्वीन में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। पलक 106 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। वहीं, श्रेया श्रीवास ने पिछले वर्ष दमदार प्रदर्शन करते हुए 17 विकेट निकाले थे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इन दोनों खिलाड़ियों के नाम पर कौन सी फ्रेंचाइजी बोली लगाती है।







146 खिलाड़ियों के नामों पर लगेंगी बोली

महिला प्रीमियर लीग 2027 में कुल 146 खिलाड़ियों के नामों पर बोली लगनी है। इसमें भारत की जी कमलिनी, स्टार ऑलराउंडर स्नेह राणा, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान सोफी मोलिनेक्स और श्रीलंका की कैप्टन चमारी अटापट्टू शामिल हैं। ऑक्शन पूल में 119 भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी गई है, जिसमें 22 कैप्ड और 97 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि, फ्रेंचाइजियों के पास बस 27 स्लॉट की उपलब्ध हैं, जिनके लिए उन्हें खिलाड़ियों पर बोली लगानी है।

विदेशी प्लेयर्स के लिए 7 स्लॉट बाकी

27 में से सिर्फ 7 स्लॉट ही विदेशी प्लेयर्स के लिए बाकी हैं। वहीं, घरेलू खिलाड़ियों के लिए 20 स्लॉट उपलब्ध हैं। ऑक्शन में इस बार सर्वाधिक बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा गया है। सिर्फ सोफी मोलिनेक्स और इंग्लैंड की सोफिया डंकली का ही बेस प्राइस 50 लाख है। डंकली इससे पहले 2024 में गुजरात जायंट्स की तरफ से खेल चुकी हैं। वहीं, मोलिनेक्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा रह चुकी हैं।

कमलिनी ने रखा बेस प्राइस 40 लाख

मुंबई इंडियंस से रिलीज किए जाने के बाद कमलिनी ने अपना बेस प्राइस 40 लाख रुपये रखा है। वहीं, किरण नवगिरे ऑस्ट्रेलिया की जेस जोनासन और हीथर ग्राहम ने भी अपना बेस प्राइस 40 लाख रुपए रखा है। स्नेह राणा और चमारी अटापट्टू ने अपना बेस प्राइस 30 लाख रुपए रखा है। वहीं, तीन खिलाड़ियों ने 20 लाख के बेस प्राइस में अपना नाम दर्ज कराया है। ऑक्शन में सबसे ज्यादा पर्स के साथ यूपी वॉरियर्स उतरने वाली है। यूपी के पर्स में 3.75 करोड़ रुपए हैं। ऑक्शन से पहले टीम ने कुल 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया है।



विजयादशमी पर कन्याभोज व भंडारे के साथ मां अंबे की विदाई, 3 दिन तक चलेगा विसर्जन

माता को सिंदूर-गुलाल से दी विदाई, ढोल-नगाड़ों पर गूंजा...एक दो तीन चार, दुर्गाजी की जय जयकार

सिंदूर खेलते हुए निकली विदाई शोभायात्रा, घाटों पर पहुंचीं झांकियां, नगर निगम की पहल पर समितियों ने छोड़ा प्लास्टिक, स्वच्छता पखवाड़े को मिला समर्थन, छोटी प्रतिमाओं का कुंड में विसर्जन


कमलापति घाट पर मां दुर्गा की विदाई, जयकारों के साथ भक्तों ने किया विसर्जन।

- एक दो तीन चार, दुर्गा जी की जय जयकार के लगे जयकारे, ढोल नगाड़ो के साथ गुलाल की बौछार
- छोटी प्रतिमाओं को कुंड में किया विसर्जित लोगों को नहीं उतरने दिया पानी में


प्रेमपुरा घाट पर पानी में विसर्जित होती प्रतिमा।

दिनभर चले भंडारे

दशहरा के दिन ज्यादातर समितियों व मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। टीटी नगर, एमपी नगर, शाहपुरा समेत दुर्गा पंडालो मे दोपहर से कन्या भोज व भंडारे होते रहे। श्रद्धालुओं की कतार लगातार पंडालो में दिखी जो कि प्रसादी ग्रहण करने के लिए आये थे। भक्तों ने मां की प्रसादी लेकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में मंगलवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के दुर्गा झांकी पंडालों में सुबह से ही कन्याभोज व भंडारे के आयोजन किये गए। अलग अलग क्षेत्रो में समितियों ने शाम तक भंडारे किये। शाम होते ही समितियों ने मां जगदंबे को विदाई दी। छोटी व बड़ी प्रतिमाओ को झांकी पंडाल से लेकर आस पास के कालोनियों में सिंदूर खेलते हुए जयकारे लगाये गए। इस दौरान ढोल नगाड़े बजते रहे। समीतियों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित विसर्जन घाटों में मां जगदंबा की प्रतिमा लेकर गए। भोपाल में दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन 3 दिन तक चलेगा।

भंडारों में सिंगल यूज प्लॉस्टिक छोड़कर स्टील की थालियों में खिलाया खाना



स्वच्छता में एक कदम आगे बढ़ाते हुए नगर निगम ने एनजीओ की मदद से दुर्गा झांकी समिति पदाधिकारियों की मदद से सिंगल यूज प्लॉस्टिक और पॉलिथीन को नजरअंदाज करते हुए स्टील की थालियों में भंडारे कराए। जिससे शहर में नवमीं और दशहरा के दिन होने वाले भंडारे जीरो वेस्ट रहे। नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राजधानी में जीरो वेस्ट आयोजनों को प्रोत्साहित किया है। जिसमें निगम अमले की समझाइश पर झांकी समितियों के पदाधिकारियों ने भंडारे में स्टील की थालियों और बर्तनों का उपयोग किया। दरअसल निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वार्डों और जोन में दुर्गा उत्सव समितियों, व्यवसायियों व रहवासियों को जीरो वेस्ट आयोजन करने की समझाइश दी थी। इसका असर साफ तौर पर दिखाई दिया। कई जगहों पर समितियों ने न केवल जीरो वेस्ट पंडाल बनाए, बल्कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट में कमी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निगम ने गतिविधियों का आयोजन किया।


ढोल-नगाड़ों के साथ कमलापति घाट पर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन।


प्रेमपुरा घाट पर माता की अंतिम आरती के बाद विसर्जन करते श्रद्धालु।


खटलापुरा घाट पर मां दुर्गा को नम आंखों से भक्तों ने किया विदा।

सीएम ने मुख्यमंत्री निवास में किया कन्या पूजन



- *सनातन परम्परा का निर्वहन, तिलक-चुनरी और भेंट से किया सम्मान*
- *मुख्यमंत्री ने लिया कन्याओं का आशीर्वाद, हाथों से परोसा प्रसाद*


मुख्यमंत्री आवास में कन्याओं को कन्याभोज कराते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में आज विधि-विधान से कन्या पूजन किया। उन्होंने कन्याओं के चरण पखार कर तिलक किया, चुनरी ओढ़ाई और अपने हाथों से भोजन परोसा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कन्याओं का आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने सनातन परम्परा के प्रतीक कन्या पूजन पर कन्याओं को दुलार कर उन्हें भेंट प्रदान की।

गंभीर घायल कल्पना परिहार को एयरलिफ्ट कर भोपाल एम्स भेजा

भोपाल। ग्वालियर में शनिवार को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 19 वर्षीय कल्पना परिहार निवासी थाटीपुर, ग्वालियर को मंगलवार एयर एंबुलेंस से एम्स भोपाल एयरलिफ्ट किया गया। उनके पैरों में फ्रैक्चर एवं पेट में गंभीर चोटें आई हैं। इससे पहले एक मरीज संजय शर्मा 36 वर्षीय निवासी करनाल साहब की ड्योढी ग्वालियर, जिन्हें हाथ एवं पैरों में फ्रैक्चर की गंभीर चोटें आई थी, को भी 19 अक्टूबर को भोपाल एम्स शिफ्ट किया गया। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से यह व्यवस्था की गई। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. एस. सागर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं एयर एम्बुलेंस नोडल डॉ. दीपाली माथुर, जेएएच अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सेना तथा चिकित्सक डॉ. विवेक कामत, डॉ. विजय धाकड़ एवं डॉ. विपिन गर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मरीज का स्वास्थ्य स्थिर होने पर बेहतर उपचार के लिए भोपाल भेजा गया है।

नशामुक्त एवं मांसाहार मुक्त जीवन अपनाकर जीवन को सफल बनाएं : शुक्ल

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नशामुक्त एवं मांसाहार मुक्त जीवन अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। नशा नाश की जड़ है और नशे की प्रवृत्ति व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करती है। सुसंस्कृत, स्वस्थ एवं संस्कारवान समाज ही विकसित भारत के संकल्प को अक्षुण्ण बनाए रख सकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का नेतृत्व करे, यह केवल भारत की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व की आवश्यकता है।



750 से अधिक साधकों ने 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दी पूर्णाहुति

गायत्री साधना, यज्ञोपवीत संस्कार से महिलाओं के लिए भी खुला आत्मिक उन्नति का मार्ग

एक दर्जन महिलाओं ने कराया यज्ञोपवीत संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर में दशहरा पर्व के अवसर पर नवरात्रि गायत्री महामंत्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर 750 से अधिक साधकों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर लोकमंगल एवं आत्मकल्याण की कामना की। इस अवसर पर डॉ सदानंद अंबेकर ने कहा कि साधना का तात्पर्य अनगढ़ जीवन को सुगढ़ बनाना है।

साधना से व्यक्ति के विचार, व्यवहार और जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आता है। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राजेश पटेल ने साधकों से आग्रह किया कि वे साधना से प्राप्त पुण्यफल को लोकमंगल में लगाने आराधना का क्रम भी अपनाएं।


पूर्णाहुति करते गायत्री परिवार के सदस्य।



यज्ञोपवीत संस्कार रहा विशेष आकर्षण

कार्यक्रम में विशेष रूप से एक दर्जन महिलाओं का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षण प्रभारी रमेश अभिलाषी ने कहा कि गायत्री साधना और यज्ञोपवीत के माध्यम से आत्मिक उन्नति का मार्ग महिलाओं के लिए भी खुला है। प्राचीन वैदिक काल में गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी विदुषियों ने वैदिक ज्ञान एवं ऋचाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया।

पवित्र आचरण की दिलाई शपथ

उन्होंने बताया कि यज्ञोपवीत केवल एक धागा नहीं, बल्कि गायत्री माता के प्रतीक के रूप में धारण किया जाने वाला पवित्र संस्कार है, जो जीवनभर सत्कर्म करने तथा अपने आचरण को पवित्र बनाए रखने की प्रेरणा देता है। महायज्ञ के साथ दीक्षा, पुंसवन, नामकरण, मुंडन एवं जन्मदिवस संस्कार भी संपन्न कराए गए। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930